
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025


## पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरुआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को शेष पेज 2 पर

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल की नर्मदा यात्रा पर लिखी गई पुस्तक का संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत कल इंदौर में करेंगे विमोचन

# 30 साल पहले लिखी गई 'परिक्रमा कृपा सार' पुस्तक में मेरे गुरुदेव ने जो कहा है वो परिक्रमा का सार है, जो मैंने लिखा वो कृपा सार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

प्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अपनी नर्मदा यात्रा परिक्रमा के आध्यात्मिक अनुभवों को किताब की शक्ल में लेकर आ रहे हैं। इस किताब 'परिक्रमा कृपा सार' का विमोचन संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हाथों 14 सितंबर को इंदौर में होने जा रहा है।

पटेल का कहना है कि नर्मदा और नर्मदा के परिक्रमा वासी मेरे लिए सिर्फ श्रद्धा का केंद्र हैं। ये पुस्तक 30 साल पहले जब लिखी गई थी, तभी मैंने इसका विभाजन कर दिया था। मेरे गुरुदेव ने जो कहा है वो परिक्रमा का शेष पेज 2 पर

**मप्र नदियों का मायका है ये बात सच है, हम नर्मदा का गंगा बेसिन, गोदावरी बेसिन में पानी देते हैं। सीधे अरब सागर में पानी देते हैं**



*हमारे पास कैचमेंट है, इतनी जलराशि के बाद भी अगर कुछ जगह पानी का स्त्रोत नहीं हो तो ये विचारणीय है*

### प्रदेश में 106 नदियों के उद्गम सुरक्षित रहेंगे, तो वे बारहमासी होंगी

पटेल ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा के बाद मुझमें जमीन आसमान का अंतर है। ये मैं गर्व से कहता हूं। आज भी प्रहलाद पटेल हूं, पर वो नहीं। दोष हम में है, शारीरिक मानसिक कमजोरियां आती हैं, सच्चाई ये है कि उस प्रहलाद पटेल में और इसमें बहुत अंतर है। प्रदेश में 106 नदियों के उद्गम सुरक्षित रहेंगे, तो नदियां बारहमासी होंगी। वो बारहमासी होंगी तो नर्मदा जैसी नदी बारहमासी हो जाएगी। अन्यथा संकट है। संकट को हम छिपाएं या बताएं तो भी भला नहीं है। हमें चेतना पड़ेगा, सच कहने और सच सुनने की आदत डालनी होगी। मध्य प्रदेश नदियों का मायका है ये बात सच है। इतनी जल राशि किसी के पास नहीं है। हम नर्मदा का गंगा बेसिन, गोदावरी बेसिन में पानी देते हैं। सीधे अरब सागर में पानी देते हैं। हमारे पास कैचमेंट है। इतनी जलराशि के बाद भी अगर कुछ जगह पानी का स्त्रोत नहीं हो तो ये विचारणीय है।

### 30 साल में बहुत कुछ बदल गया

पटेल ने बताया कि 30 साल पहले मैंने सूर्य पाणेश्वर मंदिर की ध्वजा और कलश को देखा था। आज वो नहीं है। तीस साल पहले धारा जी, काजल रानी, सात माता मंदिर, ओंकारेश्वर के पास में 24 अवतार जो देखे सब खत्म हो गए। मेरे पास 72 घंटे की मैनुअल वीडियोग्राफी है। ये ऐसी चीजे हैं, जो आने वाले नौजवानों का प्रेरणा देगी। तब यात्रा कितनी कष्टसाध्य थी।

## खबर संक्षेप

### कंगना को झटका, कोर्ट ने रद्द की याचिका



**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। रनौत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इन्कार किया है। किसान आंदोलन से जुड़े मामले पर कंगना ने अपनी याचिका वापस ले ली है। कोर्ट ने कहा कि हम आपकी ट्वीट पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे इससे ट्रायल पर असर पड़ेगा। ये एक साधारण री ट्वीट नहीं था। इसमे आपकी टिप्पणी भी शामिल थी।

### क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियो के दुरुपयोग को चुनौती संबंधी जनहित याचिका को बेहद गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसी के साथ महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित करते हुए सभी क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक लगा दी। अब सुनवाई 25 सितंबर को होगी। अधिवक्ता अरिहंत और विदित शाह ने याचिका दायर की थी।

### कार-बाइक की टक्कर के बाद 6 पर फेंका एसिड



**राजगढ़।** जलालपुरा गांव के समीप रात्रि एक कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना के बाद कार सवार लोगों से बाइक सवार दो पिता-पुत्रों का विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि बाइक सवार पिता-पुत्र के पक्ष में अन्य लोग भी शामिल हो गए और कार सवार छह व्यक्तियों पर एसिड फेंक दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची कालीपीठ पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था करवाई।

मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर

# हिंसा के बाद पहली बार पीएम मणिपुर के दौरे पर, 8500 करोड़ की देंगे सौगात

*मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

**दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प**



**बाकी 4 राज्यों का भी दौरा**

इंफाल के बाद पीएम मोदी असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वहीं, 14 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल और बिहार रहेंगे। 15 सितंबर को शेष पेज 2 पर

**प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे**

**वे यहां आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे**

### नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया

मोदी के शनिवार को मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। वे मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचेंगे। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अवांछित वस्तु या व्यक्ति की जांच की जा सके।

### उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके।

राज्य सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम

# 13 डिप्टी कलेक्टरों सहित 110 पदों के लिए चयन सूची भी जारी

**21 से 26 अक्टूबर 2024 तक हुई मुख्य परीक्षा**

**18 से 29 अगस्त 2025 तक इंटरव्यू हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को राज्य सेवा परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 110 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा परिणाम के साथ मेरिट सूची भी जारी की गई है। जिसमें 13 पद डिप्टी कलेक्टर के हैं।

इसमें 8 पद पुरूष और 5 पद महिलाओं के पास गए हैं। वहीं उप पुलिस अधीक्षक के 19 पदों में 13 पद पुरूष और 6 पद महिलाओं के पास गए हैं। इसके अलावा मप्र वित्त सेवा के 26, सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा (वित्त विभाग) के एक पद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी ख के लिए एक, अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत) के 6




पद, वाणिज्य कर निरीक्षक के 9 पद सहित अन्य शामिल हैं। इन पदों की पूर्ति के लिए राज्य सेवा परीक्षा-2024 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा के बाद राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 21 अक्टूबर 2024 से 26 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा का परिणाम 5 मार्च 2025 को घोषित किया गया था। जिसके बाद अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार 18 अगस्त 2025 से 29 अगस्त 2025 तक आयोजित किए गए थे।

सड़क पर की फायरिंग में महिला की मौत

# ग्वालियर में पत्नी के चेहरे को गोलियों से 'भून' डाला

**पुलिस पर भी पिस्टल तानी कार चढ़ाने की कोशिश भी कर चुका था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



अरविंद परिहार आरोपी

ग्वालियर में शुक्रवार दोपहर को एक महिला को गोलियों से भून दिया गया। घटना रूपसिंह स्टेडियम के सामने की है। यहां बदमाश ने उसे रोका और उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस पर भी पिस्टल तान दी। पुलिस ने उसे काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। कड़ी मशक्कत के बाद उसे पकड़ा। उसकी पिटाई भी की। फिर उसे उठाकर थाने ले गई। महिला को 4-5 गोली लगी है। उसे अस्पताल ले



जाया गया है। जहां उसकी मौत हो गई। दोनों ने लव मैरिज की थी। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। गोली चलाने वाले का नाम अरविंद परिहार है। अरविंद ने नंदिनी परिहार से आर्य समाज मंदिर से शादी की थी। अरविंद पेशे से ठेकेदार है। उसने करीब 10 महीने पहले नंदिनी, उसके बेटे और मां को कार से कुचलने की कोशिश की थी।

भारतीय मूल के व्यक्ति की बेरहमी से हत्या

## परिवार के सामने गर्दन काटी पार्किंग में लुढ़काता रहा सिर



**टूटी वॉशिंग मशीन को यूज करने से मना किया था**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक भारतीय की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। उसके कर्मचारी ने मामूली बात पर उसका सिर धारदार हथियार से काट डाला और फिर कटे हुए सिर पर लात मारी। जब इससे भी मन नहीं भरा, तो उसने सिर को उठाकर कूड़ेदान ने फेंक दिया।मामला अमेरिका के डलास शहर का है। यहां एक मोटल में काम करने वाले व्यक्ति योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज पर एक भारतीय की हत्या का आरोप है। घटना शेष पेज 2 पर

स्पाइसजेट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग

## टेक ऑफ करते ही एयरपोर्ट पर गिरा विमान का पहिया



**उस वक्त विमान में 75 यात्री सवार थे**

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट क्यू400 विमान में शुक्रवार को कांडला हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी आ गई। विमान का एक बाहरी पहिया गिर गया। इस विमान में 75 यात्री सवार थे और यह मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला था। एयरलाइन के प्रवक्ता के अनुसार विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा और किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई। घटना की जांच जारी है। गुजरात के कांडला से मुंबई आने वाली स्पाइसजेट की एक उड़ान में शेष पेज 2 पर

फिल्म जॉली एलएलबी 3

## अक्षय कुमार सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब



**फिल्म के गाने भाई वकील है को चुनौती का मामला**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने फिल्म जॉली एलएलबी-थ्री के गाने भाई वकील है, को चुनौती के मामले में अभिनेता अक्षय कुमार व अरशद वारसी के अलावा निर्माता आलोक जैन-अजित अंधारे व निर्देशक सुभाष कपूर सहित अन्य नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसके लिए 17 सितंबर तक का समय दिया है। फिल्म की रिलीज डेट 19 सितंबर है। जनहित याचिका में राज्य शासन, शेष पेज 2 पर

पटाखा बैन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

कोर्ट ने ये भी कहा साफ हवा पूरे देश की जरूरत है

# कहा- दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं बन सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण के चलते बीते कई साल से दिवाली पर पटाखे बैन के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि दिल्ली के लिए विशेष नियम नहीं हो सकते।

दिल्ली में पटाखा बैन पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ दिल्ली में पटाखा बैन नहीं कर सकते। अगर पटाखे बैन हों तो पूरे देश में हों। सुप्रीम कोर्ट ने



शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि प्रदूषण खत्म करने के लिए कोई भी नीति सिर्फ दिल्ली के लिए लागू नहीं रह सकती क्योंकि यहां पर देश के एलीट लोग रहते हैं। अगर एनसीआर के लोगों को साफ हवा का अधिकार है तो देश के अन्य शहरों के नागरिकों को क्यों नहीं? चीफ जस्टिस बीआर गवई ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रदूषण से निपटने के लिए जो भी नीति हो वो पूरे देश में लागू होनी चाहिए। हम कोई भी पॉलिसी सिर्फ दिल्ली के लिए नहीं बना सकते क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां 3 अप्रैल के अपने उस आदेश के खिलाफ डाली गई याचिका पर की जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, जमाखोरी, ट्रांसपोर्टेशन और बनाने पर रोक लगा दी थी।

*बेंगलुरू स्थित विधान सौध में आयोजित 11 वे राष्ट्र मंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने प्रथम वक्ता के रूप में विषय प्रवर्तन किया*

जीवंत लोकतंत्र

वही जिसमें विधायी मंचों पर होने वाला संवाद सार्थक और समाज की आवाज बने

# विधायिका केवल सत्ता परिवर्तन का उपकरण न बने बल्कि वह 'सामाजिक परिवर्तन' का संवाहक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेंगलुरू स्थित विधान सौध में आयोजित 11 वें राष्ट्र मंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के दूसरे दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सम्मेलन के प्रथम वक्ता के रूप में उदबोधन देते हुए विषय का प्रवर्तन किया।

सम्मेलन का विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा : जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' था। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरवंश, राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष, विधानमंडलों शेष पेज 2 पर

**मप्र विधान सभा ने अपनी कार्यप्रणाली में नवाचारों को अपनाते हुए संवाद को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया**



### हम युवा पीढ़ी को विधायी प्रक्रिया से जोड़ें

तोमर ने सुझाव देते हुए कहा कि आज जब हम नवाचार, पारदर्शिता और सहभागिता की बात करते हैं, तो यह भी आवश्यक है कि हम युवा पीढ़ी को विधायी प्रक्रिया से जोड़ें। मध्यप्रदेश विधान सभा इस दिशा में भी आगे बढ़ शेष पेज 2 पर

**जनता को विधान प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का कार्य कर रही मप्र विधानसभा**

*तोमर ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में यह और भी आवश्यक हो जाता है कि विधायिका केवल सत्ता परिवर्तन का उपकरण न बने, बल्कि वह सामाजिक परिवर्तन का संवाहक बने। जब सदन में किसानों की समस्या, महिला सुरक्षा, युवाओं की शिक्षा, आदिवासी कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी विकास जैसे विषयों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा होती है, तभी जनता के मन में यह विश्वास जागृत होता है कि* शेष पेज 2 पर

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 13 सितंबर 2025





महालक्ष्मी व्रत कल, महिलाएं करेंगी हाथी की पूजा... 4



भरतनाट्यम की मुद्राओं और कथक की थिरकनों ने... 8



सीबीआई, टेलीकॉम ऑफिसर बनकर धमकाया, जेल भेजने की धमकी भी दी

## भेल से रिटायर्ड सुपरवाइजर को किया डिजिटल अरेस्ट जालसाजों ने 68 लाख 30 हजार रुपए कराए ट्रांसफर

*जालसाजों ने कहा, आपके आधार कार्ड से सिम जारी कर गलत इस्तेमाल हुआ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल से रिटायर्ड सुपरवाइजर को डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। साइबर जालसाजों ने उन्हें टेलीकॉम अधिकारी और सी बी आ ई ऑफिसर बनकर कॉल किया था।



उन्हें कहा गया कि आपके आधार कार्ड से सिम जारी की गई है और मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल किया गया है। अब आपको जेल जाना पड़ सकता है। जेल नहीं जाने के बदले आरोपियों ने उनसे 68 लाख 30 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए।

◆ साइबर क्राइम ब्रांच ने दर्ज की अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर

### वाटसएप पर आया था कॉल

साइबर क्राइम ब्रांच ने बताया कि विनोद कुमार गुप्ता (71) एलआईजी-488 एफ सेक्टर, अयोध्या नगर में रहते हैं और भेल में सुपरवाइजर के पद से रिटायर्ड हैं। उन्होंने साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत करते हुए बताया कि उन्हें वाट्सएप पर कॉल आया था। कॉलर ने खुद को टेलीकोम विभाग से टेलीकॉम ऑफिसर और सीबीआई ऑफिसर बताया। उसने कहा कि दिल्ली के चांदनी चौक में आपने अपने आधार कार्ड से एक सिम रजिस्ट्रेड कराई है। उक्त सिम का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है।

### दो महीने से पीड़ित से संपर्क में थे जालसाज

करीब दो महीने से जालसाज उनसे जुड़े हुए थे। दो महीने तक डिजिटल अरेस्ट की बात साइबर क्राइम ब्रांच के गले नहीं उतर रही है। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### खाते में 68 करोड़ काला धन होने का दिया हवाला

साइबर जालसाजों ने पीड़ित से कहा कि आपके नाम की आईसीआईसीआई बैंक की पासबुक मिली है। आपके खाते में 68 करोड़ रुपए का काला धन और ड्रग्स तस्करी के प्रमाण मिले हैं। इसके अलावा इंसानों के शरीर के अंगों की तस्करी की भी बात सामने आई है। जिससे आपके खिलाफ मानव तस्करी एंव मनी लान्ड्रिंग का केस दर्ज होगा। इस केस में आपको जेल जाना पड़ेगा। करीब दो महीने तक धमकी देते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर रखा गया। आरोपियों ने डरा धमका कर उनसे 68 लाख 30 हजार रुपए अलग अलग खातों में ट्रांसफर कराए हैं।

*निगम के प्रत्येक वार्ड में लगाए जाएंगे दो राजस्व वसूली शिविर*

## 50 हजार तक के संपत्ति कर बकाया पर मिलेगी अधिभार में 100% छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल लोक अदालत के मद्देनजर शनिवार को नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में दो राजस्व वसूली शिविर करदाताओं की सुविधा के लिए लगाए जाएंगे। इन शिविर में संपत्ति कर व जलदर के अधिभार में शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन छूट दी जा रही है। साथ ही प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

वहीं 50 हजार से अधिक और एक लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। एक लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक की राशि बकाया है ऐसे प्रकरणों में अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं 10 हजार रुपए से अधिक 50 हजार रुपए तक की राशि पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।




*जोन और वार्ड प्रभारियों को सौंपी जिम्मेदारी*

### लोक अदालत में निगम ने 21 करोड़ वसूली का रखा टारगेट

*छह फीसद की छूट देकर शहर के लोगों से 31 अगस्त तक प्रॉपर्टी और अन्य टैक्स जमा कराने के बाद नगर निगम ने शनिवार 13 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए एक दिन में 21 करोड़ रुपए की वसूली का टॉरगेट रखा है। जिसके लिए 21 जोन और 85 वार्डों के प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोन स्तर पर 50 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ रुपए तक की वसूली का लक्ष्य मिला है। इनमें जोन-13 को सबसे अधिक एक करोड़ 60 लाख रुपए, जोन-12 को एक करोड़ 50 लाख, जोन-10 और जोन-21 को एक करोड़ 30-30 लाख का लक्ष्य दिया है। इसके अलावा जोन-16, जोन-18 और जोन-19 को एक करोड़ 25-25 लाख और जोन-18 को एक करोड़ 15 लाख रुपए का लक्ष्य मिला है।*

### वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशियों पर ही छूट

50 हजार रुपए से अधिक होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशियों पर ही छूट दी जा रही है। छूट प्राप्त करने के बाद अधिकतम दो किस्तों में राशि जमा कराई जाएगी और लोक अदालत के दिन कम से कम 50 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। छूट केवल शनिवार, 13 सितम्बर 2025 को आयोजित लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

## खबर संक्षेप

### बिना हेलमेट 244 वाहन चालकों का काटा चालान

**भोपाल।** सड़क हादसों में होने वाली मौत का आंकड़ा कम करने के मकसद से ट्रैफिक पुलिस की ओर से इन दिनों विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिना हेलमेट व सीट बेल्ट मिल रहे वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि शहर में 16 पॉइंट पर चेकिंग करते हुए बिना सीट बेल्ट 282, मोबाइल पर बात करते 40, तेज गति से वाहन चलाने वाले 11 चालकों, बिना हेलमेट 244, रॉग साइड वाहन चलाने पर 19, ओवर लोडिंग वाहन चलाने पर 10, शराब पीकर वाहन चलाना 1, बिना फिटनेस के वाहन चालाने वाले 9 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। इनसे 1,63,800 रुपए समन शुल्क जमा कराया गया। डीसीपी बसंत कौल ने बताया कि 22 सितंबर तक यह अभियान जारी रहेगा।

### कूड़ा फेंका, संचालक पर 10 हजार का जुर्माना

**भोपाल।** सार्वजनिक जगह पर कचरा फेंकने पर शुक्रवार को शोरूम संचालक पर नगर निगम के अमले ने 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 443 प्रकरण बनाए और 65 हजार 650 रुपए की राशि वसूल की। निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले ने बिट्टन मार्केट क्षेत्र में खुले स्थान पर कचरा फैला देखा और उस कचरे में मिले कागजों के आधार पर शोरूम का पता ढूंढकर शोरूम संचालक से 10 हजार रुपए की राशि वसूली।

### 3 दिन बाद फिर शुरू होगा झमाझम बारिश का दौर

**भोपाल।** प्रदेश में अगले 4 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट नहीं है। हालांकि 15-16 सितंबर से नया सिस्टम बनने के बाद फिर से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है। वर्तमान में जितने भी सिस्टम सक्रिय हैं, वे प्रदेश से काफी दूर हैं। इस वजह से तेज बारिश होने के आसार नहीं है। सोमवार से सिस्टम नजदीक आएंगे। इससे फिर से बारिश होने लगेगी। प्रदेश में अब तक औसत 41.6 इंच बारिश हुई है।

### प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के 8 स्टेशनों पर चल रहा 24 घंटे काम

## मेट्रो के तीनों रूट पर एक से दो किमी तक का दायरा बढ़ाया, इसलिए संचालन में देरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अक्टूबर 2025 में शहरवासियों को भोपाल मेट्रो की सौगात मिल सके, इसके लिए प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के 8 स्टेशनों पर 24 घंटे काम चल रहा है। इसी रूट पर पहले चरण में मेट्रो का संचालन होना है। सफलतापूर्वक ट्रायल रन पूरा हो चुका है। अब सिर्फ कमिश्नर मेट्रो सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम का इंतजार है, लेकिन पूरे प्रोजेक्ट में देरी का एक कारण एक से दो किमी का मेट्रो दायरा बढ़ाना भी सामने आया है।दरअसल, मेट्रो कंपनी ने तीनों रूट पर एक से दो किमी तक मेट्रो का दायरा बढ़ाया है।

यह प्लानिंग भविष्य के मुताबिक की गई है। ताकि राजधानी की सीमा का दायरा बढ़े तो मेट्रो भी उन इलाकों तक पहुंच सके, जहां शहरी इलाका बढ़ा है। इधर अक्टूबर से सुभाष नगर से एम्स तक कामर्शियल रन के लिए 24 घंटे काम जारी है। वहीं, मेट्रो कंपनी के एमडी आईएएस एस कृष्ण चैतन्य हर दो दिन में प्रॉयोरिटी कॉरिडोर की मॉनीटरिंग करने मैदान में जा रहे हैं। सबकुछ ठीक रहा तो 8 स्टेशनों पर कामर्शियल रन अक्टूबर से शुरू हो जाएगा।

**अब सिर्फ कमिश्नर मेट्रो सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम का इंतजार**

**8 स्टेशनों पर कॉमर्शियल रन अक्टूबर से शुरू हो जाएगा**

अंडरग्राउंड लाइन के लिए 2028 तक करना होगा इंतजार



### एक से दो किमी का दायरा बढ़ा

ऑरेंज लाइन की एलिवेटेड सेक्शन की लंबाई 12.58 किमी थी, जो बढ़कर 13.35 किमी हो गई है। ब्लू लाइन की 12.88 किमी की लाइन बढ़कर 14.21 किमी हो गई है। इसी तरह अंडर ग्राउंड लंबाई भी 2.41 किमी से बढ़कर 3.39 किमी हो गई है।

### हर फेस की डेडलाइन तय

- *फेस-1 ऑरेंज लाइन पर सुभाष नगर से एम्स तक के खंड में 6.225 किमी लंबे वायाडक्ट (स्टेशनों को छोड़कर) के निर्माण के लिए अनुबंध साल 2018 में हुआ था। इस खंड में वायाडक्ट का काम लगभग पूरा हो गया है।*
- *फेस-2 ऑरेंज लाइन के खंड में 8 स्टेशनों के निर्माण के लिए अनुबंध नवंबर 2021 में हुआ था। काम पूरा हो गया।*
- *फेस-3 ऑरेंज लाइन के एक हिस्से में 5.75 किमी लंबे वायाडक्ट और 6 स्टेशनों के आंशिक डिजाइन और निर्माण के लिए मार्च 2024 में अनुबंध हुआ है। डेडलाइन मार्च 2027 है।*
- *फेस-4 ऑरेंज लाइन के बचे 3.39 किलोमीटर खंड में जुड़वा सुरंगों और 2 अंडरग्राउंड स्टेशनों के डिजाइन और निर्माण के लिए मार्च 2024 में अनुबंध हुआ है। इसकी डेडलाइन जून 2028 रखी गई है।*
- *फेस-5 ब्लू लाइन के एक हिस्से में 14.21 किमी लंबे वायाडक्ट और 13 स्टेशनों के आंशिक डिजाइन और निर्माण के लिए दिसंबर 2024 में अनुबंध हुआ है।*

### टाइम लिमिट बैठक में संभाग कमिश्नर ने दी हिदायत

## दफ्तर में आगजनी के बाद कमिश्नर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबित शिकायत का निराकरण नहीं होने की वजह से गुरुवार को बेहलोट निवासी बुजुर्ग राम सिंह अहिरवार के संभाग कमिश्नर संजीव सिंह के वेटिंग रूम में पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद कमिश्नर ने शुक्रवार को जिलों में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि जिलों में दर्ज होने वाली सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए।

**खाद वितरण की बेहतर व्यवस्था करें**

संभाग कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में योजनाओं का लाभ समय पर मिले। सभी जिलों में खाद वितरण की बेहतर व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, नवीन राशन कार्ड, लाडली लक्ष्मी बहना योजना, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न योजनाओं का फायदा हितग्राहियों को दिलाया जाए। मालूम हो कि गुरुवार को गंजबासौदा विदिशा जिले बुजुर्ग ने जमीन का पट्टा निरस्त कर सरकारी रास्ता बनाए जाने को लेकर सीएम हेल्पलाइन में 12 बार शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर उसने कमिश्नर दफ्तर के वेटिंग रूम में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बाद अफसरों में शिकायतों के निपटारे को लेकर हड़कंप मचा हुआ है।

सुनीश दुबे अपनी टीम के साथ कर रहे सराहनीय काम

## थाना प्रभारी ने दुर्घटना से बचाने सड़क पर बैठे मवेशियों के गले में बांधे रिफ्लेक्टिव बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क सुरक्षा बढ़ाने की एक अनूठी पहल में भोपाल पुलिस अधिकारियों ने अपने नियमित कानून-व्यवस्था कर्तव्यों से आगे बढ़कर लोगों और जानवरों, दोनों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया है। कटारा हिल्स पुलिस ने आवारा मवेशियों के गले में रिफ्लेक्टिव बेल्ट बांधने का अभियान शुरू किया है, ताकि दुर्घटनाओं से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।



इस पहल का नेतृत्व कटारा हिल्स थाना प्रभारी (एसएचओ) सुनीश दुबे कर रहे हैं, जो अपनी टीम और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर सड़कों पर गायों, बैलों और अन्य आवारा जानवरों को रिफ्लेक्टिव बेल्ट बांधने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह अभियान एक बहुत ही आवश्यक कदम है और समुदाय द्वारा इसकी व्यापक रूप से सराहना की गई है। उनका मानन है कि इससे बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी और लोगों और जानवरों, दोनों की जान बचेगी।

### 500 रिफ्लेक्टिव बेल्ट खरीदे गए

अभियान के लिए लगभग 500 रिफ्लेक्टिव बेल्ट खरीदे गए हैं, जिनका खर्च पुलिसकर्मियों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से किया है। अब तक लगभग 100 मवेशियों को ये बेल्ट पहनाई जा चुकी हैं। एसएचओ दुबे ने बताया कि मानसून के मौसम में मवेशी अक्सर सड़कों पर बैठे या घूमते रहते हैं, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। ये घटनाएं न केवल जानवरों को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करती हैं।

### सावधानी से वाहन चलाने का आह्वान

इस अभियान का उद्देश्य पूरे पुलिस थाना क्षेत्र को कवर करना है, जिसमें मवेशियों के लिए 500 बेल्ट वितरित किए जाएंगे। दुबे ने कहा कि यह छोटा सा प्रयास जनसेवा की सच्ची भावना का हिस्सा है, जो अपराध नियंत्रण से कहीं आगे जाता है। उन्होंने नागरिकों से सावधानी से वाहन चलाने, खासकर खाली सड़कों पर, और हमेशा सीट बेल्ट और हेलमेट पहनने का आग्रह किया। कटारा हिल्स पुलिस को उम्मीद है कि सड़क दुर्घटनाओं की दर में उल्लेखनीय कमी आएगी और मध्य प्रदेश में अभिनव सामुदायिक पुलिसिंग का एक उदाहरण स्थापित होगा।

### यात्री दरवाजा खोल देते थे और हादसों का शिकार हो जाते

रैक होगा अपडेट दिसंबर से हो सकता है बदलाव

## वंदे भारत की तरह शताब्दी में ऑटोमेटिक खुलेंगे गेट, इमरजेंसी बटन लगाए जाएंगे

*ब्रेकिंग सिस्टम में वैक्यूम लॉकिंग लगाने की तैयारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शताब्दी एक्सप्रेस के खस्ताहाल रैक को रेलवे जल्द ही बदलने जा रहा है। दिल्ली से भोपाल के बीच चल रही शताब्दी एक्सप्रेस के रैक को अपडेट करने की रेलवे की तैयारी है।

सूत्रों का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन की तर्ज पर शताब्दी एक्सप्रेस में ऑटोमेटिंक गेट व इमरजेंसी बटन लगाए जाएंगे। ब्रेकिंग सिस्टम में वैक्यूम लॉकिंग लगाने की तैयारी है। दिसंबर के आखिर तक शताब्दी एक्सप्रेस के रैक को अपडेट किया जा सकता है।

### हादसों में आएगी कमी

*शताब्दी एक्सप्रेस में आरक्षण का सिस्टम कुछ ऐसा है कि एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के बीच बुक होने वाली ज्यादातर सीटें एक ही कोच में आवंटित की जाती हैं। ऐसे में स्टेशन पर उतरने के लिए यात्रियों की भीड़ जुट जाती है। कई यात्री जल्दी उतरने के चक्कर में प्लेटफॉर्म आने से पहले ही दरवाजा खोल देते थे और हादसों का शिकार हो जाते थे।*

### स्पीड बढ़ते ही बंद हो जाएंगे गेट



*शताब्दी एक्सप्रेस के गेट में ऑटोमेटिंक गेट व इमरजेंसी बटन लगाए जाने के बाद ट्रेन की स्पीड बढ़ने के साथ ही दरवाजे अपने आप बंद हो जाएंगे। ट्रेन जब अगले स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचेगी या आउटर में रुकेगी, तभी ट्रेन के गेट खुल पाएंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गेट व ब्रेकिंग सिस्टम को ही अपडेट किया जाएगा।*

### लोको पायलट के पास होगा कंट्रोल

*रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन दरवाजों का कंट्रोल लोको पायलट और गार्ड के पास रहेगा। जब ट्रेन किसी स्टेशन पर पहुंचेगी, तो सिर्फ उसी दिशा के दरवाजे खुलें जिस तरफ प्लेटफॉर्म रहेगा। दूसरी दिशा के दरवाजों को बिना लोको पायलट की मर्जी के नहीं खोला जा सकता है।*

*चौधरी को सौंपा प्रकाशचंद्र के कामों का प्रभार*

## कलेक्टर के ओएसडी पांडे को बनाया कोलार एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार एसडीएम आदित्य जैन का 4 अगस्त को अवर सचिव उद्यानिकी में तबादला होने के बाद शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ओएसडी का काम देख रहे डिप्टी कलेक्टर प्रकाशचंद्र पांडे को कोलार एसडीएम नियुक्त कर दिया है।

पिछले एक महीने से नए एसडीएम का आदेश नहीं होने पर जैन को रिलीव नहीं किया जा रहा था। शुक्रवार को आदेश के साथ ही जैन को रिलीव कर दिया गया है। साथ ही पांडे ने एसडीएम का काम संभाल लिया है। इधर कलेक्टोरेट से जुड़े कामों का प्रभार डिप्टी कलेक्टर लाखन चौधरी को सौंपा गया है।

### इन अधिकारियों को भी सौंपी जिम्मेदारी

डिप्टी कलेक्टर भुवन गुप्ता को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के तौर पर पदस्थ किया गया है। अभी तक ये काम शहर एसडीएम दीपक पांडे देख रहे थे। वहीं संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी को विभागीय जांचों की जिम्मेदारी, अन्य शाखाओं की जिम्मेदारी दी है। संयुक्त कलेक्टर इकबाल मोहम्मद को राजस्व स्थापना शाखा की कमान सौंपी गई है। डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव को आरसीएमएस शाखा की जिम्मेदारी दी है।

शोक संदेश



श्रीमती शांति देवी शर्मा

बड़े दुख के साथ यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती शांति देवी शर्मा पति स्वर्गीय श्री गोपाल प्रसाद शर्मा का दिनांक 12-9-2025 को स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 13-9-2025 शनिवार को सुबह 10 बजे निवास स्थान 253, कल्पना नगर, रायसेन रोड जैन मंदिर, सोनागिरी के पास भोपाल से सुभाष नगर विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल

रामबाबू शर्मा (मिलन टेंट एण्ड कैटरिंग), मोहन शर्मा (घंटे वाले), रूपेश, अंकित, ध्रुव एवं समस्त शर्मा परिवार

मोबाइल - 9669494989, 9826058770

भोपाल
शनिवार, 13 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 164
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 एक घंटे चले मुकाबले में सात्विक-चिराग...



विचार पेज
06 अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

पहली पंक्ति में ही बैठे धनखड़ बेहद सहज और अपनी स्वाभाविक मुस्कान के साथ दिखे

# 'इस्तीफे के 53 दिन बाद' धनखड़ दिखे सार्वजनिक स्थान पर, उपराष्ट्रपति की शपथ में सबसे खुलकर मिले



शपथ से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को दी बधाई

### धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने पद से इस्तीफा (21 जुलाई) देने के 53 दिन बाद शुक्रवार को पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए। पहली पंक्ति में ही बैठे धनखड़ बेहद सहज और अपनी स्वाभाविक मुस्कान के साथ दिखे। धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हुई और शाह ने उनका अभिवादन किया। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी इस दौरान हाथों में छड़ी लिए दिखे। वह 2007 से 2017 तक उपराष्ट्रपति रहे थे। शपथ समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत कई सीनियर नेता मौजूद थे। एक तरफ केंद्रीय मंत्री और पीएम बैठे दिखे तो वहीं पहली पंक्ति में ही दूसरी तरफ लोकसभा स्पीकर, पूर्व उपराष्ट्रपतियों को जगह मिली। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी परिवार के साथ नजर आए। सीपी राधाकृष्णन के शपथ समारोह में कई राज्यों के राज्यपाल भी पहुंचे थे। लेकिन जगदीप धनखड़ की उपस्थिति चर्चा का केंद्र रही।

### एक तरफ पीएम बैठे दिखे, वहीं दूसरी तरफ स्पीकर बिरला



### विपक्ष लगातार पूछ रहा था-धनखड़ कहां हैं?

सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को देश के उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस्तीफे के बाद धनखड़ कहीं भी देखे नहीं गए, इसके बाद विपक्ष की ओर से कई सवाल खड़े किए गए। विपक्ष ने लगातार सवाल किया कि धनखड़ कहां हैं और वह किस स्थिति में हैं। धनखड़ के सामने आने के बाद कयासों पर ब्रेक लग गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 3 लाख पेंशनर्स का घर-घर पहुंचकर होगा वेरिफिकेशन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा बुजुर्ग, दिव्यांगों को पेंशन के लिए अभी और इंतजार करना होगा। ऐसे सभी पेंशनर्स का वेरिफिकेशन करने के लिए सरकारी कर्मचारी अब घर-घर जाएंगे। दरअसल तमाम कोशिश के बाद भी प्रदेश के 3 लाख से ज्यादा बुजुर्ग और दिव्यांगों का ई केवाईसी नहीं किया जा सका है। इस वजह से इन बुजुर्ग और दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। केवाईसी न होने की वजह से इनकी पेंशन को होल्ड पर रखा गया है। अब ऐसे सभी बुजुर्ग और दिव्यांगों का वेरिफिकेशन करने के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग ने घर-घर जाकर वेरिफिकेशन करने के आदेश दिए हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07% हुई



**नई दिल्ली।** अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार की ओर से जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (-) 0.69 प्रतिशत थी।

सीएम ने पेटलावद से 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को 28वीं किस्त के 1541 करोड़ रु. अंतरित करते हुए कहा

# कांग्रेसी कहते हैं कि बहनें दारू पी जाती हैं, ऐसे लोगों को 'घर में घुसने' मत देना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 28 वीं किस्त की 1541 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने 53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 320.89 करोड़ राशि और 31 लाख से अधिक बहनों को एलपीजी सिलेंडर रीफिलिंग के 48 करोड़ रुपए अंतरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संवेदनशील सरकार है।

हमारी नीति और नीयत दोनों साफ है। प्रदेश की बहनों को हर महीने प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बहनों की खुशी में ही हमारी खुशी है। बहनों के जीवन में विकास से ही पूरे समाज का विकास संभव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झाबुआ जिले ▶▶ शेष पेज 2 पर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश को पीएम मित्रा पार्क की सौगात देने आ रहे हैं। पीएम मित्रा पार्क से मालवांचल सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलेगी*

◂ मुख्यमंत्री ने किया 345.34 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

विपक्षी दल के शासन में स्कूलों में टाट पट्टी तक नहीं मिलती थी



53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 320.89 करोड़ और 31 लाख बहनों को एलपीजी सिलेंडर के 48 करोड़ भेजे

### 17 से होगी सेवा पखवाड़े की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 17 सितम्बर को कपास उत्पादक किसानों को पीएम मित्र पार्क की सौगात देने जा रहे हैं। इसके साथ सेवा पखवाड़े की शुरुआत भी की जाएगी। स्वस्थ नारी, सशक्त समाज अभियान के अंतर्गत बहनों की सभी प्रकार की जांचें निःशुल्क की जाएंगी। धार-झाबुआ को उद्योग एवं रोजगार से जोड़कर इसके विकास की नई आधारशिला रखी जा रही है।

### 2 लाख बहनों को स्व-सहायता समूहों के जरिए विभिन्न योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर स्तर पर बिजली, पानी और सिंचाई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। प्रदेश में 5 लाख समूहों के माध्यम से 65 लाख बहनें जुड़ी हैं। झाबुआ में 2 लाख बहनें स्व-सहायता ▶▶ शेष पेज 2 पर

### *अब किसी को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि अब लोगों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। यहीं झाबुआ में रोजगार के अवसर मिलेंगे। पांच लाख तक का बीमा सरकार की तरफ से निःशुल्क होगा। इसकी शुरुआत झाबुआ जिले से होगी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि किसानों को कोई परेशानी नहीं आना चाहिए। सीमा पर जवान और खेत में किसान, दोनों बराबर होते हैं। मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर को पीएम मोदी के कार्यक्रम में आने का आमंत्रण भी लोगों को दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपक्षी दल के शासनकाल में स्कूलों में बैठने के लिए टाट पट्टी तक नहीं मिलती थी। अब झाबुआ जिले को मेघनगर और पेटलावद में दो सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिल रही है।* ▶▶ पढ़ें पेज 5 भी

वैष्णो देवी के भक्तों के लिए अच्छी खबर

## यात्रा 14 सितंबर से होगी बहाल मौसम देगा साथ तो मिलेंगे दर्शन



खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत से रोकी थी यात्रा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

माता वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से दोबारा शुरू होगी, यदि मौसम अनुकूल रहा। यात्रा को खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत के चलते अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि भारी बारिश और ट्रैक की सुरक्षा के लिहाज से यात्रा को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था। मरम्मत कार्य अब लगभग ▶▶ शेष पेज 2 पर

बांके बिहारी मंदिर को लेकर बड़ा फैसला

## वीआईपी पास बंद, आईआईटी रुड़की की टीम करेगी ऑडिट



गर्मियों में 3 घंटे और सर्दियों में 2.5 घंटे अतिरिक्त दर्शन का समय

एजेंसी ▶▶ मथुरा

बांके बिहारी मंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक अहम बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। अब मंदिर में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था समाप्त की जा रही है और आम श्रद्धालुओं को अधिक समय तक दर्शन की सुविधा मिलेगी।

गर्मियों में 3 घंटे और सर्दियों में 2.5 घंटे अतिरिक्त दर्शन का समय मिलेगा। साथ ही मंदिर दर्शन की लाइव स्ट्रीमिंग की भी शुरुआत होगी, जिससे दूर बैठे लोग भी ठाकुरजी के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर के मौजूदा ▶▶ शेष पेज 2 पर

मेरठ के विक्टोरिया पार्क में कथा के दौरान विवादित बयान

## श्रीरामभद्राचार्य बोले-अपने ही देश में नहीं मिल रहा न्याय, हर हिंदू के हों तीन बालक

एजेंसी ▶▶ मेरठ

■ प्रत्येक घर में हिंदू धर्म की पाठशाला बनानी पड़ेगी

मेरठ के विक्टोरिया पार्क में कथा के दौरान जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य ने विवादित बयान देते हुए उत्तर प्रदेश को मिनी पाकिस्तान बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया और कहा कि हिंदुओं को सजग होकर धर्म की शिक्षा बच्चों तक पहुंचानी होगी। कथा से पूर्व



चरण पादुका पूजन हुआ। इसके बाद जगद्गुरु ने कहा कि आज हिंदुओं पर संकट है। अपने ही देश में हम हिंदू धर्म को उतना न्याय नहीं दे पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मिनी पाकिस्तान ▶▶ शेष पेज 2 पर

### अब मैं ओम क्रांति क्रांति ही कहूंगा

उन्होंने कहा कि हिंदू या सनातन धर्म यह एक ही है। हम वसुद्धैव कुटुंबकम में जीते हैं। हमारा किसी से बैर नहीं। अब हम किसी को भूल से भी नहीं छेड़ेंगे, अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नहीं। ऑपरेशन सिंदूर सदा याद रखा जाएगा। बिना किसी अपराध के हिंदुओं को मारा जा रहा है। ऐसे लोगों को समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने संदेश दिया कि हिंदुओं के तीन बालक अवश्य होने चाहिए। जगद्गुरु ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सैलानियों को धर्म पूछकर हत्या की गई ▶▶ शेष पेज 2 पर

## 45 *मिनट तक राम मंदिर में रहे मॉरीशस के पीएम पत्नी संग किया दर्शन-पूजन, सीएम भी रहे मौजूद*



इस दौरान परिवार के सदस्य, मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे विदेशी पीएम जिन्होंने रामलला का पूजन किया

*लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। उनके साथ परिवार के सदस्य,* ▶▶ शेष पेज 2 पर

7 घंटे की मैराथन बैठक के बाद बन पाई सहमति

कार्की की तीन सदस्यीय हो सकती है मंत्रिपरिषद

## कार्की बनी नेपाल की प्रधानमंत्री राष्ट्रपति पौडेल ने दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

जेन-जी आंदोलन में 5 दिनों तक सुलगने वाले नेपाल का संवैधानिक संकट समाप्त हो गया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल, कानूनविद ओमप्रकाश आर्याल और जेन-जी प्रतिनिधियों की सात घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाल की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनने



वाली कार्की अब देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भी बन गई हैं। भारतीय समयानुसार रात्रि पौने नौ बजे राष्ट्रपति ने शीतल भवन में कार्की को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही नेपाली संसद को भंग भी कर दिया, जो जेन-जी समूहों की सबसे प्रमुख मांग थी।

बता दें कि गुरुवार को अंतरिम प्रधानमंत्री को लेकर जेन-जी समूहों में मतभेद और सेना मुख्यालय के सामने उनमे भिड़ंत के बाद स्थिति अनियंत्रित होती दिख रही थी।

रात तक किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सकने की स्थिति में शुक्रवार सुबह से आंदोलन तेज करने की जेन-जी की चेतावनी से स्थिति गंभीर हो गई थी। इसके बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल और कानूनविद ओमप्रकाश आर्याल के साथ जेन-जी समूहों की बैठक हुई।

*नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोलते हुए संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा*

अमेरिका पर प्रहार करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का?


## लोग डरते हैं कि अगर 'भारत मजबूत' हुआ तो उनका क्या होगा? इसीलिए टैरिफ लगा रहे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पर टैरिफ इस डर से लगाए गए हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम सिर्फ खुद के बारे में सोचने के रवैए का नतीजा हैं।

वे नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि महिलाओं की ओर से संचालित आध्यात्मिक आंदोलन ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ◆ नजरिया मैं से बदलकर हम कर लें, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी



भागवत ने कहा कि जब तक इंसान और देश अपने असली स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पा लें, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा। अगर इंसान अपना नजरिया मैं से बदलकर हम कर ले, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि ▶▶ शेष पेज 2 पर

### भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए

संघ प्रमुख ने कहा कि भारत महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है और वह और बड़ा होना चाहता है। भागवत ने कहा कि भारतीयों में अपनेपन की गहरी भावना होती है और वे अभाव के समय में भी खुश और संतुष्ट रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई अभाव नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर है, तो समय आने पर बदल जाएगा। फिर भी कठिनाई और दुःख में भी, यहां के लोग अपनेपन की इसी भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं।

## जैकेट का शेष....

### पीएम मोदी ने लॉन्च ....

दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज, संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। ये पांडुलिपियाँ विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी गई हैं।

### 30 साल पहले ...

सार है। जो मैंने लिखा है, वो कृपा सार है, लेकिन बाद में मुझे लगा कि नर्मदा को क्यों बेचना, इसलिए अपने लिखी हुई किताब किताब को प्रकाशित नहीं करवाया। बाद में केंद्रीय मंत्री बन गया। बाद में भी मैंने किताब को छपने नहीं दिया। जबकि साहित्य अकादमी मेरे पास थी। 2005 में मैंने सपत्नीक फिर नर्मदा परिक्रमा की। उसके बाद फिर हिंदी ग्रंथ अकादमी ने दस बार से ज्यादा कहा कि आप लिख दीजिए। मैंने अपनी पत्नी से कहा कि आप लिख दीजिए, मैं मदद करूंगा, पर मेरे मन में था कि मैं न लिखूं। तो उन्होंने कहा कि मैं भी क्यों लिखूं? अभी जब मैं 65 साल का हो रहा था, तब दोस्तों ने कहा कि जो किताब लिखकर रखी है, उसको छप जाना चाहिए। फिर मेरे भाई जालम सिंह ने कहा भाईसाब हम एक बार फिर से परिक्रमा करते हैं और नंगे पैर ही करते हैं। हमने दोनों बार परिक्रमा नंगे पैर भिक्षा लेकर की है। तो मैंने तय किया कि इस किताब को आने देते हैं।

### बाकी 4 राज्यों...

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 9:30 बजे कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात पीएम मोदी बिहार का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 2:45 बजे पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

### परिवार के सामने ...

बुधवार को हुई, जब मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र नागमल्लैया ने योर्डानिस को टूटी हुई वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल करने के लिए मना किया था। आरोपी ने धारदार हथियार से नागमल्लैया पर कई बार वार किया। नागमल्लैया ने बचने के लिए पार्किंग के रास्ते फ्रंट ऑफिस की तरफ भागना शुरू किया। नागमल्लैया की पत्नी और बेटे ने भी कोबोस-मार्टिनेज को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसे उन्हें धक्का दे दिया। इसके बाद उसने धारदार हथियार से नागमल्लैया का सिर काट दिया। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने नागमल्लैया की मौत पर दुख जताया है।

### टेक ऑफ करते...

लैंडिंग के समय अगला पहिया गायब होने की सूचना मिलने के बाद गुरुवार दोपहर मुंबई हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। एयरलाइन प्रवक्ता ने बताया कि विमान ने मुंबई की अपनी यात्रा जारी रखी और सुरक्षित रूप से उतर गया। सुचारू लैंडिंग के बाद, विमान अपनी शक्ति से टर्मिनल तक पहुंचा और सभी यात्री सामान्य रूप से उतर गए।

### अक्षय कुमार सहित...

प्रमुख सचिव गृह विभाग, सचिव, सूचना एवं प्रसारण, भारत सरकार, नई दिल्ली और चेयरमैन सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता सिविल लाइन, जबलपुर निवासी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी की ओर से अधिवक्ता प्रमोद सिंह तोमर व आरजू अली पैरवी ने कोर्ट को अवगत कराया कि आपत्ति का मुख्य बिंदु गाने के बोल हैं। जिनके जरिए वकालत जैसे नोबल प्रोफेशन को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। रगों में तिकड़मबाजी है, हर ताले की चाबी है, लगा के सेटिंग ऐसी रखी, बॉस भी हमसे राजी है, गाड़ी ठोंक के गोली मार, पकड़ी ड्रग चली तलवार, हर केस की पैकेज डील है, फिक्र ना कर तेरा भाई वकील है, कबीरा इस संसार में, सबसे सुखी वकील, जीत गए तो मोटी फीस, हार गए तो अपील, यह शब्दावली सर्वथा अनुचित है।

### विधायिका केवल सत्ता...

के सभापति एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। तोमर ने विषय को रेखांकित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की आत्मा संवाद में निहित होती है। विधायी संस्थाएं वह मंच हैं जहां विविध विचारों का टकराव नहीं, बल्कि उनका समन्वय होता है। यहीं पर नीतियों की दिशा तय होती है, और शासन व्यवस्था को जनहित की कसौटी पर कसा जाता है। एक जीवंत लोकतंत्र वही है, जिसमें विधायी मंचों पर होने वाला संवाद सतत, सार्थक और समाज के विभिन्न वर्गों की आवाज़ को प्रतिबिंबित करने वाला हो। विधायिका में संवाद और चर्चाएं औपचारिक प्रक्रियाएं है जहां निर्वाचित प्रतिनिधि प्रस्तावित विधेयकों, नीतियों और राष्ट्र एवं प्रदेश को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर विचार विर्मश करते हैं।

### हम युवा पीढ़ी ...

रही है। छात्र-विद्यार्थियों के लिए विधान सभा अध्ययन भ्रमण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल विधानसभा जैसी पहलें यह संकेत देती हैं कि लोकतंत्र केवल वर्तमान की प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की नींव भी है। उन्होंने कहा कि हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र की सफलता का मापदंड केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और सहभागिता है। विधायी संस्थाए जब तक इन मूल्यों को आत्मसात नहीं करतीं, तब तक जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति अधूरी रह जाती है।

### जनता को विधान....

उनकी आवाज़ें सुनी जा रही हैं और लोकतंत्र उनके लिए कार्य कर रहा है। तोमर ने उन्होने बताया कि आज के समय में जब तकनीक और सूचना का युग है, मध्यप्रदेश विधान सभा ने भी अपनी कार्यप्रणाली में नवाचारों को अपनाते हुए संवाद को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाया है। ई-विधान प्रणाली की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सदन की कार्यवाही को डिजिटल माध्यम से लाइव प्रसारित करना, दस्तावेजों की ऑनलाइन उपलब्धता, प्रश्नों और विधेयकों की ट्रैकिंग, ये सभी पहल जनता को विधान प्रक्रिया से सीधे जोड़ने का कार्य कर रही हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा विधायकों को शोध सहायता देना, प्रशिक्षण सत्र आयोजित करना, विषय आधारित समिति चर्चा को प्रोत्साहित करना, और आम नागरिकों को विधानसभा से जोड़ने हेतु आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करना, आदि पहल की है, ये सभी पहल लोकतंत्र को जीवंत बनाए रखने की दिशा में अत्यंत प्रशंसनीय हैं। तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रश्नकाल, शून्यकाल, अल्पसूचित प्रश्न और विभिन्न समितियों की कार्यवाही के माध्यम से विधायकों ने जन मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाता है।

## पेज एक का शेष....

### कांग्रेसी कहते हैं कि...

के पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बहनों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में बहनों को फूटी कौड़ी भी नहीं दी। कभी बहनों की चिंता नहीं की। अब बहनों को बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी कहते हैं कि बहनें दारू पी जाती हैं। ऐसे कांग्रेसियों को घर में घुसने मत देना। वे मोहल्ले में आएं, तो आने मत देना। बहनों का अपमान कभी बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बहनों को अपमानित करते हैं।

### 2 लाख बहनें स्व-...

समूहों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रही हैं। दिव्यांग भाई-बहनों को लगभग 320 करोड़ राशि का लाभ दिया है।

### यात्रा 14 सितंबर...

पूरा हो चुका है और यदि मौसम सहयोग करता है, तो श्रद्धालु 14 सितंबर से फिर से माता के दर्शन कर सकेंगे। बोर्ड ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मौसम और ट्रैक की स्थिति की जानकारी जरूर लें, ताकि किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

### वीआईपी पास बंद...

नियम, सुरक्षा, कतार और समय को लेकर कई बदलाव किए गए हैं। बैठक में लिए गए फैसले को लेकर जिला मजिस्ट्रेट सीपी सिंह ने जानकारी दी। आईआईटी रुड़की द्वारा मंदिर परिसर का एक संरचनात्मक ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया।

### श्रीरामभद्राचार्य बोले...

लगता है। अब हमें मुखर होने की जरूरत है। प्रत्येक घर में हिंदू धर्म की पाठशाला बनानी पड़ेगी। प्रत्येक माता-पिता को अपने बच्चों को हिंदू धर्म की शिक्षा देनी होगी।

### अब मैं ओम क्रांति...

तो हमने भी उन्हें प्रसाद दे दिया। पड़ोसी देश को नानी याद आ गई। दोस्तों अब सजग हो जाओ। उन्होंने कहा मैं हिंदू धर्माचार्य हूं। अब मैं ओम क्रांति क्रांति ही कहूंगा, हम ओम शांति शांति का नारा बहुत दे चुके हैं।

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे...

प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पारंपरिक रेड कार्पेट शैली में किया गया। उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और दर्शन-पूजन किए। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथी उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र करीब 45 मिनट तक राम मंदिर में रहे। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

### लोग डरते हैं कि अगर...

ब्रह्माकुमारीज की तरह आरएसएस भी आंतरिक चेतना को जागृत करने का काम करता है। उन्होंने पकहा कि दुनिया के लोग इस बात से डरते हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा और उनकी अपनी स्थिति क्या होगी।

### नजरिया मैं से बदलकर...

के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है। उनके सिर्फ मैं वाले रवैए के कारण उनके लिए रास्ता खोजना नामुमकिन है। भागवत ने कहा कि भारत दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने और आगे का रास्ता दिखाने में सक्षम है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 1868/न.पा.नि./लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 11/09/2025

**// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय) //**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर में सब्जी मण्डी से वाईन शॉप रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 199.93 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175033) तथा अधोसंरचना मद अन्तर्गत नवीन कार्यालय भवन में विद्युतीकरण कार्य लागत राशि रूपये 81.47 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175111) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर

**संचालनालय**
**खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा "**ट्यूबवेल खनन, मोटर फिटिंग, Revolving Impact/Geared Sprinkler System, ट्यूबवेल/स्प्रिंकलर एवं पम्पसेट आदि प्रदाय/स्थापना/रिपेयर कार्य हेतु**" अनुभवी निविदाकार से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/122041/2025 संचालक

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 446 / लो.नि.वि./ न.पा.प./2025 बलौदाबाजार, दिनांक 12.09.2025

**ई प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण)**

Main portal http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement. gov.in
Email- cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 175234 | नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के विभिन्न प्रयोजन हेतु अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डों श्रमिकों की आपूर्ति कार्य। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 06.10.2025 |
| 02 | 175489 | वार्ड क्रमांक 12 रामसागर तालाब सौदर्यीकरण कार्य | 197.96 | 143000.00 | 3000.00 | 09 माह | 03.10.2025 |

टीप :- उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cgeprocurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

**M.P.MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of General Manager (City) Circle, Bhopal
Old Kisan Bank Building Sultaniya Road Bhopal-462001
Phone : 0755-2678226, E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitypur@gmail.com

**TENDER NOTICE E-TENDER**

MPMKVVCL, Bhopal, are invited from eligible bidders for following works through e-tenders :-

| Tender Specification Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (Rs.) | EMD | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| GM/CC/PUR/ 2025-26/ 5885-86, Dated : 11.09.2025 | "E-Tender for Supply of 11 KV DO Fuse Elements 1, 1.5, 3, 5, 10 and 15 Amps for all offices situated under City Circle Bhopal | 4.00 | 590.00 | 8000.00 | 24.09.2025 at 3:30 PM |
| GM/CC/PUR/ 2025-26/ 5883-84, Dated : 11.09.2025 | "E-Tender for Supply of T.C. Fuse Wire 08, 10, 20 & 22 SWG for all offices situated under City Circle Bhopal | 4.00 | 590.00 | 8000.00 | 23.09.2025 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/122045/2025 **GENERAL MANAGER (CITY)**

**कार्यालय प्रशासक महिला श्रमिक कल्याण ठेका सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./1087 दिनांक 23.01.2015)
क्रमांक/एजीएम/2025/क्यू
दिनांक : 12.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

महिला श्रमिक कल्याण ठेका सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 29.09.2025, दिन सोमवार को स्थान-एम.आई.जी.-सेक्टर बी-77, सोनागिरी, बाटा शोरूम के ऊपर, भोपाल पर समय दोपहर 01 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से उपविधि अनुसार साधारण डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है। बैठक में समस्त सदस्यों की उपस्थित प्रार्थनीय है। समस्त सदस्यों को सूचना पृथक से डाक द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

**(लता गिल)** प्रशासक एवं सहकारी निरीक्षक
महिला श्रमिक कल्याण ठेका सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**कार्यालय प्रशासक फैथकला एम्पायर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक / डी.आर/बी.पी.एल./111426 दिनांक 26.04.2022)
क्रमांक/वा.सा.स./2025/क्यू
दिनांक: 12.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

फैथकला एम्पायर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 28.09.2024, दिन रविवार को स्थान संस्था कालोनी परिसर फैथकला खेल मैदान, पार्क नं.-1 के पास, सुहागपुर, कोलार रोड, भोपाल पर समय दोपहर 12:00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**(लता गिल)** प्रशासक
फैथकला एम्पायर रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**कार्यालय प्रशासक : गायत्री गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक डी. आर.बी. / 321, दिनांक 21.02.1983)
क्रमांक/एजीएम/2025/क्यू
दिनांक : 12.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

गायत्री गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 29.09.2025, दिन सोमवार को स्थान-एम.आई.जी. सेक्टर बी -77, सोनागिरी, बाटा शोरूम के ऊपर, भोपाल पर समय प्रातः 11.00 बजे आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सदस्यों को आमसभा की सूचना पृथक से उपविधि अनुसार साधारण डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है। बैठक में समस्त सदस्यों की उपस्थित प्रार्थनीय है। समस्त सदस्यों को सूचना पृथक से डाक द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किया जा चुका है।

**(लता गिल)** प्रशासक एवं सहकारी निरीक्षक
गायत्री गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

**न्यायालय अपर तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर, बैरागढ़ वृत्त, भोपाल**

प्रकरण क्रमांक -0444/अ-6/2025-26
दिनांकः-12/09/2025
ग्रामः- नयापुरा

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्रीमती भारती मोदी पत्नी श्री चन्द्र कुमार मोदी, निवासी मकान नं-ए/502, हिमांशु टॉवर, गुफा मंदिर रोड, भोपाल, म.प्र. द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक-14, 15, 16, 18, 20, 79, 80, 81, 82, एंव 83/1 पर स्थित भू-खण्ड/प्लाट क्रमांक 295 का रकबा 1209.37 वर्गफीट अर्थात 112.5 वर्गमीटर भूमि का नामांतरण पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रकरण न्यायालय में प्रचलित है। जिसके संबध मे मौखिक रूप से सूचना दिया जाना संभव ना होने के कारण उद्घोषणा प्रकाशन किया जाता है। उक्त सबंध मे किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से07 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति न्यायालय में पेश कर सकता है। निर्धारित समय अवधि पश्चात प्रकरण मे विधि अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जावेगी। आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 19/09/2025 को पेशी नियत है। उक्त घोषणा दिनांक 12/09/2025 को न्यायालय अपर तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त द्वारा मेरे मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**अपर तहसीलदार, संतहिरदाराम नगर, बैरागढ वृत्त भोपाल म.प्र.**

**कलचुरियन्स क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, मध्यप्रदेश, भोपाल**

(पंजीयन क्रमांक / साख / एमएस-2 / मुख्यालय / 251, दिनांक 04.03.2014)
कार्यालय - एच.आई.जी.-5, फेस-2, वैभव होम्स, अयोध्या बायपास, भोपाल-462022
क्रमांक/वा.सा. सभा/2025/क्यू-
भोपाल, दिनांकः 12.09.2025

**// वार्षिक साधारण सभा की सूचना //**

संस्था के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कलचुरियन्स क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., मध्यप्रदेश, भोपाल की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 28.09.2025, दिन रविवार को समय प्रातः 11.00 बजे कार्यालय-एच.आई.जी.-5, फेस-2, वैभव होम्स, अयोध्या बायपास, भोपाल पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

भवदीय **(आर.सी. शर्मा)** अध्यक्ष
कलचुरियन्स क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लि., मध्यप्रदेश, भोपाल

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644





**हरिभूमि** समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
**साईट:-** 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद





**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल





**आवश्यकता**
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457
R-04 to 19-09-2025


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5987



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5986 का हल**



## सूडोकू नवताल- 5997

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 5996 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## मुख्यमंत्री ने झाबुआ को 350 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी

# राजगढ़ पारा-राणापुर पेट्रोल पंप तक बनेगी 55 किमी टू-लेन रोड

## झाबुआ जिले में 25 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों को जीएसटी से छूट मिली है। वे भारत को आत्मनिर्भर बनाते हुए दुनिया के सामने चट्टान की तरह खड़े हैं। दुनिया के हर मंच पर प्रधानमंत्री के पहुंचने से ही रोशनी आती है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। भारत सरकार देश के 85 करोड़ जरूरतमंदों को निः शुल्क राशन वितरित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि झाबुआ को लगभग 350 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। राज्य सरकार ने इस अंचल के पारम्परिक भगौरिया पर्व को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलाया है। मुख्यमंत्री ने बहनों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इससे देश की संसद और विधानसभाओं में बहनों का प्रतिनिधित्व और बढ़ेगा।




### ग्राम पारा में नवीन नलजल योजना से निर्माण की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पेटलावद में सर्वसुविधायुक्त बस स्टैंड, श्रंगेश्वर तीर्थस्थल में घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, राजगढ़-पारा-राणापुर-पिटोल मार्ग 55 किमी 2 लेन मार्ग निर्माण, एनएच-47 दत्तीगांव फाटे से उमरकोट-बोलासा रायपुरिया 2 लेन मार्ग निर्माण 30.80 किमी, एनएच-47 से माछलिया मृगारुंडी मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल एवं मार्ग, झाबुआ-कल्याणपुरा-रायपुरिया मार्ग पर ग्राम कदवाली में टूटी पुलिया का निर्माण, ग्राम धतुरिया जिला झाबुआ से माही नदी पर पुलिया एवं लाबरिया जिला धार तक मार्ग निर्माण और ग्राम पारा विकासखंड रामा में नवीन नलजल योजना के निर्माण की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि झाबुआ जिले में 25 करोड़ की लागत से विभिन्न छात्रावास बनाए जाएंगे। झाबुआ के जनजातीय बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बनें और राज्य सरकार उनके देश से लेकर विदेश तक पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत जल्द मैं झाबुआ में मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास करने आऊंगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियुक्ति-पत्र वितरित

*पेटलावद में 10 साल पहले एक बड़ा ब्लास्ट हुआ था। मुख्यमंत्री ने इस दुःखद हादसे के मृतकों और उसके परिजन के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण सहित महिला एवं बाल विकास विभाग में नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया।*

## खबर संक्षेप

### ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराए जाने के लिए दिए निर्देश

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगरीय निकायों को उनके क्षेत्र में पेंशनधारियों को समग्र आईडी ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े ने नगरीय निकायों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में यह बात सामने आई कि पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे बड़ी संख्या में पेंशनधारियों की समग्र आईडी की ई-केवाईसी प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। ऐसी स्थिति में जिन पेंशनधारियों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगी, उनकी आगामी माह से पेंशन रोकी जा सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र आईडी की ई-केवाईसी अनिवार्य है। सामाजिक न्याय विभाग की ओर से इस कार्य के लिए 31 अगस्त तक की समय-सीमा निर्धारित की गई थी। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक पेंशनधारियों की ई-केवाईसी शेष है।

### मप्र मानव अधिकार आयोग का 31वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आज

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग का 31वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आरसीहीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, 13 सितम्बर को सुबह 11 बजे होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सत्येन्द्र कुमार सिंह, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल, मुख्य वक्ता एनएस नप्पिनाई, वरिष्ठ अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि कृष्ण शास्त्री पेड्यांला, कार्यकारी निदेशक, पीडब्लूसी, इंडिया, हैदराबाद एवं प्रो. अतुल पाण्डेय, निदेशक, राजीव गांधी साइबर लॉ सेंटर, एनएलआईयू, भोपाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष (कार्यवाहक) राजीव कुमार टंडन करेंगे।

## सीएम डॉ. यादव ने कहा, किसान चिंता न करें, प्रभावित हर खेत का होगा सर्वे

# मुख्यमंत्री ने किसानों को गले लगाया-ढांढस बंधाया और कहा, सरकार देगी हर संभव मदद

### डॉ. मोहन प्रभावित फसलों का जायजा लेने पहुंचे खेतों में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अतिवृष्टि से जहां भी फसलों को नुकसान हुआ है, वहां हर खेत का सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। किसान भाई चिंता न करें, राज्य सरकार उनके साथ खड़ी है। किसान भाई जरा भी चिंता न करें, सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे क्षेत्र में जहां भी नुकसान हुआ है हर खेत का पारदर्शिता के साथ पूरा सर्वे होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को रतलाम जिले की सैलाना तहसील के करिया गांव में अतिवृष्टि एवं पीला मोजेक से प्रभावित फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने जिला कलेक्टर को खराब हुई फसलों का सर्वे कराए जाने के निर्देश दिए। किसानों की मांग पर ग्राम रियावन से ग्राम कालूखेड़ा की सड़क बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने किसान मनोहर लाल मालवीय और राधेश्याम पाटीदार के खेतों में जाकर सोयाबीन की फसल का जायजा लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस संकट से किसानों को उबारेगी।

सैलाना तहसील के ग्राम करिया में प्रभावित फसलों का किया अवलोकन



### किसान से किया संवाद

खेतों में फसल निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान चौपाल में किसान भाइयों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रति केन्द्र एवं प्रदेश सरकार संवेदनशील है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के हित के लिए किसान सम्मान निधि दी जा रही है। साथ ही प्रदेश सरकार की ओर से भी किसानों को सहायता राशि दी जा रही है। प्रदेश के 30 लाख किसानों को सोलर पंप प्रदान किए जाएंगे। गायों के लिए गो-शालाएं बनाई गई है, जिससे निराश्रित गाय खेतों को नुकसान नहीं पहुंचा सकें।



### सरकार आपके साथ में चिंता मत करें: सीएम

*हम आपके साथ में है, चिंता मत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करिया गांव में किसान राधेश्याम पाटीदार को ढांढस बंधाते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने राधेश्याम पाटीदार सहित अन्य किसानों के खेत में जाकर प्रभावित फसलों का मुआयना किया और कहा कि मुसीबत की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ में हैं और सरकार से हर संभव मदद दी जाएगी। भ्रमण के दौरान जिले के प्रभारी एवं जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।*

## प्रमुख सचिव ने ली तैयारियों संबंधी बैठक

# मप्र में 2 अक्टूबर से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 अक्टूबर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत गांव-गांव पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जाएगा और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किए जाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। अभियान 3 चरणों में चलाया जाएगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जाएगी।



### नौ तक चलेगा अभियान

*अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव ने शुक्रवार को मंत्रालय में अभियान की तैयारियों संबंधी बैठक ली। बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि अभियान का प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया तथा अन्य संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। गांवों में मुनादी पिटवाकर इसकी जानकारी दी जाए।*

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के 270 पदों पर हुई 12 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश महिला बाल विकास विभाग की प्रदेश भर में की गई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार होने का आरोप लगा है। दलित पिछड़ा समाज संगठन (डीपीएसएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर सिंह यादव ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए बताया कि जिला दतिया के तीनों विकासखंडों में 270 पदों की भर्ती हुई, जिसमें करीब 10 से 12 करोड़ रुपए की वसूली की गई। यादव ने कहा कि मांग को लेकर हमारा प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव महिला बाल विकास, मुख्य सचिव से मिलकर मांग पत्र सौंपने जा रहा है। फिर भी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन एवं पार्टी भोपाल में उग्र आंदोलन करेगी।



### गजेंद्र तिवारी को विद्युत नियामक आयोग सदस्य नियुक्त किया

**भोपाल।** राज्य शासन ने गजेन्द्र तिवारी को मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। तिवारी वर्तमान में मध्यप्रदेश में विद्युत लोकपाल हैं। अब राज्य शासन ने तिवारी को यह जिम्मेदारी दी है।

### बालाघाट से रवाना की गई 2 ट्रक राहत सामग्री




## मुख्यमंत्री की छत्तीसगढ़ के बाढ़ प्रभावितों के लिए मानवीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य में अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए मानवीय पहल की है।

बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए शुक्रवार को बालाघाट से राहत सामग्री लेकर 2 ट्रक रायपुर के लिए रवाना किए गए है। बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने राहत सामग्री ट्रकों को झंडी दिखाकर बालाघाट से रायपुर के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर छत्तीसगढ़ के बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री के रूप में बर्तन, कपड़े, चादर, कम्बल एवं राशन सामग्री शामिल है। प्रभावितों के लिए 100 क्विंटल चावल, 10 क्विंटल दाल, 15 क्विंटल नमक, 1500 कम्बल, 2 हजार चादर एवं 950 बर्तन सेट भेजे गए हैं।

### बस मालिकों ने परिवहन मंत्री पर परिवहन माफिया बोलने का लगाया आरोप

**भोपाल।** उज्जैन प्रवास के दौरान परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा पत्रकार वार्ता में बस मालिकों को परिवहन माफिया कहा है, यह अशोभनीय व निराशाजनक है। इस तरह का आरोप लगाते हुए मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन ने सीएम डॉ. मोहन यादव से कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि 9 सितम्बर को उज्जैन प्रवास के दौरान पत्रकार वार्ता में परिवहन मंत्री ने कहा था परिवहन माफिया का जाल बिछा है उसे खत्म करना है। इस तरह का कथन बहुत ही अशोभनीय व निराशाजनक है, जो बस मालिक बहुत ही विषम स्थिति में अपनी बसों का संचालन किसी तरह करते हुए अपना व्यवसाय करते हुए जीवन यापन कर रहे है, उनके लिए यह अपशब्द बहुत ही अनुचित है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि मंत्री ने परिवहन विभाग का पद ग्रहण करने के बाद बेरियर बंद करने की बात कहीं, लेकिन वसूली की जा रही है।

## किसान न्याय यात्रा की सभा में गरजे कांग्रेस के नेता

# जहां भी गो-माता सड़क पर नजर आएंगी, कांग्रेस कार्यकर्ता घेरकर कलेक्टर कार्यालय ले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मध्यप्रदेश कांग्रेस ने उज्जैन में शुक्रवार को किसान न्याय यात्रा का आयोजन किया। न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने सरकार को घेरा। इस दौरान पटवारी ने कहा कि कांग्रेस आने वाले 15 दिनों में अभियान चलाएगी, जिस शहर में जहां भी गोमाता सड़क पर नजर आएंगी, वहां से कार्यकर्ता उन्हें घेरकर कलेक्टर कार्यालय लेकर जाएंगे।

वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता गो-माता की सेवा करेंगे। पटवारी ने आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण मामले में मुख्यमंत्री ने डंडे के जोर पर किसानों की जमीन लेने का प्रयास किया है।

### किसान न्याय यात्रा में वोट चोरी, भूमि अधिग्रहण का मुद्दा उठाया

*इधर किसान न्याय यात्रा में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग संवैधानिक संस्था है। इसमें पारदर्शिता होना चाहिए, लेकिन देखिए वोट चोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि 11 साल से जो शासन चला रहे उन्हें कोई परवाह नहीं, एमपी में आदिवासी, दलित सबका शोषण हो रहा है, किसान आत्महत्या कर रहे हैं। राहुल गांधी ने देश की जनता को वोट चोरी के बारे में दिखाया। खाद, बीज, बिजली, पानी किसी भी बात की चिंता सरकार को नहीं है। मैं आश्वस्त करता हूं किसानों के साथ हम अन्याय नहीं होने देंगे।*

### एडीएम को सौंपा ज्ञापन

सभा के बाद कृषि उपज मंडी गेट से कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर को ज्ञापन दिया। इसके बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट, जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता और विधायक महाकाल दर्शन के लिए रवाना हो गए। टावर चौक पर कुछ कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने पहुंचकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### छात्रों के लिए यादगार रहा विवि का दीक्षांत




राजधानी स्थित प्रदेश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में हाल ही में दीक्षांत समारोह हुआ। यह आयोजन विवि के इतिहास का काफी महत्वपूर्ण दीक्षांत समारोह माना जा रहा है। इसके पीछे प्रमुख कारण जो भी रहा हो, लेकिन विवि ने समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सबसे अधिक ध्यान रखा गया। जो छात्र यहां से डिग्री लेकर निकले हैं, उनके लिए यह दीक्षांत समारोह जीवन भर के लिए यादगार बन गया है। विवि की ओर से दिए गए गोल्ड मेडल के साथ ही प्रायोजित मेडल में कोई कमी नहीं रही। मेहमानों की आवभगत हो या डिग्री वितरण, सभी कार्य समय और पूरे एहतियात के साथ पूरे किए गए, जो विवि के फिलहाल प्रबंधन के लिए बड़ी बात हो सकती है।

### आरजीपीवी में हर दिन कोई न कोई विवाद क्यों?

प्रदेश की सबसे बड़े तकनीकी विश्वविद्यालय में करीब दो साल से विवादों का ग्राफ अचानक बढ़ गया है। पिछले दिनों भ्रष्टाचार, मनमानी, अनिमियतता के मामले में कई नप चुके हैं तो कई आरोप अभी भी पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। नवागत कुलगुरू विवि प्रबंधन की गहरी नसों तक अभी भी पहुंचने में संभवतः पूरी तरह सफल नहीं हो सके हैं। हालांकि, कुलगुरु की पदस्थापना के बाद से जमीनी स्तर पर काफी काम शुरू हुआ है, जिससे कई विवाद सुलझे हैं, लेकिन व्यवस्थाओं और प्रबंधन के अधिकारियों तक अभी नकेल कसने की जरूरत बताने के लिए कई छात्र पिछले दो महीने में सामने आ चुके हैं। कुछ ने प्रदर्शन किया तो कुछ ने मामले तक दर्ज कराए हैं। छात्रों को उम्मीद है कि इस दिशा में भी अब ठोस तरीके से काम काम जल्द शुरू होगा।

### अवकाश की अनुमति बनी मुसीबत

स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों को अवकाश की अनुमति लेना बड़ी मुसीबत नजर आती है, क्योंकि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए भी अवकाश लेना पड़ता है। ऐसे में कई बार शिक्षक अवकाश के लिए आवेदन से भी कतराते हैं। हालांकि जिनकी पहुंच आला अधिकारियों तक है, उनके अवकाश की स्वीकृति उसी दिन आ जाती है, लेकिन बिना पहुंच वाले शिक्षक चक्कर काटने के साथ ही यह कहते नजर आते हैं कि साहब बस पहुंच वालों की सुनते हैं। बाकी शिक्षक सिर्फ कार्यालय के चक्कर लगाते हैं।

### ऑनलाइन हाजिरी से बचने लगा रहे जुगाड़

स्कूल शिक्षा विभाग में ऑनलाइन हाजिरी की अनिवार्यता किसी के लिए सुविधा तो किसी के लिए मुसीबत बन गई है। ऐसे में नेतागिरी करने वाले कई शिक्षक इन दिनों आला अधिकारियों के चक्कर काटते नजर आ रहे हैं, ताकि प्रतिनियुक्ति पर जाकर इस ऑनलाइन हाजिरी से बचा जा सके। हालांकि संख्या इतनी बड़ी है कि अधिकारी भी परेशान है कि किसे प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाए।

संजीव सक्सेन, दीपेश कौरवा

## मुख्य सचिव जैन ने की समीक्षा

# 17 को बदनावर में होगा प्रधानमंत्री मोदी का आगमन सीएस ने हेलीपेड, मंच व्यवस्था की तैयारियों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बदनावर जिला धार में 17 सितंबर को आगमन को लेकर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को मंत्रालय में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम अनुसार न्यू ब्लु बुक अनुसार सुरक्षा को लेकर निर्देश-दिए गए।

बैठक में स्वागतकर्ताओं की सूची, हेलीपेड की व्यवस्था, फायरब्रिगेड, एम्बुलेंस एवं फ्यूल की व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, मंच व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, अस्पताल व्यवस्था, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी व्यवस्था और मीडिया पास पर चर्चा की गई।




### यह हुए शामिल

बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णबाल, संजय कुमार शुक्ल, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह, प्रमुख सचिव संदीप यादव, सचिव मुख्यमंत्री आलोक सिंह, आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना उपस्थित थे। इंदौर पुलिस कमिश्नर एवं कलेक्टर जिला धार वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### युवा मोर्चा ने राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला जलाया

प्रधानमंत्री मोदी की माता का कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे अपमान: अजय

**भोपाल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के भोपाल जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के समक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस का पुतला दहन किया। पाटीदार ने कहा कि कांग्रेस अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां का एआई द्वारा जनरेट वीडियो जारी कर लगातार अपमान कर रही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।



बाजारों में हाथी सहित पूजन सामग्री की महिलाओं ने की खरीदारी

# महालक्ष्मी व्रत कल, महिलाएं करेंगी हाथी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुहागन महिलाएं रविवार को महालक्ष्मी का व्रत रखेंगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी रविवार को महालक्ष्मी जीवत्पुत्रिका व्रत किया जाएगा। महालक्ष्मी पूजन सुहागवती महिलाओं द्वारा की जाएगी। तो वहीं दो दिन पहले यानी शुक्रवार को राजधानी के विभिन्न बाजारों में महिलाएं हाथी व पूजन सामग्री की खरीदारी करती नजर आईं।

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि महिलाएं प्रातःकाल 16 बार पानी अपने ऊपर गडुआ डालकर स्नान करती हैं। व्रत धारण करती है। सायं काल में 16 प्रकार के पकवान बनाकर मिट्टी के हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी की 16 दीप जलाकर पूजा पाठ एवं कथा, हवन, आरती के बाद महालक्ष्मी एवं चन्द्र देवता को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोलती हैं। कच्चे सूत में 16 गठान लगाकर पीले रंग से रंगकर दुर्वा के साथ उस गढ़े को बांधा जाता है।

16 प्रकार के पकवान बनाकर हाथी पर विराजमान महालक्ष्मी को अर्पित करेंगी 16 दीप



### सुख, समृद्धि, संतान की दीघार्यु के लिए पल्लू में बांधती हैं चीर

महालक्ष्मी जी को पीला वस्त्र पहनाकर पूजा के बाद उस वस्त्र से चीर निकालकर अपने साड़ी के पल्लू में बांधती हैं, ताकि परिवार में सुख, समृद्धि, संतान की दीघार्यु, मान-स मान लक्ष्मी से भरपूर रहे। महालक्ष्मी का व्रत सुहागवती करती है परंतु इसकी पूजा सार्वजनिक रूप से इकट्ठे होकर करती है। मोहल्ला, नगर, शहर, ग्रामीण इलाके प्रदेश एवं देश में इसकी पूजा धूमधाम से की जाएगी।

### इन स्थानों पर होगी सामूहिक पूजा

राजधानी में शीतलदास की बागिया व खटलापुरा सहित कुछ जगहों पर महिलाएं सामूहिक रूप से पूजन करेंगी। इस दौरान माता लक्ष्मी की मूर्ति के सामने श्रीयंत्र भी रखें। कमल के फूल से पूजन करें। इसके अलावा सोने-चांदी के सिक्के, मिठाई, फल भी रखें। इसके बाद माता लक्ष्मी के आठ रूपों की इन मंत्रों के साथ कुंकुम, अक्षत और फूल चढ़ाते हुए पूजा करें।

एमसीयू में लिंक्डइन एज ए टूल ऑफ पीआर, विषय पर हुई चर्चा

# लिंक्डइन आधुनिक जनसंपर्क का सशक्त उपकरण : तनुष्का सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के डिजिटल युग में जनसंपर्क केवल सूचना साझा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धारणा निर्माण, निवेशकों के साथ बेहतर संबंध तथा व्यक्तिगत ब्रांडिंग का एक अहम साधन बन चुका है।

पीआर केवल मीडिया कवरेज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विभिन्न टूल्स के माध्यम से एक संगठन, प्रोडक्ट या व्यक्ति की सकारात्मक छवि गढ़ने का प्रयास है। किसी भी ब्रांड या संगठन की साख, उसकी विश्वसनीयता को स्थापित करने में लिंक्डइन जैसे नेटवर्क की भूमिका बहुत अहम है। यह बात एडीजी क्राफ्ट कम्युनिकेशन, नोएडा की सीनियर लिंक्डइन कंटेंट स्ट्रैटिजिस्ट तनुष्का सिंह ने कही। एमसीयू के विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में लिंक्डइन एज ए टूल ऑफ पीआर, विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तनुष्का सिंह ने जनसंपर्क की अवधारणा




को समझाते हुए कहा कि पेशेवर नेटवर्किंग के जरिए स्थायी और सार्थक संबंध स्थापित किए जा सकते हैं।

निवेशकों तक सटीक और पारदर्शी जानकारी पहुंचाने में लिंक्डइन एक अहम मंच है। कॉर्पोरेट जगत और व्यक्तिगत स्तर पर विश्वसनीय पहचान बनाने का यह अनूठा साधन है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लिंक्डइन प्रोफाइल को केवल रिज़्यूमे के रूप में नहीं बल्कि स्वयं के ब्रांड के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए।

### उद्योग जगत से जोड़ने का एक मजबूत मंच

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि लिंक्डइन अकादमिक संस्थानों को उद्योग जगत से जोड़ने का एक सशक्त मंच है। छात्र इसके माध्यम से इंटर्नशिप ट्रेनिंग और रोजगार के विभिन्न अवसरों को प्राप्त कर सकते हैं। लिंक्डइन व्यावसायिक जगत में काफी उपयोगी बनता जा रहा है और सशक्त जनसम्पर्क एक माध्यम बन गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जया सुरजानी ने किया।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं को स्वच्छता किट देकर दी कैल्शियम की दवा

**भोपाल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा बुधवार को जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत चीचली बैरागढ़ स्थित हाई सेकंडरी स्कूल में सुपोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पोषण से जुड़ी जानकारियां प्रदान की गई। सेवा भारती स्वास्थ्य आयाम से डॉ. राम अवतार यादव ने कुल 62 छात्राओं को स्वच्छता किट और कैल्शियम की दवा वितरित की गई।

### धार्मिक समितियां अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी पंडाल की सज्जा करें

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों से कहा है कि वह रामलीला, दुर्गोत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए प्रबंध किए हैं। कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास के साथ मनाए और पंडालों में कम से कम 25 प्रतिशत की बिजली की बचत कर अपना बहुमूल्य योग्यदान दें।

### एम्स ने जीता राष्ट्रीय 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय वायरोलॉजी लैब' अवॉर्ड

**भोपाल।** एम्स भोपाल की वायरोलॉजी लैब को वर्ष 2024-25 के लिए देश की 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय वायरोलॉजी लैब' (गोल्ड कैटेगरी) के रूप में नई दिल्ली में आयोजित वीआरडीएल कॉन्क्लेव में चुना गया। यह पुरस्कार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने एम्स भोपाल की वायरोलॉजी लैब की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयोगशाला संक्रामक रोगों की पहचान, प्रकोप की जांच और वायरोलॉजी अनुसंधान के क्षेत्र में देश के लिए उत्कृष्ट योगदान दे रही है।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में 6 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**भोपाल।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शुक्रवार को 6 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं शैक्षिक लघु चलचित्र (संस्कृंतक फिल्म), एकल संस्कृत गीत, समूह गीत, रंगोली, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य का आयोजन किया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो.रमाकांत पांडे ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन स्पर्धाओं में बीएड, एमएड, शास्त्री, आचार्य , आईटेप आदि कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

शारदीय नवरात्रि 22 से: राजधानी में झांकी सजाने की तैयारियां जोरों पर

# इस बार नौ नहीं, दस दिनों की होगी नवरात्रि हाथी पर सवार होकर आएंगी माता जगदंबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणेश उत्सव के बाद शहर में अब नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नवरात्रि के दौरान शहर में बड़ी-बड़ी झांकियां सजाकर मां जगतजननी की स्थापना की जाती है। इस बार भी शहर में अलग-अलग धार्मिक तीर्थ स्थलों की तर्ज पर झांकियां तैयार हो रही हैं। गणेश उत्सव की तरह दुर्गा झांकियों में ऑपरेशन सिंदूर की झलक देखने को मिलेगी। नवरात्रि पर्व पर शहर में 5 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से झांकिया तैयार होंगी। शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ होगी। वहीं इस बार नौ नहीं दस दिनों की होगी। इसके साथ ही हाथी पर सवार होकर माता रानी आएगी।

मां चामुंडा दरबार भोपाल के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलेगी। मां आदिशक्ति की आराधना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व शारदीय नवरात्रि दस दिनों की होगी। श्रद्धालुओं को मां की उपासना का अवसर नौ दिनों की बजाय दस दिनों तक मिलेगा। इस बार माता का आगमन हाथी पर होगा और प्रस्थान मनुष्य की सवारी से करेंगी। जब रविवार और सोमवार के दिन माता का आगमन होता है तो माता का वाहन हाथी होता है। जब माता हाथी से आती हैं तो इसे बेहद ही शुभ माना जाता है। माता के हाथी पर आगमन पर उस वर्ष वर्षा अच्छी होती है। कृषी में वृद्धि होती है, दूध का उत्पादन बढ़ता है, साथ ही देश में धन धान्य की बढ़ोतरी होती है। उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से नवरात्रि के दिनों में वृद्धि को शुभ माना जाता है। इससे पहले द्वितीया तिथि की वृद्धि के कारण 2016 में शारदीय नवरात्रि दस दिनों का पड़ा था।

### ▶▶ शहर में 60 फीट तक की होंगी झांकी



न्यू मार्केट में बन रही भव्य झांकी में मथुरा की श्रीकृष्ण जन्म भूमि देखने को मिलेगी।

### ज्वाला देवी माता के होंगे दर्शन

एमपी नगर व्यापारी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस बार झांकी पंडाल में ज्वाला देवी के दर्शन कराए जाएंगे। जहां ज्वाला जलती दिखाई जाएगी। इसके अलावा देवी के नौ स्वरूपों की भी अलग-अलग प्रतिमाएं होंगी।

### थ्रीडी इफेक्ट के साथ गिर के जंगल की झांकी

मां दुर्गा उत्सव समिति मोती क्वाटर टीला जमालपुरा में माता के दरबार को गिर के जंगल सफारी के रूप में झांकी सजाई जा रही है। इसमें झरने, नदी व वन्य प्राणियों को थ्रीडी इफेक्ट के साथ दिखाया जाएगा।



### भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलभद्र के होंगे दर्शन

बिट्टन मार्केट मां वैष्णो दुर्गा उत्सव समिति की ओर से इस बार माता रानी के साथ ही भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलभद्र की 5 फीट के विग्रह पुरी से पं. कार्तिक पंडा समेत पांच पंडित लेकर आ रहे हैं। प्रतिमाएं बंगाल के कलाकार दीपक मंडल व उनकी टीम बना रही है।

माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस का उत्सव

# हिंदी राष्ट्रीय सौहार्द्र की भाषा, राष्ट्रीय एकता की सबसे अच्छी कड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी सौहार्द्र की भाषा है। यह राष्ट्रीय एकता की सबसे अच्छी कड़ी बन सकती है। यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में हिंदी दिवस की उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने एक स्वर से कही। हिंदी दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा हिंदी भाषा के महत्व पर विचार प्रस्तुत करने से हुई। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कविताओं, लघु कथाओं और शोध पत्रों के माध्यम से हिंदी की संवेदनशीलता, विविधता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए रचनात्मक योगदानों ने न केवल भाषा के सौंदर्य को उजागर किया बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों को भी सामने रखा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा सृष्टि कुमारी का हिंदी पर विशेष शोध, जिसमें उन्होंने हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर सारगर्भित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

### छात्रों ने कविता से श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया

सत्यम मिश्रा ने पाश्चात्यीकरण के संदर्भ में सिंहासन खाली करो कि जनता आती है पर आधारित अपनी कविता से श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उद्यांश पांडेय ने हिंदी की सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक भूमिका पर विशेष उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को मातृभाषा के महत्व से अवगत कराया। इस आयोजन में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि नई पीढ़ी हिंदी भाषा को न केवल आत्मसात कर रही है, बल्कि उसे और समृद्ध बनाने का भी संकल्प ले रही है। उत्सव का वातावरण पूरे समय उत्साह और सृजनात्मक ऊर्जा से भरा रहा। हिंदी दिवस का यह आयोजन विभाग के लिए एक यादगार क्षण साबित हुआ, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को भाषा की गरिमा और महत्व के प्रति पुनः प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग की अध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी, प्रोफेसर शिवकुमार विवेक सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

बच्चों को जीवन कौशल शिक्षा देने के लिए हुआ कार्यक्रम

# प्रदेश के 9300 हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में मनाया गया उमंग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उमंग है तो जिंदगी में रंग है... उमंग है तो प्रगति में संग है इस थीम पर आधारित उमंग दिवस का आयोजन शुक्रवार को प्रदेश के 9 हजार 300 हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में हुआ। इस कार्यक्रम में 20 लाख से अधिक बच्चों की भागीदारी रही। भोपाल के शिवाजी नगर स्थित सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में उमंग कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान की अपर परियोजना प्रबंधक मनीषा सेंतिया,



संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के राज्य प्रमुख सुनील जैकब, कार्यक्रम अधिकारी अनुराग सोनवलकर, डीईओ नरेन्द्र अहिरवार और मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में उमंग के नोडल अधिकारी अंकुश वर्मा ने भाग लिया।

बता दें कि उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस प्रोग्राम है, जिसे स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग और यूनाइटेड नेशन्स पापुलेशन फंड की बराबर भागीदारी से मिलकर चलाया जा रहा है। राज्य में अब तक 19 हजार शिक्षकों को उमंग के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### ऐसा करिकुलम जो खुद से खुद की पहचान करना सिखाता है

*मोटिवेशनल स्पीकर वर्मा ने बताया कि उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम बच्चों के जीवन कौशल शिक्षा आधारित एक ऐसा करिकुलम जो खुद से खुद की पहचान करना सिखाता है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को नजरों से नजरें मिलाकर मिलना सिखाता है। बच्चों को यह सिखाता है कि प्रत्येक बच्चे की प्रकृति अलग है। बच्चों को हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाने और प्रगति की ओर बढ़ते रहने की उमंग को मजबूत करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित 10 जीवन कौशलों से परिचित करवाना है। कार्यक्रम की जीवन कौशल सलाहकार सुश्री तबस्सुम खान ने बच्चों को जीवन में सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने के बारे में जानकारी दी।*

पंजीकृत शिक्षकों को दक्षता के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

# स्कूल शिक्षा विभाग के 2.30 लाख शिक्षकों का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग ने कार्यरत कर्मचारियों की संख्या के आधार पर पंजीकरण कर मिशन कर्मयोगी में 55 विभागों में 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में 2 लाख 30 हजार शिक्षकों का आईगोट पोर्टल पर प्रशिक्षण देने के लिए पंजीकरण किया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार के मिशन कर्मयोगी योजना में सरकारी शिक्षकों की कार्य क्षमता प्रशिक्षण के माध्यम से बढ़ाने के लिये मुहिम शुरू की है। देश में इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर मिशन कर्मयोगी के नाम पर की गई है।

### 3 प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाएगा

मिशन कर्मयोगी में यह निर्णय लिया गया है कि देश में सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को 3 प्रकार से प्रशिक्षण दिया जाए, इसमें 70 प्रतिशत प्रशिक्षण डिजिटल माध्यम से दिया जायेगा। योजना में 20 प्रतिशत प्रशिक्षण ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से और 10 प्रतिशत प्रशिक्षण प्रत्यक्ष मोड से होंगे।

### 15 सितंबर से शुरू होगा

केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश में 15 से 19 सितंबर तक कर्मयोगी पहवज पर सीखें सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान राज्य सरकार के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को न्यूनतम 2 प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य किया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यापक निर्देश जारी किए है। इस कार्य के लिए विभाग ने प्रत्येक जिले में जिला परियोजना समन्वयक और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी बनाया है। इस संबंध में आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी ने भी सभी जिला कलेक्टर्स को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सुविधा अपने वेतन और जनसहयोग से जुटाई

पुरस्कृत शिक्षक-4

# शिक्षक मोहन सिंह के स्कूल में स्मार्ट क्लास से होती है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह जिले के माध्यमिक शिक्षक मोहन सिंह गौंड़ ने अपने वेतन और जनसहयोग से अपने स्कूल को बेहतर बनाया है। स्कूल में बकायदा स्मार्ट क्लास तैयार की गई है। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके अलावा स्कूल भवन को भी बच्चों की सुविधा के अनुसार तैयार किया गया है।

दमोह जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सतौआ में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक मोहन सिंह गौंड़ बताते हैं कि वह करीब 15 साल से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। पहली पदस्थापना 2010 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सतौआ में हुई थी। इस दौरान स्कूल में बच्चों की संख्या



लगभग 44 थी, ऐसे में नामांकन बढ़ाने के लिए आस-पास के क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर अभिभावकों से चर्चा की और उन्हे जागरूक किया। नतीजन आज स्कूल में 70 से अधिक विद्यार्थी हैं। स्कूल में बच्चों के लिए फर्नीचर सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि वह सुविधा के साथ बेहतर शिक्षा हासिल करें।

### स्कूल में शिक्षा का कोना तैयार

स्कूल में बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी तैयार की गई है, जिसे शिक्षा का कोना नाम दिया गया है। इसमें पूर्व छात्रों का भी सहयोग लिया गया है और बच्चों के लिए उपयोग सभी शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था की गई है। अगर कोई बच्चा 2-4 दिन स्कूल नहीं आता है, तो शिक्षक मोहन सिंह गौंड़ अन्य बच्चों के साथ उसके घर पहुंचते हैं और वहीं पर कक्षा का संचालन किया जाता है। स्कूल परिसर में पर्यावरण के लिहाज पौधारोपण किया है।

# शिक्षक श्रीकांत कुर्मी बच्चों को खेल-खेल में कराते हैं पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दमोह जिले के शिक्षक श्रीकांत कुर्मी बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई कराते हैं। इसके लिए वह वह बच्चों को रेत, आटा, उपले की राख, लकड़ी के बुरादे का उपयोग करते हैं, जिससे बच्चे लिखना सीखते हैं। गीली मिटटी से वर्ण, अक्षर बनाना भी सिखाते हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई कराई जाती है। हाल ही में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत दमोह जिले के शासकीय प्राथमिक शाला, बसिया के प्राथमिक शिक्षक श्रीकांत कुर्मी बताते हैं कि वह बीते करीब 11 साल से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। पहली पदस्थापना छतरपुर जिले के बकस्वाहा स्थित प्राथमिक शाला मछंदरी में हुई थी। इस दौरान बच्चों की संख्या बढ़ाने के साथ बच्चों को खेल-खेल में



पढ़ाने का कार्य किया। नतीजन परिणाम बेहतर मिले। स्कूल में संख्या भी बढ़ी और परीक्षा परिणाम में सुधार आया। इसके 2019 में दमोह के शासकीय प्राथमिक शाला, बसिया भेजा गया। उस दौरान स्कूल में 102 संख्या थी, जिसको बढ़ाने के लिए प्रयास किए, नतीजन स्कूल में बच्चों की संख्या 129 तक पहुंची।

### प्रत्येक घर में पहुंचकर संपर्क

स्कूल में अभिभावकों की सहभागिता भी बढ़े इसके लिए प्रत्येक घर में पहुंचकर संपर्क किया जाता है। समय-समय पर अभिभावकों के साथ बैठक भी की जाती है। ऐसे में स्कूल में पढ़ाई का स्तर यह है कि कक्षा दूसरी बच्चे परीक्षा आने के पहले 45 से 65 शब्द प्रतिमिनट समझ के साथ पढ़ पाते हैं।

## स्वयंश्री सम्मेलन में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक संग्रह लांच

# रिलायंस मप्र में 3.8 लाख महिलाओं को बनाएगा सशक्त लखपति दीदी

वाणिज्य डेस्क ⏭ भोपाल

रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन द्वारा एमपीएसआरएलएम (मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) के सहयोग से संचालित स्वयंश्री कार्यक्रम ने अब तक मध्य प्रदेश में 3.8 लाख से अधिक महिलाओं को "लखपति दीदी" बनने की दिशा में सशक्त बनाया है।

इस अवसर पर भोपाल में स्वयंश्री सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें नीति निर्माताओं, सामाजिक संस्थाओं, उद्योग जगत और महिला समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और महिलाओं की आजीविका को मज़बूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की। सम्मेलन में बोलते हुए एमपीएसआरएलएम की सीईओ हर्षिका सिंह (आईएएस) ने कहा कि स्वयंश्री कार्यक्रम ने महिलाओं को अपनी पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर नए सपने देखने की




प्रेरणा दी है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों और संघों के माध्यम से लाखों महिलाएँ अपनी आय बढ़ाने के काम में जुड़ी हैं और यह मॉडल जिले और राज्य स्तर पर भी अपनाया जा सकता है। रिलायंस फाउंडेशन की महिला सशक्तिकरण प्रमुख एन. दीप्ति रेड्डी ने कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने और उनकी आय में सुधार करने का एक मज़बूत साधन है।

### स्थायी आय के अवसर बना रहा

*गेट्स फाउंडेशन के निदेशक अलकेश वाधवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के "लखपति दीदी" विजन से प्रेरित होकर स्वयंश्री कार्यक्रम महिलाओं के लिए स्थायी आय के अवसर बना रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार, निजी क्षेत्र और सामाजिक संगठनों का मिलकर काम करना ही बड़े पैमाने पर महिलाओं के जीवन में बदलाव ला सकता है। कार्यक्रम के दौरान 'महिलाओं की आजीविका को मजबूत बनाने के लिए मध्य प्रदेश की सर्वोत्तम प्रथाएं' नामक एक संग्रह भी जारी किया गया। इसका उद्देश्य मध्य प्रदेश, गुजरात और ओडिशा की दस लाख महिलाओं तक पहुंचना है और उनकी घरेलू आय को न्यूनतम एक लाख रुपए वार्षिक तक बढ़ाना है। यह कार्यक्रम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से लागू किया जा रहा है।*

## एसबीआई ने ऑटो स्वीप की सीमा बढ़ाकर 50 हजार की

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी ऑटो-स्वीप सुविधा में बदलाव किया है। इस सुविधा के तहत बचत खाते में अतिरिक्त राशि को फिक्स्ड डिपॉजिट में बदला जाता है। अब ग्राहकों को अपने बचत खाते में कम से कम 50,000 रुपए रखने होंगे। पहले यह सीमा 35,000 रुपए थी। इस बदलाव से उन ग्राहकों पर असर पड़ेगा जो कम बैलेंस रखते थे और इस सुविधा का फायदा लेते थे। एसबीआई की इस सुविधा को मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट योजना कहा जाता है। इसके तहत बचत खाते में 50 हजार रुपए से ज्यादा की राशि को ऑटोमैटिकली फिक्स्ड डिपॉजिट में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यह राशि 1,000 रुपए की इकाइयों में बदलती है। इन डिपॉजिट पर बचत खाते से ज्यादा ब्याज मिलता है। यह ब्याज सामान्य टर्म डिपॉजिट की दरों के बराबर होता है।

## क्रेडाई नेटकॉन-2025 में चमका 'कमाल का भोपाल' अभियान

# अंतरराष्ट्रीय मंच पर शशि थरूर ने की रिपोर्ट के कंटेंट की प्रशंसा, आशुतोष ने किया अवलोकन

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सिंगापुर के मरीना बे सैंड्स में चल रहे क्रेडाई नेटकॉन-2025 में राजधानी भोपाल की पहल 'कमाल का भोपाल' अंतरराष्ट्रीय मंच पर चर्चा का विषय बनी। नेटकॉन में क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक ने डॉ. शशि थरूर और अभिनेता आशुतोष राणा से विशेष मुलाकात की।

शहरी विकास, साहित्य और राजधानी की पहल 'कमाल का भोपाल' पर विस्तार से बातचीत हुई। भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व राजनयिक डॉ. शशि थरूर ने रिपोर्ट के कंटेंट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह राज्यों कीराजधानियों के बेहतर विकास के लिए मॉडल बन सकती है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम के लिए ऐसी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश अपने चीफ ऑफ स्टाफ को दिए। जबकि आशुतोष राणा ने कहाकि महालक्ष्मी सरस्वती के साथ आती हैं। हमारी राजधानी बेहद खूबसूरत है और खूबसूरती को अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता है। उन्होंने दुष्यंत कुमार संग्रहालय आने का आमंत्रण स्वीकार किया।




### अभियान अब राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन रहा

*इस अवसर पर क्रेडाई नेशनल प्रेसिडेंट शेखर पटेल को औपचारिक रूप से 'कमाल का भोपाल' रिपोर्ट सौंपी गई। पटेल ने कहा कि वे केंद्र सरकार से होने वाली चर्चाओं में भोपाल का पक्ष शहरी विकास मंत्रालय के समक्ष रखेंगे। मनोज मीक ने कहाकि नेटकॉन-2025 ने हमें भोपाल राजधानी क्षेत्र के लिए अपना नजरिया साझा करने का अवसर दिया। 'कमाल का भोपाल' अभियान अब राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन रहा है।*

## चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर, सोना भी हुआ महंगा

# चांदी 1.30 लाख तो सोना हुआ 1.13 करोड़ रुपए

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सोने-चांदी के भाव में शुक्रवार को रिकॉर्ड तेजी देखी गई है। चांदी के भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। घरेलू बाजार सराफा चौक बाजार में सोने के भाव 1 लाख 13 हजार रुपए प्रति दस ग्राम और 1 करोड़ 13 लाख रुपए किलो के भाव पर व्यापार किया। जबकि चांदी के भाव मय जीएसटी 1 लाख 30 हजार रुपए किलो बोली गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई, लेकिन बाद में इनके भाव चढ़ गए।

कॉमेक्स पर सोना 3,672.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 3,673.60 डॉलर प्रति औंस था। लेकिन यह 16.80 डॉलर की तेजी के साथ 3,690.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार किया। जबकि कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 42.05 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 42.14 डॉलर था और यह 0.38 डॉलर की तेजी के साथ 42.53 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार किया। बाजार के जानकारों का कहना है कि भूराजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका के



कमजोर जॉब आंकड़ों के बीच सोने की चमक और तेज हुई है। जिस तरह वैश्विक बाजार की स्थिति बनी है, उसमें निवेशक लगातार सोने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी कमजोर जॉब्स आंकड़े और यूएस फेड की तरफ से रेट कटौती की उम्मीद के बीच सोना 3655.83 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। यानी इसमें 0.54 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है।

# बैंक ऑफ इंडिया की 92वीं शाखा कटारा हिल्स में खुली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया ने अपने 92वें शाखा का शुभारंभ कटारा हिल्स, भोपाल अंचल में किया। यह उद्घाटन बैंक की विस्तार यात्रा और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शाखा का उद्घाटन संजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एफजीएमओ एमपी-सीजी, बिकाश रंजन पटनायक, आंचलिक प्रबंधक भोपाल अंचल, भंवरलाल हर्ष, सहायक महाप्रबंधक एफजीएमओ एवं संगीता गुप्ता, उप आंचलिक प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रवि कुमार, मार्केटिंग हेड आरके रंजन, जीओडी हेड प्रकाश वर्मा तथा विभिन्न शाखाओं एवं अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सदैव आधुनिक, पारदर्शी और ग्राहक-हितैषी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं जैसे स्टार होम लोन, स्टार व्हीकल लोन, एमएसएमई लोन, कृषि ऋण, डिजिटल बैंकिंग और बीमा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय निवासियों, ग्राहकों एवं व्यवसायिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राहकों ने नई शाखा खुलने पर खुशी जताई और कहा कि अब उन्हें अपने घर एवं व्यवसाय के पास ही गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कटारा हिल्स शाखा को क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया है, जो खुदरा एवं कॉर्पोरेट दोनों ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करेगी और भोपाल जिले में बैंक की उपस्थिति को और सुदृढ़




करेगी। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एफजीएमओ एमपी-सीजी ने कहा कि यह शाखा न केवल वित्तीय सशक्तिकरण का केंद्र बनेगी, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। कार्यक्रम का समापन उप अंचल प्रबंधक संगीता गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त करने के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी ग्राहकों, स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।


## डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग

# तकनीकी खामियों से परेशान टैक्सपेयर्स

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की डेडलाइन जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे कि राज्यों की चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन के द्वारा डेडलाइन को आगे बढ़ाने की मांग की जा रही है।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआईए) भोपाल के वरिष्ठ कर सलाहकार और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स राजेश जैन ने बताया कि आयकर पोर्टल से एआईएस एवं टीआईएस डाउनलोड नहीं हो रहे हैं इस कारण से आयकरदाता आयकर विवरणी के लिए तैयार डेटा को




एआईएस एवं मिलान नहीं कर पा रहे हैं। आयकर विभाग का कहना है कि एआईएस से मिलान के उपरांत ही अपनी आयकर विवरणी दाखिल करें। एआईएस नही प्राप्त होने के कारण आयकर विवरण दाखिल नहीं कर पा रहे है। आईटीआर फाइलिंग की डेडलाइन को आगे बढ़ाने का आग्रह है। उन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने वाले पोर्टल पर कई समस्याओं और गड़बड़ियो के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने डेडलाइन 15 अक्टूबर 2025 तक बढ़ाई जानी चाहिए। ताकि करदाता आसानी से रिटर्न फाइल कर सकें। इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की समय- सीमा को आगे बढ़ाने के पीछे के कई कारण बताए गए हैं। त्यौहारी सीजन के कारण अनुपालन बोझ में वृद्धि के कारण भी समय पर आईटीआर फाइल नहीं हो पर रहे हैं। इसके अलावा ई-फाइलिंग पोर्टल पर तकनीकी गड़बड़ियों की भी शिकायत मिली है।

## द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने अपना पहला फ्लेक्सी कैप फंड लांच किया

एजेंसी ⏭ मुंबई

पैंटोमैथ ग्रुप की कंपनी द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने फ्लेक्सी कैप फंड नाम से एक नया फंड ऑफर (एनएफओ) के लॉन्च की घोषणा की है। यह 24 सितंबर को खुलेगा और 8 अक्टूबर को बंद होगा।

इसे लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में निवेश कर अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है। द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड चुस्ती, साइंटिफिक डिलिजेंस और वितरक-प्रधान इकोसिस्टम के साथ निवेश में विश्वास करती है। वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड भारतीय निवेश परिदृश्य में संस्थागत-गुणवत्ता वाले शोध, पीई-स्टाइल के उचित परिश्रम और रिटेल फर्स्ट पहुंच का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करती है। वेल्थ कंपनी फ्लेक्सी कैप फंड को बुनियादी बातों, मूल्यांकनों और बाहरी वास्तविकताओं के आधार पर बाजार पूंजीकरण में डायनॉमिक रूप से आवंटन करके वास्तविक चपलता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## बिजनेस न्यूज

### हर्बालाइफ 'सस्टेनेबल सप्लाई चेन अवॉर्ड' से सम्मानित




**भोपाल।** हर्बालाइफ इंडिया को बिगबॉक्स इंडिया 2025 में 'सस्टेनेबल सप्लाई चेन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कंपनी अपनी इस मान्यता की सूचना सगर्व सार्वजनिक करती है। इस शिखर सम्मेलन में ई-कॉमर्स और रीटेल क्षेत्र के भारत के सबसे नवोन्मेषी लोग नए रुझानों पर चर्चा करने और यह तय करने के लिए एकजुट हुए हैं कि डिजिटल युग में उपभोक्ता ब्रांड के साथ कैसे चर्चा करेंगे। हर्बालाइफ इंडिया के प्रबंध निदेशक अजय खन्ना ने कहाकि इतने प्रतिष्ठित मंच पर यह मान्यता प्राप्त करके हम वास्तव में सम्मानित हुए हैं। उन्होंने कहाकि यह पुरस्कार हमारे परिचालन के हर चरण में जिम्मेदार सोर्सिंग से लेकर उत्पाद वितरण तक - स्थिरता को शामिल करने के हमारे अटूट प्रयासों का प्रमाण है।

### पार्क प्लस ने भोपाल में पेश किया एआई सक्षम स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम

**भोपाल।** स्मार्ट वाहन मैनेजमेंट सिस्टम प्रदाता पार्क प्लस ने भोपाल में अपना एआई सक्षम स्मार्ट वाहन सिस्टम लांच किया। पार्क प्लस के एआई सक्षम स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के साथ, इंसानी हस्तक्षेप कम से कम होगा, जिससे प्रतीक्षा समय में भारी कमी आएगी और रेजिडेंशियल सोसायटी, मॉल और कॉर्पोरेट पार्कों में प्रवेश करने वाले कार मालिकों को वास्तव में डिजिटल अनुभव प्राप्त होगा। पार्क प्लस एआई सक्षम सिस्टम भारत भर में 40 से अधिक शहरों, 10,000 रेजिडेंशियल सोसायटी, 600 कॉर्पोरेट पार्कों और 100 मॉल में मौजूद हैं।

### कोटेक हेल्थकेयर ने सेबी को सौंपा आईपीओ दस्तावेज

**मुंबई।** कोटेक हेल्थकेयर लिमिटेड भारत के अनुबंध विकास एवं विनिर्माण संगठन उद्योग में 24 अलग-अलग किस्म के फॉर्मूलेशन में क्षमता के साथ खुराक के रूपों की संख्या के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है और इसने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इसमें 2,950 मिलियन तक के ताजा निर्गम (फ्रेश इशू) और 5 रुपए अंकित मूल्य वाले 60 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री (ऑफर फॉर सेल) का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी सीडीएमओ के रूप में काम करती है, जो पेटेंट मुक्त जो ऑफ-पेटेंट दवाओं, जैसे जटिल जेनेरिक दवाओं, का विकास, लोन लाइसेंसिंग और उत्पादन करती है। कंपनी के पोर्टफोलियो में इंजेक्शन, टैबलेट, कैप्सूल, मलहम, आई ड्रॉप, एम्पुल, शीशियां, तरल और सूखे सिरप, और इन्फ्यूज़न सहित कई खुराक वाले उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

### सैमसंग करेगा एसआईसी का छह गुना विस्तार

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम, सैमसंग इनोवेशन कैंपस के विस्तार की घोषणा की। यह विस्तार भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करने और सरकार के डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया विजन को सपोर्ट करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस स्किलिंग कार्यक्रम का विस्तार इस साल 10 राज्यों में होगा, 2024 में इसमें चार राज्य शामिल थे। यह 2025 में 20,000 स्टूडेंट्स को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा, और कोडिंग जैसे भविष्य के तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित करेगा, पिछले साल के 3,500 स्टूडेंट्स की तुलना में इसमें छह गुना की वृद्धि दर्ज की गई है।

### एमेजन एमएक्स प्लेयर पर नया 'राइज एंड फॉल' रियलिटी शो

**मुंबई।** एमेजन एमएक्स प्लेयर के जिस रियलिटी ब्लॉकबस्टर 'राइज़ एंड फ़ॉल' का बेसब्री से इंतज़ार था, वो बड़ी तेजी से लोगों के बीच चर्चा का विषय बनता जा रहा है। इस शो में शामिल कंटेस्टेंट्स अभी से ही धूम मचा रहे हैं, जिनमें टेलीविज़न के पसंदीदा और डिजिटल जगत के चहेतों से लेकर कॉमेडियन और एक्टर्स के साथ-साथ ऐसे इन्फ्लुएंसर्स शामिल भी शामिल हैं। शो के प्रायोजकों में को-पावर्ड बाय पार्टनर के तौर पर लक्स कोज़ी, ऑफिशियल लाइटिंग पार्टनर के तौर पर ओरिएंट इलेक्ट्रिक आदि बड़े-बड़े ब्रांड्स शामिल हैं।

### फिल्म फेयर ग्लैमर के साथ ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ने की साझेदारी

**मुंबई।** ब्लेंडर्स प्राइड ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 के साथ अपनी प्रमुख साझेदारी की घोषणा की। दो प्रतिष्ठित शक्तियों का यह मिलन एक शानदार मंच तैयार करता है, जो फैशन, स्टाइल और मनोरंजन की बेहतरीन दुनिया पर रोशनी डालता है। दशकों से ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के साथ फैशन और लाइफस्टाइल की दुनिया में एक अमिट शक्ति रहा है। फिल्मफेयर भारत की लंबे समय से स्टाइल और मनोरंजन की आवाज रहा है, जिसने पीढ़ियों से स्टारडम की परिभाषा तय की है।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 1931/राजस्व/भोविप्रा/25
भोपाल दि. 13.06.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की गीताजली कॉम्पलेक्स योजना में स्थित एच. आई.जी.प्रकोष्ठ क्रमांक – 03/08 एवं गेराज क.सी–05 वर्तमान में के. संजीव नाबालिक शौर्य कृष्णान नाबालिक श्रेया कृष्णान द्वारा संरक्षक पिता के कृष्णान के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री के. संजीव द्वारा न्यायालय द्वारा परित आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ एवं गेराज का श्रीमती प्रभावती देवी पत्नी श्री महेन्द्र कुमार तिवारी को विक्रय/हस्तानातंरण की अनुमति आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

परिशिष्ट B संख्यांक 13

**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/1406/2023
गुड्डी बाई बनाम मनीष जाटव
NEXT DATE: 13-10-2025

प्रेषिती-
आशीष बघेल S/O ठाकुर सिंह बघेल
पता - 118-ए करोंद कला गैस राहत कालोनी बैरसिया रोड भोपाल

यह कि प्रार्थी गुड्डी बाई ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/1406/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश (मनोहरलाल पाटीदार) सदस्य मैक ट्रिब्यूनल, द्वितीय अति. मोटर. दु. दावा अधि. भोपाल (म.प्र.)**

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान**

खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (IASTP) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (NSEs) (विज्ञान विषयों के लिए) में शामिल होना होगा।

NSE में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

नामांकन के लिए :
NSE: https://www.iapt.org.in
(21 अगस्त 14 सितंबर, 2025)
अधिक जानकारी के लिए:
https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org

CBC 48143/12/0008/2526

**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Email ID-cmoamdi@gmail.com

क्रमांक /919/ न०पं०/ लोनिवि / 2025-26 — आमदी, दिनांक 10/09/2025

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 175192 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (RupeesOne lakhFifty Thousandonly) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | INR Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF UNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | Construction Period-15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 03.10.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्ते / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब पोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत आमदी जिला- धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)**
**लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र. 2,**
**बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

सूचना प्रकाशन क्रमांक 18/व.ले.लि./2025-26 — भोपाल, दिनांक 10/09/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है :

| सं. क्रं. | पोर्टल टेन्डर क्रं. | एनआईटी क्रं. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_450649_1 | 10/SAC 2025-26 | वार्षिक विद्युत मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय / गैर आवासीय भवन अंतर्गत वि/यां उपसंभाग विदिशा जिला विदिशा | द्वितीय आमंत्रण | 1500000.00 | 30000.00 | 2000/- |
| 2 | 2025_PWDRB_450650_1 | 19/SAC 2025-26 | पोल शिफ्टिंग एवं डिसमेंटलिंक 11 केव्ही एल टी लाईन पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग एवं कन्स्ट्रक्शन आर ओ बी लेवल क्रांसिंग 273 गुलाबगंज जिला विदिशा | चतुर्थ आमंत्रण | 3121000.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_450651_1 | 177/TS 2024-25 | प्रोवाईडिंग पोल शिफ्टिंग एवं हाईट रेसिंग ऑफ 33 केव्ही 11 केव्ही एल टी लाईन एवं डीटीआर ट्रांसफार्मर ड्यू टू कन्स्ट्रक्शन ऑफ रोड लसूडिया परिहार से बिजलोन (बाया खरायपुरा) जिला सीहोर | द्वितीय आमंत्रण | 2756331.00 | 50000.00 | 5000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_450653_1 | 174/TS 2024-25 | प्रोवाईडिंग पोल शिफ्टिंग एवं हाईट रेसिंग ऑफ 11 केव्ही, एल टी लाईन एट सकतपुर से बेलना नहालपुर रोड (लंबाई 3.650 कि.मी) सब डिवीजन बेगमगंज (भ/प) जिला रायसेन | द्वितीय आमंत्रण | 1694868.00 | 33897.00 | 2000.00 |
| 5 | 2025_PWDRB_450654_1 | 36/SAC 2025-26 | स्पेशल रिपेयर विद्युतीकरण कार्य रेस्ट हाउस औबेदुल्लागंज, गौहरगंज, सिलवानी. बरेली, सर्किट हाउस रायसेन जिला रायसेन | प्रथम आमंत्रण | 622348.00 | 12447.00 | 2000.00 |
| 6 | 2025_PWDRB_450658_1 | 37/SAC 2025-26 | प्रोवाईडिंग इन्वर्टर चैट्री एवं अन्य विद्युतीकरण सामग्री लो नि वि रेस्ट हाउस ग्यारसपुर, नटेरन, बासौदा कुरवाई जिला विदिशा | प्रथम आमंत्रण | 168140.00 | 3363.00 | 1000.00 |
| | | | योग | | 9862687.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 10/09/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 26/09/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी गी होने पर उत्से उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि(वि/यां) संभाग क्र.02 भोपाल

G-18587/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## चिंतन

# कब, कैसे कर पाएंगे हम आधी आबादी की सुरक्षा

देश में महिला सुरक्षा या सम्मान की बात आते ही एक के बाद एक न जाने कितने दावे किए जाते हैं। कितने तरह के कानून की दुहाई दी जाती है, लेकिन बात जब भी धरातल की होती है और एक के बाद महिलाओं के प्रति अपराध की बात आती है तो लगता है कि बहुत कुछ किया जाना शेष है। दिल्ली में निर्भया हत्याकांड के बाद केंद्र सरकार ने कानून में आमूलचूल बदलाव किए। दावा किया गया कि अब कोई भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले सौ बार सोचेगा, लेकिन हुआ क्या। हर रोज समाचार पत्रों के पन्नों पर ऐसी खबरों की भरमार नजर आती है। 'नारी 2025' नामक राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट ने इस मुद्दे पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं, जो महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 40 फीसदी महिलाएं अपने शहरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह आंकड़ा शहरों के सार्वजनिक स्थानों, ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति का दर्दनाक सच बयान करता है। रिपोर्ट में रांची, श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद, पटना और जयपुर को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर माना गया है। दिल्ली और फरीदाबाद में लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, वहीं, कोहिमा को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर माना गया, जहां 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइज़ोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। अगर उत्पीड़न के आंकड़े को देखें तो 2024 में 7 फीसदी महिलाओं ने उत्पीड़न का सामना किया, जिसमें 18-24 साल की युवा महिलाओं का जोखिम सबसे अधिक था। दुःखद बात ये भी है कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की आधिकारिक रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। केवल 22 प्रतिशत महिलाएं अपने अनुभवों की रिपोर्ट पुलिस को देती हैं, और केवल 16 फीसदी मामलों में कार्रवाई होती है। यही कारण है कि महिला सुरक्षा में भारत की रैंकिग 177 देशों की सूची में 124वां स्थान है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। अब वीरवार के ही एक समाचार को देखें जिसमें एक महिला को उसी शख्स के हाथों सरेआम अपमान झेलना पड़ा, जिसके साथ उसने सात फेरे लिए थे। जिसने जीवन भर उसकी सुरक्षा का वादा किया। ऐसा भी नहीं कि पति और पत्नी अशिक्षित या पिछड़े इलाके से थे। पत्नी स्कूल में टीचर है और हैवान बन बैठा पति कॉलेज में लेक्चरर है। इसके बावजूद उसने अपनी पत्नी को सरेआम बेइज्जत किया। उसने अपनी पत्नी के गले में चप्पलों की माला डाली, उसके साथ मारपीट की और सड़क पर परेड कराई। यही नहीं इस शर्मसार करने वाली पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पति को अपनी पत्नी पर शक था कि उसके किसी और के साथ प्रेम संबंध हैं। अब इसे आप क्या कहेंगे। जब रखवाला ही हैवानियत करने लगे तो किससे उम्मीद करेंगे। एक ऐसा देश जहां साल में दो बार नवरात्र पर माता के रूप में महिलाओं को पूजा जाता है, उसी देश में महिला सुरक्षा की हालात ये है। अगर किसी को यह लगता हो कि सख्त कानून बनाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध खत्म हो जाएंगे तो ऐसा होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना होगा। उन परंपराओं का पालन करना होगा, जो हमारी संस्कृति ने हमें दी हैं। एकल परिवार से हटकर कुटुंब व्यवस्था की ओर लौटना होगा तभी हम आधी आबादी को सुरक्षित रख पाएंगे।



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से जनता को पता चला कि मंत्री और उनके परिजन देश-विदेश में ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ले रहे हैं। ब्रांडेड सामान के साथ फाइव स्टार जीवन विदेशों में व्यतीत कर रहे हैं।

इस वैभव की पृष्ठभूमि में सरकारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को मुख्य कारण माना। जबकि गरीब युवा प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा की संख्या में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। इस आंदोलन को पहले दक्षिणपंथी करार देने की कोशिशें हुईं, लेकिन वास्तव में यह आक्रोश उस कुंठा के चलते उपजा जो नेताओं और उनके परिजनों के वीडियो में भोग-विलास का जीवन जीते हुए दिखा। नेपाल में हिंसा और अराजकता इस हद तक फैली कि आंदोलनकारियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रियों तक के घर जला दिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी को जिंदा जला दिया। देश की सत्ता की इस राख में 22 युवाओं की सेना और पुलिस की गोलाबारी में हुईं मौतों की राख भी मिल गई। इस आंदोलन को सोशल मीडिया के साथ खासतौर से जेन-जी पर पाबंदी माना जा रहा है। हालांकि यह रोक युवाओं का आक्रोश देखने के बाद हटा ली गई थी। जेन-जी यानी जेनरेशन-जेड का बोध कराने वाली वह पीढ़ी है, जिनका जन्म 1997 से लेकर 2012 के बीच हुआ है। यानी वर्तमान में ये आंदोलनकारी किशोर एवं युवा हैं। इस आग में घी डालने का काम सुदन गुरुंग और बालेन शाह ने जेन-जी पर उपस्थिति दर्ज कराकर कर दिया। सुदन ओली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और परिवारवाद की मुहिम पूर्व से ही चला रहे थे। कुछ नेताओं की बढ़ती संपत्ति के विरुद्ध भी मोर्चा खोले हुए थे। इसी बीच 4 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो राजधानी काठमांडू के महापौर बालेन शाह सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्सेस किया और लिखा, 'कल की रैली जेन-जी की रैली है। इस रैली में कोई भी पार्टी, नेता, सांसद एवं कार्यकर्ता को निजी लाभ के लिए शामिल होने की जरूरत नहीं है। उम्र के कारण मैं जा नहीं सकता, लेकिन मेरा पूरा समर्थन है।' बालेन के चाहने वाले लाखों में हैं। देखते-देखते आंदोलन की दशा और दिशा तय हो गई और लाखों युवा आंदोलन के लिए काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। संसद और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, प्रधानमंत्री आवास पर पत्थरबाजी की और पूरे शहर में ऐसा तांडव मचाया कि सेना और पुलिस को नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाना पड़ा। नेपाल के इतिहास में इसे बड़ी तख्तापलट की घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले



बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह का जनआक्रोश फूट चुका है। वहां की सरकारें अपदस्थ हुई हैं। नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से उठ रही है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर चुके हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बाद में वे दोनों के आलोचक हो गए। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बना लिया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी चिंता से यह आक्रोश उपजा है।

नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है। इस चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी



# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां भी कम नहीं

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनाम तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चला था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा। राज्यसभा के सभापति पद पर भले ही कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। चुनौतियों की बात की जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी। राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा। राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना विपक्ष के लिए एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति



संकलित
## दर्शन

लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते हैं और उनका स्थान ग्रहण कर लेते हैं-क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नहीं रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे दुर्गुण, सारे पाप किसी व्यक्ति के हृदय में बैठ जाएँ तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक ही है। इसलिए लालच को सभी महा-आत्माओं ने तमाम संकटों की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य के अन्तःकरण में लालच का दैत्य एक बार प्रवेश कर गया, उसके लिए फिर जघन्य-से-जघन्य पाप कर डालना असम्भव नहीं रहता। आज का मानव दिन-ब-दिन अधिकाधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश-लिप्सा, संसार के समस्त सुख-साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम-अर्थ-धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्मदाता माँ-बाप की हत्या करने से भी नहीं चूकता। पग-पग पर आजीवन सुख-दुःख के सहभागी सहोदर की दैहिक-लीला को नष्ट करके भी यदि उसकी लालची भूख को क्षणिक तृप्ति मिलने की सम्भावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नहीं झिझकता।

# ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
## प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### घोटालेबाजों पर हो सख्त कार्रवाई


हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नैशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है।

- महेश शर्मा, दुर्ग

## करंट अफेयर

# लेबनान ने एलन मस्क की स्टारलिंक को दिया लाइसेंस

लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मस्क ने तीन महीने पहले लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की थी और देश के दूरसंचार तथा इंटरनेट क्षेत्रों में काम करने की दिलचस्पी जताई थी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान सरकार ने देश के बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों के लिए नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की घोषणा की।




लेबनान में भ्रष्टाचार से ग्रस्त ऊर्जा क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की स्थापना करना अंतरराष्ट्रीय संगठनों की एक प्रमुख मांग रही है। बिजली क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की नियुक्ति लगभग 20 वर्ष पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन देश की प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा बार--बार विलंब किया जाता रहा। इस कदम को लेबनान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो इस छोटे भूमध्यसागरीय देश में हर साल एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की बर्बादी करता है।

## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया से बच्चे सीख रहे हैं एआई का उपयोग


कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निबंध लेखन, भाषाओं का अभ्यास और गृह कार्य पूरा करने के तरीकों को तेजी से बदल रही है। शिक्षक भी अब पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक के लिए एआई उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बदलाव इतनी शीघ्रता से हो रहा है कि स्कूल, विश्वविद्यालय और नीति-निर्माता इसके साथ कदम मिलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इस तेज बदलाव के बीच अक्सर एक बुनियादी सवाल छूट जाता है-छात्र और शिक्षक वास्तव में एआई का उपयोग सीख कैसे रहे हैं? वर्तमान में यह सीखना अधिकांशतः अनौपचारिक तरीकों से हो रहा है। छात्र टिकटॉक या डिस्कॉर्ड पर सुझाव साझा करते हैं या चैटजीपीटी से निर्देश लेते हैं। शिक्षक स्टाफ रूम में आपस में चर्चा करते हैं या लिंक्डइन पर जानकारी हासिल करते हैं।



हालांकि यह नेटवर्क जानकारी तेजी से फैलाते हैं, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह, निगरानी या समानता जैसे गहरे मुद्दों पर विचार नहीं होता। यहीं पर औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिज्ञासा से आगे बढ़कर शोध से पता चला है कि अधिकतर शिक्षक एआई के लिए तैयार नहीं हैं। हालिया अध्ययन में पाया गया कि कई शिक्षकों को एआई उपकरणों की विश्वसनीयता और नैतिकता का आकलन करने का कौशल प्राप्त नहीं है।

## X ट्रेंड f

### बाढ़ स्थिति की समीक्षा



उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति को लेकर बैठक की। राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान को देखकर बहुत पीड़ा हुई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम हर जरूरी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नेपाल आंदोलन



कुछ लोग नेपाल आंदोलन का नाम लेकर भारत में राजशाही का सपना देख रहे हैं, वे असल में लंबे समय से लोकतंत्र के विरोध में मन में दबाए बैठी भावनाओं को बाहर निकाल रहे हैं। इनको ये समझना चाहिए कि यहां राजशाही के लिए जगह नहीं है।

-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद

### राधाकृष्णन को बधाई



सी.पी. राधाकृष्णन को आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### विनम्र नहीं, निडर रहें



जीवन में, आपको हमेशा विनम्र लेकिन निडर रहना चाहिए। सफलता में कभी भी अहंकार को जन्म नहीं देना चाहिए। इससे रक्षात्मक या अति सतर्क होने की प्रवृत्ति भी नहीं आनी चाहिए।

- अनिल अग्रवाल, उद्यमी

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में हुई वारदात

# पुरानी रंजिश में विवादः सगे भाइयों पर आरोपियों ने किया तलवार से जानलेवा हमला, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर में पुरानी रंजिश के कारण हुए विवाद में बदमाशों ने एक युवक और उसके भाई पर तलवार से हमला कर दिया। घटना गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास की है। एक युवक को तलवार सीने के पास लगी है, जबकि उसे बचाने के प्रयास में छोटे भाई के हाथ में तलवार लगी है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि आकाश कुशवाह (24) संजय नगर में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि उसका भाई संजय कुशवाह (30) उसके साथ रहता है। संजय कमला नगर थाने का निगरानी बदमाश है। उसकी बाबू नगर निवासी आकाश झारेवाला उर्फ आकाश विश्वकर्मा से पुरनी रंजिश है।

**तलवार संजय को सीने के पास लगी, जबकि बीच बचाव में आकाश कुशवाह की अंगुली कट गई**

संजय गुरुवार रात मोहल्ले में था और शराब के नशे में गदर कर रहा था। इसी बीच आकाश झारेवाला अपने साथी विक्की और अन्य के साथ पहुंचा। उसने पहुंचते ही संजय से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी बीच संजय का भाई आकाश कुशवाह वहां पहुंचा। उसने विवाद शांत कराने का प्रयास किया, आरोपी आकाश झारेवाला हाथ में तलवार लिए हुए थे। संजय ने उसका विरोध किया तो उसने तलवार से संजय पर हमला कर दिया। तलवार संजय को सीने के पास लगी है, जबकि बीच बचाव में आकाश कुशवाह की अंगुली कट गई।

*जमीन मालिक की डीसीपी कार्यालय में की शिकायत, पिता पुत्र पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज*

## 18 हजार वर्गफीट जमीन हड़पने प्रधान मंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ नाम से बनाया फर्जी लेटर हेड

*भोपाल। कोलार पुलिस ने पिता पुत्र पर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दर्ज किया। दरअसल, आरोपी पिता पुत्र ने फरियादी की जमीन के पास अवैध कब्जा कर रखा था और वह फरियादी की जमीन हड़पने की नियत से उसकी शिकायत कर रहे थे। शिकायत भी सादे पेपर पर नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री जन कल्याण प्रकोष्ठ नाम से फर्जी लेटर हेड बनाकर की गई थी। पुलिस के जानकारी के मुताबिक, सौरभ शरण की ग्राम देहरी कला में 18000 वर्गफीट जमीन है। जिसके अधिकतर हिस्से में घनश्याम राजपूत और विशाल अवैध तरीके से कब्जा कर रखे हैं। दबाव बनाने के लिए आरोपियों ने सौरभ के खिलाफ 28 अप्रैल 2023 को कोलार थाने में सौरभ के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद घनश्याम राजपूत ने अपने लेटर हेड में खुद को प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रकोष्ठ भाजपा मध्यप्रदेश का महासंयोजक बताकर डीसीपी जोन-4 को एक पत्र भेजा, जिसमें सौरभ के खिलाफ की गई शिकायत में कार्रवाई करने का जिक्र किया। इसके पीछे उसका मकसद यह था महासंयोजक बताकर वह पुलिस पर प्रेशर बनाना था। सौरभ ने जब इसकी पड़ताल कराई तो पता चला कि घनश्याम राजपूत प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना प्रकोष्ठ भाजपा मध्यप्रदेश का महासंयोजक नहीं है। वह पुलिस पर दबाव बनाने के लिए भाजपा का पदाधिकारी बन गया। विशाल राजपूत पुलिस की गुंडा सूची में है।*

*जीएमसी में एआई हेल्थ केयर पर ओरिएंटेशन वेबिनार*

## शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीक से भी जुड़ें चिकित्सा विद्यार्थीः डॉ. कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडीकल कॉलेज (जीएमसी) में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी हेल्थ केयर विषय पर ओ रि एं टे श न वेबिनार का आयोजन किया गया।

■ गांधी मेडीकल कॉलेज में पहली बार हुआ ऐसा आयोजन

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बायो हेल्थ साइंसेस अशोका यूनिवर्सिटी दिल्ली के अधिष्ठाता डॉ अनुराग अग्रवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने चिकित्सा छात्रों को इसके अवसरों और संभावनाओं से अवगत कराया। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ कुलदीप गुप्ता ने बताया कि इस वेबिनार का उद्देश्य चिकित्सकों और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी के बारे में जागरूक करना और आने वाले समय में इसके सहयोग व रिसर्च की संभावनाओं को समझना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह ने की। उन्होंने कहा कि जीएमसी का विजन है कि विद्यार्थी चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से भी जुड़ें। इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका डॉ लवली कौशल, डॉ स्वाति गोयल ने निभाई।

**खबर संक्षेप**

### कन्हैयालाल होंगे सिंधी सेंट्रल पंचायत के संयोजक

**संतनगर।** पिछले 20 सालों से संत हिरदाराम नगर की समस्याओं के निराकरण एवं विकास के लिए काम कर रही यहां की सामाजिक संस्था सिंधी सेंट्रल पंचायत अब राष्ट्रीय सिंधी सेंट्रल पंचायत बन गई है। वर्तमान में सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी एवं



महासचिव सुरेश जसवानी अपने पदों पर बने रहेंगे। इसके अलावा प्रकाश मीरचंदानी, रमेशलाल आसवानी, ईश्वरदास हिमथानी एवं वासुदेव वाधवानी भी पूर्व की तरह संरक्षक होंगे। सिंगापुर सिंधु भवन में हुए सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत के मलेशिया सिंगापुर पारिवारिक टूर के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी अब सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के संयोजक होंगे।

### आनंद राजेश को अर्जुन नगर वार्ड प्रभारी बनाया

**भोपाल।** गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष चंदन भारती एवं युवा अध्यक्ष छोटेलाल गिरी ने आनंद राजेश गिरी को अर्जुन नगर 1250 वार्ड नंबर 46 का गोस्वामी समाज वार्ड प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर गोस्वामी समाज के राहुल गिरी, आदित्या गिरी आदि युवाओं ने बधाई दी।

### व्यापार जिला मीडिया प्रभारी चावला का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार संघ एवं व्यापार जिला मीडिया प्रभारी नीरज चावला का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन पर अशोक मित्तल, अशोक सेठी, पंकज कोठारी, श्याम मालवीय, बहावलपुरी समाज अध्यक्ष बल्लू अरोरा, किराना संघ अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, सोनू कामरा, विजय जैन, राजू भाई पटेल, प्रदीप अरोरा, अशोक जायसवाल, आशीष दीक्षित, मनोज चौरसिया, अमित राय, विवेक मित्तल आदि ने बधाई दी।

### एम्सः स्व. कोकिला सी को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** एम्स भोपाल ने अपने समर्पित स्टाफ सहायक नर्सिंग अधीक्षक स्वर्गीय कोकिला सी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था ने उनके अस्पताल में किए गए अथक योगदान को स्मरण किया और उनके सेवा भाव को नमन किया। स्वर्गीय कोकिला सी ने एम्स भोपाल में ट्रॉमा और आपातकालीन सेवाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2749 | | |
| दिनः | 267 | 51 | 137 |
| रातः | 679 | 22 | 156 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 136 | 09 | 270 |
| रातः | 124 | 75 | 357 |

आरोपी ग्रामीणों को फ्री सिम देने का देते थे लालच

# एक ही व्यक्ति के नाम कई सिम कर लेते थे एक्टिवेट, फिर बेचते थे ठगों को


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साइबर पुलिस ने आपरेशन फास्ट के तहत फर्जी सिम रैकेट मामले में सोमवार तक 44 आरोपियों की गिरफ्तारी का खुलासा किया था। शुक्रवार को 7 और आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ गए। कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 51 पहुंच चुकी है। पुलिस अफसरों का कहना है कि अभी इस मामले बड़ी संख्या में गिरफ्तारी होनी है।

पकड़े गए पीओएस एजेंट से पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। वो लोग अधिकांश ग्रामीण लोगों को टार्गेट करते थे, उनको फ्री सिम देने का लालच देते थे, इसके बाद बायोमेट्रिक डिवाइस का इस्तेमाल कर एक ही व्यक्ति के नाम से कई सिम एक्टिवेट कर देते थे। इस तरह की फर्जी एक्टिवेट सिम दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के साइबर ठगों को सप्लाई कर देते थे।

इसके बाद वहां के जालसाल इन फर्जी सिमों को कंबोडिया और थाइलैंड में बैठ ऑनलाइन ठग गिरोह तक पहुंचा देते थे। पुलिस ने पूर्व में पकड़े गए 44 आरोपियों को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। शुक्रवार को पकड़े गए 7 आरोपियों से पूछताछ जारी है।

**साइबर पुलिस का ऑपरेशन फास्ट : पहले 44, फिर 7 आरोपियों को और पकड़ा, 17 फर्जी सिम 5 मोबाइल सहित 2 थंब इंप्रेशन मशीन जब्त**



**साइबर फ्रॉड के लिहाज से 5 जिले हॉट स्पाट**

साइबर पुलिस के ऑपरेशन फास्ट में प्रदेश के पांच जिले सीधी, छतरपुर, दतिया डिंडोर और शिवपुरी हॉट स्पॉट के रूप में सामने आए हैं। इसके अलावा अन्य पांच जिले ग्वालियर, इंदौर, मुरैना, दमोह और जबलपुर भी चिन्हित किए गए हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि साइबर पुलिस के लिए ठगों तक पहुंचना बड़ी चुनौती है क्योंकि 7500 फर्जी सिमों का खुलासा हुआ है, लेकिन इसमें पुलिस को केवल 17 फर्जी सिमों को ही जब्त करने में सफलता मिली है।

**फर्जी सिम के जरिए इंस्टाग्राम पर पेज बनाकर भी ठगी**

पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि फर्जी सिम के द्वारा एक्टिवेट नंबर के जरिए जालसाज इंस्टाग्राम पर किसी भी नाम से पेज बना लेते थे। इसके बाद ज्वेलरी और कपड़ों को बेचने का झांसा देते थे। जाल में फंसने वाले लोगों से ऑनलाइन पेमेंट भी ले लेते थे, लेकिन उनको डिलीवरी नहीं देते थे। ऐसे कितने लोग हैं जो इस तरह से ठगी का शिकार हुए हैं, पुलिस इसकी तस्दीक कर रही है।

**फर्जी सिम से म्यूल बैंक अकाउंट भी खुलवा लेते थे**

कई पीओएस एजेंट से पूछताछ में यह भी बताया कि वो साइबर फ्राड को फर्जी सिम उपलब्ध कराते थे। इसके बाद साइबर फ्राड फर्जी सिम के जरिए म्यूल बैंक अकाउंट खुलवा लेते थे। इसके बाद साइबर फ्रॉड में धड़ल्ले से इन अकाउंटस का इस्तेमाल करते थे।

**रात में परिवार के साथ खाया खाना, सुबह फांसी के फंदे पर मिली लाश**

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बंगाली कॉलोनी पंचशील नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार रात वह परिवार के साथ खाना खाकर सोया था। शुक्रवार सुबह उसकी बेटी ने फांसी के फंदे पर उसे लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मुकेश धनोरे पिता स्वर्गीय किशोरी लाल धनोरे (31) मकान नंबर 1017, बंगाली कॉलोनी, पंचशील नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह दुकान पर काम करने जाता था। गुरुवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया और अंदर कमरे में जाकर सो गया। शुक्रवार सुबह मासूम बेटी की नींद खुली तो उसने पिता को फांसी फंदे पर लटके देख शोर मचाया था। परिजन की नींद खुली तो मुकेश धनोरे की मौत हो चुकी थी। मुकेश के बड़े भाई हीरालाल धनोरे की सूचना पर मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

*जमीन की फरियाद लेकर कमिश्नर ऑफिस पहुंचे थे बुजुर्ग*

# संभागयुक्त कार्यालय के वेटिंग रूम में आग लगाने वाले बुजुर्ग को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संभागायुक्त कार्यालय में गुरुवार को वेटिंग रूम में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने वाले आरोपी रामसिंह अहिरवार (65) को कोहेफिजा पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विदिशा जिले के गंजबासौदा तहसील के सियारी गांव रहने वाला रामसिंह अपनी जमीन की फरियाद लेकर कमिश्नर ऑफिस पहुंचे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी की मां के नाम पर



2021 में मिला पट्टा निरस्त कर दिया गया था और जमीन पर रास्ता निकाल दिया गया। इसी को लेकर वह जिले में लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहा था, लेकिन समाधान नहीं होने पर वह संभागायुक्त से मिलने आए थे। उनका तीसरा नंबर था, लेकिन वह पहले मिलने की जिद कर रहे थे। जब उन्हें अपना नंबर आने के बाद मिलने का कहा गया तो वह भड़क गए। उन्होंने इलेक्ट्रिक बोर्ड में डंडा मारा और पेट्रोल छिड़ककर सोफे में आग लगा दी थी।

इस दौरान ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई और करीब डेढ़ घंटे तक बिजली गुल रही। घटना के समय संभागायुक्त संजीव सिंह भी दफ्तर में मौजूद थे।

प्लास्टिक की टंकी और कंटेनर में छिपाकर रखी थी शराब

# शराब बेचने वाली महिला गिरफ्तार 325 क्वार्टर देशी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रातीबड़ पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाली महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 325 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 32 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस से बचने महिला ने शराब किचिन और बकरी बांधने की सार में प्लास्टिक की टंकी और कंटेनर में गढ़ाकर रखी थी।

पुलिस ने महिला के खिलाफ आबकारी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुगालियाछाप में माली मोहल्ला में एक महिला अवैध शराब बेच रही है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने महिला पर नजर रखी तो वह शराब बेचते हुए नजर आई। मौके पर महिला पुलिस बल की मदद से महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

**जब्त शराब की कीमत 32 हजार रुपए बताई**

पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह शराब बेचती है और जमीन के अंदर प्लास्टिक की टंकी गढ़ाकर शराब छिपाई है। पुलिस ने महिला के घर बकरी बांधने और किचन की तलाशी ली। इस दौरान पता चला कि अंदर प्लास्टिक की टंकी गढ़ाकर उस टंकी और कंटेनर में शराब छिपाकर रखी गई थी।



## औबेदुल्लागंज की सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा, वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े के कारण प्रतिदिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं नगर परिषद झूठी बाहवाई लूटने में लगी है। औबेदुल्लागंज के मेन बाजार हो या महावीर कॉलोनी या फिर गुरुद्वारे के सामने सहित अन्य सड़कों पर हर जगह मवेशियों ने अपना डेरा जमा रखा है। मवेशियों के कारण बंटी जोशी, राजेश सैनी, दिनेश दांडगे, कमलेश मेघानी सहित अन्य दुकानदार परेशान हैं। वहीं रात में गुरुद्वारे के सामने रोड पर आवारा मवेशियों के बैठने से बड़ा हादसा होने की संभावना रहती है।

## सशक्त नारी से सशक्त समाज की राह पर एडीओपी शीला सुराना

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र में तमाम राजनीतिक घटनाक्रम के बीच एडीओपी शीला सुराना समाज एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय एवं सामंजस्य पैदा करने की पूरी कोशिश में लगी हैं। एसडीओपी द्वारा जैसे कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी में भारी भरकम पैकेज ठुकराकर सिविल सेवा चुना उस अनुरूप वह कार्य करतीं भी दिखती हैं। विकासखण्ड में महिला अपराध हो या फिर अन्य अपराधों पर नियंत्रण भरपुर साहस के साथ मैदान में दिखती हैं। क्षेत्र में कई ऐसे राजनीतिक घटनाक्रम भी हुए जिसे एसडीओपी ने बड़ी ही सूझबूझ से निपटाने का प्रयास किया। मंडीदीप में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आपने जो साहस दिखाया वह काबिले तारीफ है। पशुओं की तस्करी पर नियंत्रण हो या फिर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस ऑपरेशन अभिमन्यु अभियान इसमें आपकी सामुदाय के साथ सहभागिता में पहल सराहनीय मानी जा सकती है। मंडीदीप में नशे के खिलाफ जो आपका अभियान चलाया गया उस कार्य की भी जनता सराहना करती है।



*एक महीने बाद दर्ज कराई शिकायत*

## मंडी बोर्ड डायरेक्टर के शा. वाहन से पर्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बयपास पर गैस एजेंसी के पास अज्ञात बदमाश मंडी बोर्ड की डायरेक्टर के शासकीय वाहन से अज्ञात बदमाश ने पर्स चुरा लिया। पर्स में नगदी सहित मंगलसूत्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। घटना एक महीने पहले 4 अगस्त की बताई जा रही है। उन्होंने एक महीने तक अपने स्तर पर पर्स को तलाश करने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिवाजी नगर निवासी सविता पति अंतिम कुमार (43) मंडी बोर्ड में डायरेक्टर हैं। गत 4 अगस्त को वह शासकीय वाहन से विदिशा गई थी। विदिशा से मीटिंग करने के बाद शाम को वह भोपाल लौट रही थी। अयोध्या बायपास पर उन्होंने गाड़ी रुकवाई और वह सड़क किनारे खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत करने लगी।

इसी दौरान उनका ड्राइवर लघुशंका करने के लिए चला गया। ड्राइवर और संचालक सविता वाहन के पहुंचे तो गेट खुला मिला। अंदर रखा पर्स नहीं था। पर्स में कुछ नगदी और मंगलसूत्र सहित महत्वर्पूण दस्तावेज रखे थे। बदमाश मय पर्स के सामान चुराकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में लग गई है।

## कलियासोत डैम में मिली युवक की लाश

**भोपाल।** चूनाभट्टी स्थित कलियासोत डैम में कमला नगर से लापता युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। उसने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार श्रीराम लोधी पिता माखनलाल लोधी (31) कोटरा सुल्तानाबाद कमला नगर में रहता था और मजदूरी करता था। गत 9 सितंबर की सुबह वह काम पर गया था। इसके बाद से ही घर नहीं लौटा।

परिजन ने रात तक उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। लिहाजा परिजन थाने पहुंचे और श्रीराम की गुमशुदगी दर्ज कराई। गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि किसी युवक की लाश कलियासोत डैम में पड़ी हुई है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश बाहर निकलवाई। मृतक की तलाशी लेने पर जेब में आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त कर ली गई।

**संत हिरदाराम की 119वीं जयंती पर निबंध-भाषण प्रतियोगिता**

# संत हिरदाराम जैसे संत बिरले, उनका संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और समाज के उत्थान को समर्पित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

बैरागढ़ स्थित संत हिरदाराम सभागार में शुक्रवार को जीव सेवा संस्थान एवं शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में संत हिरदाराम साहिब जी की 119वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंतर-विद्यालयीन निबंध लेखन एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता के अंतिम चरण का आयोजन किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संत नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से चयनित प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंग्रेजी वर्ग की कक्षा 6 से 8 तक के नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की गरिमा लालवानी प्रथम रहीं।



इसी श्रेणी में केवल चैनराय पब्लिक स्कूल के तन्मय कलावत द्वितीय, लक्ष्मीदेवी विक्योमल श्रॉफ हायर सेकंडरी स्कूल की खुशी सोडे तृतीय, साधु वासवानी स्कूल के जतिन रीझवानी चतुर्थ तथा चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल की खैरुल जाजा पंचम स्थान पर रहीं। कक्षा 9 से 12 तक में चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल की सहज बघेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशनचंद टी. शाहानी हायर सेकंडरी स्कूल के रोहित टोटलानी द्वितीय, आनंदराम टी. शाहानी गर्ल्स हाई स्कूल की मधुरी मधेसिया तृतीय, मुकिता इंटरनेशनल स्कूल की ऋद्धि लालवानी चतुर्थ तथा नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की मान्या मोरंदानी पंचम स्थान पर रहीं।

समारोह की अध्यक्षता सिद्ध भाऊ ने करते हुए कहा कि संत हिरदाराम साहिब जैसे संत बिरले ही होते हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, सेवा और समाज के उत्थान को समर्पित रहा। हिंदी भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. रेनू रावत, डॉ. विजया सरकार एवं डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा शामिल थे, जबकि अंग्रेजी प्रतियोगिता का मूल्यांकन रविंद्र कौर एवं सीमा दुबे ने किया।

भाजपा मंडल नजीराबाद की कामकाजी बैठक का आयोजन

## सेवा पखवाड़ा अभियान के विषय पर वक्ताओं ने दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

भाजपा भोपाल जिला ग्रामीण अंतर्गत भाजपा मंडल नजीराबाद की कामकाजी बैठक का आयोजन शुक्रवार को नजीराबाद स्थित हनुमान मढ़ी पर किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेश शर्मा का मार्गदर्शन भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। बैठक में भाजपा के आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा अभियान के विषय पर वक्ताओं द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नरेश शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर ने बताया कि यह सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इसके तहत जिला, विधानसभा, मंडल, ब्लॉक, बूथ, स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, प्रबुद्ध संवाद, नमो मैराथन, नमो वन नमो पार्क, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में इन



कार्यक्रमों को सफल बनाने के उद्देश्य से मंडल अध्यक्ष रामबाबू गुर्जर द्वारा मंडल अंतर्गत आने वाले शक्ति केंद्रों के पालक, प्रभारी एवं सह प्रभारीयों की घोषणा की गई। बैठक के अंत में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष नरेश शर्मा के प्रथम नगर आगमन पर समस्त मंडल पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला, साफा और श्रीफल भेंअ कर भव्य स्वागत किया। बैठक में क्षेत्रीय भाजपा वरिष्ठ नेता, पूर्व मंडल अध्यक्षगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# व्हील चेयर पर दिखाईं योगासन की विभिन्न मुश्किल मुद्राएं, दी शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति

## 'मिरेकल ऑन व्हील्स' की प्रस्तुति देख दर्शकों ने दबाई दांतों तले अंगुलियां






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीमाएं केवल सोच की होती है, अगर मन में जज्बा और कुछ करने का दृढ़ संकल्प हो तो नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है... कुछ ऐसा ही जोश और जज्बा दिखाया 'मिरेकल ऑन व्हील्स' के परफार्मर ने, दिव्यांगजनों की इस प्रस्तुति व्हील चेयर पर न केवल योगासन मुद्राओं को प्रस्तुत करती प्रस्तुति दी, बल्कि उनके द्वारा दी गई नाटक और शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस परफार्मेंस ने साबित कर दिया कि दिल में जोश हो तो डिसेबिलिटी भी आपके पैरों में बेड़ियां नहीं डालती। 'मिरेकल ऑन व्हील्स' की यह परफार्मेंस देखने को मिली शुक्रवार को मैनिट सभागार में आयोजित तूर्यनाद महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। व्हील चेयर पर इन दिव्यांगजनों ने पहली प्रस्तुति विभिन्न योगासन मुद्राओं की दी, जिसमें इन्होंने सूर्य नमस्कार, चक्रासन और उर्ध्वधनुरासन को दिखाया। इसके बाद शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति भरतनाट्यम शैली में शिव तांडव की प्रस्तुति खास रही तो वहीं हनुमान जी द्वारा संजीवनी लाने की लीला को नृत्य नाटिका के रूप में दर्शाया।

### 'शिवाय द बैंड' ने सुरमयी शाम को बनाया ओर भी सुहाना

रोमांच और दिल को छूने वाली इस प्रस्तुति के बाद मंच पर संगीत की महफिल सजी, जिसमें 'शिवाय द बैंड' की सुरमयी प्रस्तुति ने तूर्यनाद की सुहानी शाम को ओर भी सुहाना बना दिया। गीत संगीत और नृत्य से सजी इस अविस्मरणीय संध्या पर इन परफार्मर ने सांसों की माला से... गीत से अपनी शुरुआत की। इसके बाद तेरी दीवानी, तेरी दीवानी... और मेरा नाम तू.... जैसे सूफियाना अंदाज से संगीत महफिल को ओर भी खुशनुमा बना दिया। जहां एक ओर मंच पर बैंड परफार्मेंस खास रही तो वहीं दूसरी ओर दर्शक दीर्घा में बैठे झूमते लोगों को देख समा और भी सुहाना हो गया। इसकी अगली कड़ी में आर्टिस्ट ने मेरा पिया घर आया..., मितवा...., आओगे जब तुम ओ साजना...., अलबेला सजन...,तुम हो तो... जैसे कर्णप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर संगीत की इस सुरमयी शाम को और भी सुहाना बना दिया।





# भरतनाट्यम की मुद्राओं और कथक की थिरकनों ने रचा कला का उत्सव

## भरतनाट्यम और कथक से सजी बादल राग समारोह की संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नृत्य की सूक्ष्मताओं, भावों और लयों के आनंद से सराबोर रही भारत भवन में आयोजित बादल राग समारोह की संध्या। जिसमें युवा प्रतिभाशाली नृत्यांगना इदिका की भरतनाट्यम प्रस्तुति ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इदिका ने भरतनाट्यम की परंपरागत मुद्राओं, भावाभिव्यक्ति और ताल के साथ नृत्य की विविध बारीकियों को बड़ी सहजता और सौंदर्य के साथ मंच पर प्रस्तुत किया। इदिका के पैरों की लय, आंखों की अभिव्यक्ति और हस्तमुद्राओं की नजाकत ने दर्शकों को मुग्ध किया। उन्होंने मधुराष्टकम में भगवान कृष्ण की लीलाओं को नृत्य के माध्यम से दर्शाया तो उनकी अगली प्रस्तुति में राग, ताल और अभिनय का अद्भुत समावेश दिखाया।



### शुद्ध कथक में शिव तांडव के साथ दर्शाया द्रौपदी चीरहरण



इसके बाद मंच संभाला प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. यास्मीन सिंह, उनकी छह साथी नृत्यांगनाओं और तीन नर्तक कलाकारों ने। जिन्होंने लाइव संगीत के साथ कथक नृत्य को विस्तार देते हुए प्रस्तुति की शुरूआत सूर्यवंदना पर आधारित हृदय स्त्रोतम से की। इसके बाद शुद्ध कथक में शिव तांडव और कथक नृत्य में द्रौपदी चीरहरण की खूबसूरत भाव और हस्त मुद्राओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। अंत में आपने रायगढ़ घराने की रचना चंद्रबंदिनी की प्रस्तुति के साथ नृत्य कला के इस क्रम को विराम दिया।



## मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में तीन दिवसीय उद्घोष समारोह का शुभारंभ

# नौ लड़कों के बीच एक लड़की ने दी कलरीपायट्टु की प्रस्तुति...आग के करतबों ने भर दिया रोमांच

## हैरत, रोमांच और मुश्किल करतबों से सजा 'उद्घोष समारोह'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलरीपायट्टु केरल की एक युद्ध कला जिसमें अधिकतर पुरुष की प्रस्तुति देते हैं। युद्ध कौशल की इस कला को जब नौ लड़कों के साथ एक लड़की ने प्रस्तुत किया तो दर्शक अचंभित रह गए, वहीं गवली-नासिक (महाराष्ट्र) द्वारा लेझिम नृत्य की प्रस्तुति में जहां एक ओर कलाकारों ने लेझिम लेकर नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं दूसरी ओर आग के साथ दिखाए जाने वाले करतबों को देख दर्शकों ने दांतों तले उंगलियां दबा ली। केरल, महाराष्ट्र, उड़सिा, झारखंड सहित देश के करीब सात राज्यों के कलाकारों द्वारा मार्शल आर्ट के अलग-अलग रुपों को जब मंच पर दर्शाया गया तो दर्शकों से खचाखच भरा जनजातीय संग्रहालय का प्रागंण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौका था पारम्परिक जनजातीय एवं लोक समाजों में शारीरिक करतब एवं युद्ध की कलाओं पर केन्द्रित तीन दिवसीय 'उद्घोष' समारोह का। जिसमें करीब 150 कलाकारों ने गायन, नृत्य और मार्शल आर्ट की प्रस्तुति से दर्शकों को हैरत और रोमांच से भर दिया।







### पिरामिड की आकृति बनाने के साथ दिखाए आग के करतब

कार्यक्रम में केरल से आए अक्षय सतीश और साथी द्वारा कलरीपायट्टु की प्रस्तुति दी। जिसमें अक्षय की बहन अंजली ने भी करतब दिखाकर खूब तालियां बटोरी। वहीं विष्णु आनंद गवली-नासिक (महाराष्ट्र) द्वारा लेझिम नृत्य की प्रस्तुति में कभी पिरामिड बनाया तो कभी आग के करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांच से भर दिया।

### उड़ीसा की युद्ध कला पड़का तो शीलू ने सुनाई आल्हा-उदल की कथा

भुवनेश्वर (उड़ीसा) से आए दुर्गा प्रसाद बारिक एवं साथी कलाकारों ने पइका नृत्य प्रस्तुति दी। जो युद्ध कौशल कला है। पाइका का उड़िया शब्द पाइका या पाइको है, जिसका अर्थ है पैदल सैनिक। वहीं प्रस्तुति को संगीत की धुनों में समाया शीलू सिंह राजपूत एवं साथी कलाकारों द्वारा जिन्होंने माड़ो की लड़ाई को गीत के रुप में सुनाया। यह लड़ाई आल्हा, उदल द्वारा अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए लड़ी थी।

### सिर पर तीन किलो का मुखौटा और पांच किलो वेशभूषा पहनकर किया 'पुरूलिया छऊ'

गुजरात से आए मीती हसमुख और साथियों द्वारा हाथों में तलवार और ढाल लेकर रास की प्रस्तुति दी। इसमें यौद्धाओं के हाथों में तलवार बहादुरी और आत्म-सम्मान का प्रतीक है। वहीं अगले क्रम में झारखंड से आए सृष्टिधर महतो एवं साथी द्वारा पुरूलिया छऊ की प्रस्तुति दी गई। सिर पर करीब तीन किलो का मुखौटा और करीब पांच किलो की रंग बिरंगी चमचमाती ड्रैस पहनकर किया जाने वाले इस छाऊ नृत्य में महाभारत और रामायण, स्थानीय लोकगीतों की अमूर्त छवि नजर आई।

## खबर संक्षेप

### कहानी संग्रह 'अमानत' का लोकार्पण आज

**भोपाल।** सुप्रसिद्ध परिचर्चा सम्राट स्व. जगदीश किंजल्क के कहानी संग्रह का लोकार्पण दुष्यंत कुमार संग्रहालय, में 13 सितंबर को सायं 4.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम अध्यक्ष, वरिष्ठ साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि-प्रसिद्ध कहानीकार मुकेश वर्मा करेंगे।

### गीतों भरी सुरमई शाम का आयोजन आज

**भोपाल।** दिशा शिक्षण एवं समाज कल्याण समिति द्वारा शनिवार 13 सितंबर की शाम 5 बजे स्टेट म्यूजियम में फिल्मी गीतों की सुरमई शाम का आयोजन किया जाएगा। फाउंडर एवं डॉयरेक्टर सरिता श्रीवास्तव एवं आयोजिका मीना श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य अतिथि बीमा लोकपाल अजय कुमार (मप्र-छग) होंगे।

### सुरश्री सुरमई संगत की स्वरांजलि कल

**भोपाल।** सुरश्री सुरमई संगत की संगीत संध्या स्वरांजलि का आयोजन 14 सित्बर को स्टेट म्यूजियम में किया जाएगा। रविवार शाम 4 बजे से अनेक गायक सुमधुर लोकप्रिय फिल्मी गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि इसमें विभिन्न क्षेत्रों से गायक, जो अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं, अपनी स्वरांजलि प्रस्तुत करेंगे। आयोजक अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रख्यात शास्त्रीय गायिका सुलेखा भट्ट कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

## चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसाइटी की नृत्य कार्यशाला

# 'कल्पना' में संगीत-नृत्य के समन्वय से समवेत रचना 'यमन' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


गांधी भवन स्थित अर्घ्य कला समिति में शुक्रवार को चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा नृत्य कार्यशाला 'कल्पना' में संगीत-नृत्य के समन्वय से समवेत रचना 'यमन' की प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में संगीत संचालन एवं गायन उस्ताद सलीम अल्लाहवाले का रहा तथा कोरियोग्राफी श्रुति कीर्ति बारिक ने की। सम्पूर्ण समन्वय कार्यक्रम यमन में मार्ग दर्शन और निर्देशन चंद्र माधव बारिक का रहा। कार्यक्रम के प्रथम चरण में राग यमन की बंदिश सखी ऐ री आली पिया बिन..... के स्थाई, अंतरे के साथ साथ छोटी-छोटी तानें ,आलाप और राग 'दुर्गा' में भजन की प्रस्तुति खास रही।



# रंग श्री लिटिल बेले में नाटक 'उनके बाद' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग श्री लिटिल बेले में शुक्रवार को नाटक उनके बाद का मंचन किया गया। हास्य से भरपूर कामतानाथ की प्रसिद्ध कहानी उनके बाद में बालेंद्र सिंह का निर्देशन रहा। नाटक में दिखाया कि मौसम में बदलाव होना अनिवार्य है ठीक उसी तरह से हर दौर के संबंधों में भी परिवर्तन होना स्वाभाविक है।



## भोपाल के विजय बोडखे की फिल्म ने जीता सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान

# फेस्ट 5 अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 69 देशों की 550 फिल्मों में से विनर बनीं 'किताबी मस्ती'

## भोपाल की स्लम में रहने वाली मुस्कान की सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि के सिनेमा स्टडीज विभाग के छात्र और युवा फिल्मकार विजय बोडखे की फिल्म 'किताबी मस्ती' ने कोलकाता में आयोजित फेस्ट 5 अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव बेस्ट फिल्म इन बिबलियोग्राफी का पुरस्कार प्राप्त किया। इस महोत्सव में 69 देशों की 550 फिल्मों में से केवल 30 फिल्मों का चयन प्रदर्शन के लिए किया गया था। फिल्म का निर्देशन विजय बोडखे ने अपने साथियों के साथ मिलकर किया। इसमें दिव्यांशी बुंदेला ने एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में योगदान दिया, जबकि हर्ष थोराट, आयुष चतुर्वेदी, दीपेश पालीवाल, प्रकाश कटारे और अंशुल यावले ने कैमरामैन के रूप में कार्य किया।






### मुस्कान ने 9 साल की उम्र में शुरू किया बाल पुस्तकालय

निर्देशक विजय बोडखे का कहना है इस फिल्म के माध्यम से मैंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि बदलाव की शुरुआत किसी भी उम्र से हो सकती है। मुस्कान की कहानी शिक्षा की शक्ति और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक उदाहरण है। यह फिल्म भोपाल की झुग्गी बस्ती में रहने वाली मुस्कान अहिरवार की सच्ची कहानी पर आधारित है। मुस्कान ने मात्र नौ वर्ष की आयु में अपने मोहल्ले में बाल पुस्तकालय शुरू किया और बच्चों को निःशुल्क पढ़ाना प्रारंभ किया। उनकी यह पहल शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनी। मुस्कान को इस कार्य के लिए नीति आयोग और मध्य प्रदेश सरकार सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हुए हैं।

## मृगयनयनी एम्पोरियम में सूट कलेक्शन उत्सव का शुभारंभ



# डिजाइन की सूक्ष्मता और रंगों की सुंदरता का मिश्रण...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीटीबी कॉम्पलेक्स स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में शुक्रवार से सूट कलेक्शन उत्सव का शुभारंभ हुआ। मप्र हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के इस उत्सव का उद्देश्य पारंपरिक बुनावट, रंग और डिजाइन की समृद्ध धरोहर को आमजन तक पहुंचाना है। यह 21 सितंबर तक चलेगा। उत्सव में उज्जैन के प्रसिद्ध ब्लॉक प्रिंट शिल्पी मो. इकबाल ने अपने डिजाइनर सूट कलेक्शन को प्रस्तुत किया। उनके कलेक्शन में चंदेरी और महेश्वरी के साथ बाग प्रिंट की आधुनिक छपाई का समावेश दिखा। प्रत्येक डिजाइन में परंपरा और आधुनिकता का ऐसा मेल प्रस्तुत किया गया, जो देखने में आकर्षक है। कारीगरों द्वारा तैयार किए गए इन ड्रेसेस में न केवल रंगों की बारीकी है, बल्कि ऐतिहासिक धरोहरों के प्रतीकों को भी सजीव रूप में उकेरा गया है।



### कला का सूक्ष्मता के साथ किया प्रयोग

एम्पोरियम के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि कलेक्शन में उकेरी गई डिजाइनों में मंदिरों, महलों और स्थापत्य शैली की झलक मिलती है। कई सूटों पर मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक पहचान को दशार्ने वाले नक्काशीदार पैटर्न और कला का सूक्ष्म प्रयोग किया गया है। यही कारण है कि यह उत्सव न केवल फैशन का, बल्कि संस्कृति और विरासत का उत्सव बन गया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की कला परंपरा और हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह उत्सव स्थानीय कारीगरों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रहा है।

## राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

# छात्र नेता से उपराष्ट्रपति तक का विलक्षण सफर रहा राधाकृष्णन का

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दिलाई 15 वें उपराष्ट्रपति को शपथ

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

**9 सितंबर को हुआ था नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव**

सरकार के कई मंत्री और माननीय कार्यक्रम में रहे शामिल



**धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुए चुनाव**

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे से मध्यावधि चुनाव हुआ था।

### महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**ओबीसी समुदाय से ताल्लुकात**

ओबीसी समुदाय कोंगु वेल्लार (गाउंडर) से आने वाले राधाकृष्णन की शादी सुमति से हुई है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। इसके पहले वे महाराष्ट्र के राज्यपाल थे।

### स्वयंसेवक के रूप में किया पदार्पण

सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में हुआ था। वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में उन्हें तमिलनाडु में भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। कोयंबटूर से 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। 2004, 2014 और 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। सांसद रहते हुए वह संसदीय स्थायी समिति (कपड़ा मंत्रालय) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा, वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच के लिए बनी विशेष संसदीय समिति के सदस्य थे।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया**

2004 में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। वे ताइवान जाने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशे के निर्यात रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी।

### असाधारण रही इस पद तक की यात्रा

राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरुआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वे तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिन में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था। वे केरल भाजपा के प्रभारी भी रहे।

## खबर संक्षेप

### कई केंद्रों पर रद्द हुई एसएससी सीजेएल

**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित एसएससी सीजेएल 2025 परीक्षा के पहले दिन कई राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं के कारण उम्मीदवारों को असुविधा हुई। दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता, बोकारो और जम्मू में परीक्षा रद्द होने के पीछे कई कारण थे।




### आप विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा

**तरनतारन।** विवाह समारोह में भाग लेने आई अनुसूचित जाति से संबंधित परिवार की लड़की हरबिंदर कौर उसमां के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला 12 वर्ष से अदालत में सुनवाई के अधीन था। अब एडिशनल सेशन जज तरनतारन प्रेम कुमार की अदालत ने विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा सुनाई है।



### एक्टर नारायण, परिवार के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक और अभिनेता एस नारायण और उनके परिवार के खिलाफ उनकी बहू ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। बहू ने कहा कि मुझसे फिर पैसे मांगे और मैंने 10 लाख का प्रोफेशनल लोन ले लिया। उन्होंने कुछ ही पैसे चुकाए और काम बंद कर दिया।



### जुलूस में घुसा ट्रक, 8 की मौत, 20 घायल

**हासन।** कर्नाटक के हासन जिले में शुक्रवार रात गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक ट्रक श्रद्धालुओं की भीड़ में घुस गया। जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना होसहल्ली गांव में रात करीब 8:45 बजे गणेश चतुर्थी के अंतिम दिन हुई।




## पीएम मोदी की मां पर बिहार कांग्रेस के एआई वीडियो पर भाजपा भड़की

# महिला और मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बनी, गांधीवादी से गालीवादी बनी

### प्रधानमंत्री की दिवंगत मां पर टिप्पणी करना विपक्ष का गिरता स्तर बता रहा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल में ही बिहार कांग्रेस द्वारा उनकी मांग पर जारी किए गए एक एआई वीडियो पर राजनीतिक बवाल मच गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर पीएम मोदी की मां का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महिला और मातृशक्ति का अपमान, अब कांग्रेस की पहचान बन गई है। कांग्रेस अब गांधीवादी की जगह गालीवादी बन गई है। बिहार में विपक्ष के वोट अधिकार यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देने के विवादों के बीच कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक एआई जेनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर भाजपा आगबबूला हो उठी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत मां को निशाना बनाने के कांग्रेस के नए प्रयास की न सिर्फ आलोचना की है बल्कि उस पर सारी हदें पार कर जाने के आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस राजनीतिक बहस का स्तर गिरा रही है।

बिहार में वोट यात्रा के दौरान भरे मंच से ऐसा अपमान किया गया



### पछतावे के बजाए बयान को सही ठहराने में जुटी कांग्रेस

इस वीडियो पर भाजपा भड़क गई है और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाने की घृणित और कुत्सित कोशिश करार दिया है जो अब जीवित नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पछतावे की बजाय प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपनी पिछली कथित टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां को गाली देने के लिए पश्चाताप से कोसों दूर, कांग्रेस ने न केवल उसे सही ठहराया, बल्कि झूठ के साथ आरोपी का बचाव भी किया। कांग्रेस ने एक घृणित वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दी हैं। मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है।

**पूनावाला बोले- सारी हदें पार की**

### कांग्रेस झूठ बोलकर कर रही बचाव



बिहार कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां पर जारी किए गए एआई वीडियो पर भाजपा नेता शहनाज पूनावाला ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीएम की मां को गाली देने का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ झूठ बोलकर आरोपी का बचाव किया, बल्कि तारिक अनवर का भी बचाव किया है। अब बिहार कांग्रेस ने एक घिनौने वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं है। यह पार्टी गांधीवादी की बजाय गालीवादी हो गई है। पूनावाला ने कहा कि महिला और मातृ शक्ति का अपमान करना कांग्रेस की पहचान बन गई है।

### कैप्शन में लिखा- 'साहब के सपनों में आई मां...'

बिहार कांग्रेस ने 10 सितंबर को एक एआई वीडियो जारी किया है, जिसमें पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार दिखाया गया है। इसमें पीएम मोदी की मां उनसे बात करती दिखाई दे रही हैं। इस एआई वीडियो में नोटबंदी, बिहार में राजनीति समेत कई मुद्दों पर बात की गई है। जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, 'साहब के सपनों में आई मां...'।

### हार के डर से मानसिक संतुलन खोयाः राजीव रंजन

इस तरह के वीडियो पर जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब हार पक्की हो तो राजनीतिक दलों के लिए अपना मानसिक संतुलन बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। इस बार का ट्वीट इनकी हताशा और बौखलाहट को जाहिर करता है। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माताजी को पहले इनके मंच से गालियां दी गईं और फिर इनकी इस वीडियो के माध्यम से उनका घोर अपमान किया गया है। कांग्रेस के लिए आने वाला समय बहुत मुश्किल होने वाला है।



### पीएम मोदी ने बताया था महिलाओं का अपमान, पीड़ादायी

दरभंगा के मंच से एक शख्स ने पीएम मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे थे, तब से यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पीएम मोदी भी जापान-चीन की यात्रा से लौटने के बाद अपनी मां को गाली देने के मुद्दे को महिलाओं का मुद्दा बनाते हुए कहा था कि मां हमारा संसार होती हैं। मां आत्म सम्मान होती हैं। उन्होंने कहा था कि मेरी मां ने मेरी परवरिश बहुत कठिनाई से की। आज अपनी बात कहते हुए यहां बैठी माताओं की आंखों में आंसू देख कर मुझे बहुत पीड़ा हो रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई से मांगा जवाब

# पार्टियों के रजिस्ट्रेशन नियम बना काले धन पर रोक लगाएं



एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि राजनीति में भ्रष्टाचार और काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय को सुनने के बाद आदेश दिया कि चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी पक्षकार बनाया जाए। याचिका में केंद्र सरकार से भी आग्रह किया गया है कि वह न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया समिति द्वारा तैयार किए गए बिल की समीक्षा करे और राजनीति में भ्रष्टाचार, जातिवाद, सा सांप्रदायिकता, अपराधीकरण, भाषावाद और क्षेत्रवाद को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। विधि आयोग विकसित देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन पर एक रिपोर्ट तैयार करे।

### 90 फीसदी दल ले रहे सियासी चंदा

याचिकाकर्ता का दावा है कि 90 फीसदी राजनीतिक दल इसी उद्देश्य से बनाए जाते हैं और वे नकद चंदा लेते हैं, जिसे कमीशन काटकर सफेद धन के रूप में वापस कर देते हैं। इससे जनता को भारी नुकसान होता है। ऐसे दल कभी चुनाव नहीं लड़ते, बल्कि अपराधियों को पदाधिकारी बना देते हैं और कुछ को पुलिस सुरक्षा भी मिल जाती है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि लगभग हर संगठन या गतिविधि किसी न किसी कानून से नियंत्रित है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई नियंत्रण नहीं है। जबकि दलों के पास संवैधानिक और वैधानिक दर्जा है।

### चुनावी फंडिंग पर पारदर्शिता हो


याचिका में मुख्य रूप से दो मुद्दों पर जोर दिया गया है। पहला,आंतरिक लोकतंत्र और दूसरा, राजनीतिक दलों और चुनावों में फंडिंग की पारदर्शिता व जवाबदेही। आयकर विभाग द्वारा कुछ राजनीतिक दलोंइंडियन सोशल पार्टी, युवा भारत आत्मनिर्भर दल और नेशनल सर्व समाज पार्टी के कार्यालयों पर छापे के बाद यह मामला उठा, जहां हवाला लेन-देन के जरिए काले धन को कमीशन लेकर सफेद धन में बदलने का खुलासा हुआ। याचिकाकर्ता ने यह भी रेखांकित किया कि राजनीतिक दलों को परोक्ष रूप से केंद्र और राज्य सरकारों से सहायता मिलती है।

## उत्तराखंड में पर्यटन के लिए पहल

# केंद्र-एडीबी ने 126 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर किए साइन

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

सतत पर्यटन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक ने 10 सितंबर को 126.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया। यह निधि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में 'सस्टेनेबल, इन्क्लूसिव एंड क्लाइमेट-रेज़िलिएंट टूरिज्म डेवलपमेंट एट टिहरी लेक एरिया प्रोजेक्ट' को सहयोग प्रदान करेगी। सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने साइन किए।



### टिहरी गढ़वाल पर फोकस

टिहरी गढ़वाल जिले का टिहरी झील क्षेत्र, जहां आर्थिक अविकास और जलवायु जोखिम अधिक है को प्राथमिकता वाले विकास क्षेत्र के रूप में चुना गया है। इसका उद्देश्य टिहरी को एक सालभर पर्यटन योग्य स्थल बनाना है, आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु अनुकूलता सुनिश्चित करना है।

## कोठारी ने पूरी की नॉर्थ पोल मैराथन

# वे पहले भारतीय बने, दिल्ली की सीएम रेखा ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

कोलकाता में जन्मे उद्यमी और अन्वेषक राम गोपाल कोठारी को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। कोठारी ने हाल ही में भौगोलिक नॉर्थ पोल (90 डिग्री नार्थ) पर फुल मैराथन पूरा कर इतिहास रचा है। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं। यह उनका पहला फुल मैराथन भी था। कोठारी ने कहा कि मैं सिर्फ बर्फ़ पर नहीं दौड़ रहा था, मैं विश्वास और वादे पर दौड़ रहा था और पूरा भी किया।



### 13 जुलाई को नॉर्थ पोल मैराथन जीती

यह दौड़ बहते बर्फीले समुद्र (आर्कटिक ओशन) की परतों पर आयोजित होती है। तापमान माइनस 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, तेज हवाएं चलीं। जूते बर्फीले पानी से भर गए। 9 बार मांसपेशियों में खिंचाव आया, पैर की अंगुली चोटिल हुई। 13 जुलाई को दौड़ पूरी की।

## यह नीति 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी


# मध्य प्रदेश, राजस्थान व यूपी में अफीम पोस्त की खेती के लिए लाइसेंसिंग नीति घोषित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी।

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अनुसार नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1 लाख 21 हजार किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है ।

**इन तीन राज्यों में पिछले फसल वर्ष की तुलना में अतिरिक्त 15,000 अतिरिक्त किसानों को शामिल किया गया**



### वार्षिक लाइसेंस नीति की मुख्य विशेषताएं

मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोया उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज हासिल की है। 3.0 किलोसे 4.2 किलोप्रति हेक्टेयर के बीच मॉर्फिन उपज वालेअफीम गोंद उत्पादक अब पांच साल की लाइसेंस वैधता के साथ, पोस्ता भूसा सांद्रण (सीपीएस) विधि के तहत चीरा लगाए बिना पोस्ता भूसे की खेती करने के पात्र हैं। इसके अलावा, 1995-96 से किसानों की संख्या के कंप्यूटराइजड रिकॉर्ड (डिजिटलीकरण) से समावेशिता बढ़ी है।

## कर्नाटक में 22 सितंबर से नई जाति गणना का ऐलान

# सरकार ने पुराना सर्वे अस्वीकार किया, अब सामाजिक-आर्थिक व शैक्षिक सर्वेक्षण होगा

एजेंसी ▶▶बेंगलुरु

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की कि कर्नाटक 22 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच एक नया सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण कराएगा। 2015 में हुई जाति जनगणना को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। पिछली जनगणना के एक दशक बीत जाने के बाद समाज की वर्तमान वास्तविकताओं को समझने के लिए एक नया सर्वेक्षण आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में कई धर्म और जातियां हैं। विविधता और असमानता भी है। संविधान कहता है कि सभी समान होने चाहिए और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह सर्वेक्षण असमानताओं को दूर करने और लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने की दिशा में अहम कदम है।

**22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा सर्वे**



### सात करोड़ परिवारों की आबादी को शामिल करेंगे

कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से किए जाने वाले इस सर्वेक्षण में राज्य के लगभग सात करोड़ परिवारों की पूरी आबादी को शामिल किए जाने की उम्मीद है। प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट घरेलू पहचान पत्र (यूआईडी) स्टिकर दिया जाएगा, जिसमें अब तक 1.55 करोड़ स्टिकर लगाए जा चुके हैं। परिवारों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्थिति का विवरण एकत्र करने के लिए 60 प्रश्नों वाली एक प्रश्नावली आयोजित की जाएगी।

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने की अनूठी सार्वजनिक पहल

# इस साल 13 राज्यों के 3 करोड़ 80 लाख किसानों को एसएमएस से मिले एआई-आधारित मानसून पूर्वानुमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओएएफडब्ल्यू) किसानों के लिए एआई की शक्ति का उपयोग कर रहा है। एक अनूठी सार्वजनिक पहल के तहत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने इस वर्ष 13 राज्यों के लगभग 3 करोड़ 80 लाख किसानों को एसएमएस के माध्यम से एआई-आधारित मानसून पूर्वानुमान भेजे। यह पूर्वानुमान बारिश से चार सप्ताह पहले तक उपलब्ध थे। देश के करोड़ों किसानों की आय और आजीविका का मुख्य स्रोत खरीफ की खेती है लेकिन इसके लिए किसान वर्षा पर निर्भर हैं। मानसून के बारे में यदि किसानों को पहले से ही मौसम संबंधी पूर्व जानकारी मिल जाए तो उन्हें यह निर्णय लेने काफी मदद मिल सकती है कि कौन सी फसल, कितनी मात्रा में और कब बोनी है। एआई द्वारा संचालित मौसम पूर्वानुमान में क्रांति के कारण अब यह संभव हो सका है। मंत्रालय के अनुसार एआई-आधारित मॉडलों ने किसानों की ज़रूरतों के अनुसार विशेष रूप से पूर्वानुमान तैयार करना संभव बना दिया है, जिससे किसानों को खरीफ फसल संबंधी निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण मिला। यह अब तक एआई मौसम पूर्वानुमानों का अपनी तरह का पहला लक्षित प्रसार है, जिसने मंत्रालय को किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए एआई मौसम पूर्वानुमान लागू करने में विश्व-अग्रणी के रूप में स्थापित किया है।



### एआई क्रांति ने मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान को पूरी तरह बदला

वर्ष 2022 से, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से प्रेरित क्रांति ने मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान को पूरी तरह बदल दिया है और कई स्थितियों में अधिक सटीक पूर्वानुमान प्रदान किए हैं। इन मॉडलों को उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित किया जा सकता है और ये भारतीय मानसून जैसी जटिल घटनाओं का हफ्तों पहले पूर्वानुमान लगाने की क्षमता को और बढ़ा रहे हैं। मंत्रालय ने करोड़ों किसानों के हित के लिए इस क्रांति को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

# रक्षा सचिव राजेश सिंह बोले

# सेना के लिए रियलिटी चेक साबित हुआ ऑपरेशन सिंदूर, कई बार 'हार्ड पावर' भी दिखाना पड़ता है



*रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था औरपाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सशस्त्र सेनाओं के लिए एक तरह का रियलिटी चेक साबित हुआ।



इसने उन जगहों की ओर ध्यान दिलाया है, जहां देश अपनी रक्षा क्षमताओं में सुधार कर सकता है। रक्षा सचिव शुक्रवार को सदर्न कमांड डिफेंस टेक 2025 सेमिनार (स्ट्राइड 2025) को संबोधित कर रहे थे। रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था। बता दें, 6-7 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलना होगा

2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81% हिस्सा देश में ही किया

## ज्यादातर देश सैन्य ताकत पर ध्यान दे रहे

*रक्षा सचिव ने कहा कि आज के हालात में यह साफ है कि ज्यादातर देश फिर से रक्षा और सैन्य ताकत पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हम कहां बेहतर कर सकते हैं और भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से कैसे ढलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी 'सॉफ्ट पॉवर' के साथ-साथ 'हार्ड पॉवर' भी दिखाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर ही किया गया।*

## यूएस टैरिफ का रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत और यूएसए के बीच चल रहे व्यापार तनाव का कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। अब ये व्यापारिक तनाव भी कम हो रहे हैं और हमने उनके साथ अपनी बातचीत फिर से शुरू कर दी है। उम्मीद है कि यह सफल होगी। उस अवधि के दौरान भी हमारा रक्षा सहयोग और बातचीत जारी है।

## एक साथ आएं रक्षा से जुड़े संस्थान

*सिंह ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों की क्षमता वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा जगत, डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जैसे अनुसंधान संस्थानों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को एक साथ लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों ने बढ़ते वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार की प्रवृत्ति को रोक दिया है।*

## यूएस से वार्ता जारी

*रक्षा सचिव ने बताया कि अमेरिका के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, 2+2 वार्ताएं भी हो रही हैं। ऐसी बातचीत हाल ही में हुई हैं। आगे भी जारी रहने वाली हैं। हल्के लड़ाकू विमानों के लिए जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी दौरान यूएस ने भारतीय सेना को दो अपाचे भी दिए।*

---

## पाकिस्तान आतंकवाद पर यूएन में 4 सेकंड में दुनिया के सामने हुआ शर्मसार

पाकिस्तान ने कतर का दिया साथ

# मानवाधिकार वकील नेउर बोले- पाक 'आतंक' को बढ़ाने वाला एक और देश

*कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं*




एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

इजराइल के कतर पर किए गए हालिया हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा हो रही है। इस आपात बैठक में गुरुवार को पाकिस्तानी प्रतिनिधि को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं। वकील नुएर ने सिर्फ चार सेकंड और एक वाक्य में पाकिस्तान को विश्व मंच पर शर्मसार कर दिया।

### इजराइल का आरोप कतर 13 वर्षों से हमास के कार्यालय की मेजबानी कर रहा




**171 की मौत, 1000 घायल**

### इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 171 लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है।



▪ नेतन्याहू बोले- जो अमेरिका ने किया, वही तो कर रहे

### भारत ने भी जताई थी चिंता

वहीं, कतर पर हुई हमले को लेकर पीएम मोदी मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता जताई। भारत बंधुत्वपूर्ण देश कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों के बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान तथा तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं।

### पाक ने आरोपों को निराधार बताया

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि हम निराधार आरोप लगाने का विरोध करते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी अध्यक्ष से कहा कि कोई भी वक्ता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और संप्रभु सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन ना करे। इस समय नेउर के पास अपना भाषण पूरा करने के लिए चार सेकंड बचे थे। अपने भाषण के आखिर में नेउर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक और देश है।

### पाक को टोकाटाकी पड़ी भारी

नेउर ने अपने भाषण में इजराइल की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2011 में अमेरिका ने अल कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के अंदर मारा था तो तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा था कि न्याय हो गया है। इस पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने उन्हें बीच में टोका। नेउर की ओर से बिन लादेन और पाकिस्तान के जिक्र पर वह नाराज दिखे।

---

## बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली धमकी

बम निरोधक दस्ते और डॉक स्क्वॉड की ली मदद

# इमारत में होगा बम से विस्फोट तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पूरे परिसर को खाली कराया गया। चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, कड़ी जांच में कुछ भी नहीं मिला। इससे पहले पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट प्रशासन को शुक्रवार दोपहर बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे अफरा-तफरी मच गई और सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

ईमेल मिलने के बाद हाईकोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'धमकी भरा ईमेल बॉम्बे हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल पते पर आया था, जिसमें इमारत में बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी।'

### परिसर खाली करवाया

*उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी हाईकोर्ट पहुंचे और एहतियात के तौर पर सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को परिसर खाली करने को कहा गया। अधिकारी ने आगे कहा, 'मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार इमारत को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान जारी है।' उन्होंने बताया कि हाल ही में शहर के कई प्रमुख*



*प्रतिष्ठानों और स्कूलों को इसी तरह की बम धमकियां मिली हैं, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है।*

### फर्जी कॉल था : मुंबई पुलिस

*मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये एक फर्जी कॉल है, लेकिन हम किसी भी प्रकार की धमकी भरा ईमेल या कॉल आता है तो उसे गंभीरता से लेकर प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई करते हैं। हमने बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर और अंदर जांच पड़ताल किया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध अभी बरामद नहीं हुआ। लोगों से मेरी विनती है आप लोग घबराएं नहीं, चिंता मत करिए, मुंबई पुलिस हमेशा अलर्ट है और सभी के लिए मौजूद है।*

---

असम सीएम का गोगोई पर आरोप

# एसआईटी की रिपोर्ट में सामने आए कई तथ्य, कैबिनेट के समक्ष उठाएंगे मामला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा कि असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और उनके परिवार के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में गंभीर आरोप 'गहरी चिंता' का विषय हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को कैबिनेट में उठाऊंगा और अपने साथी मंत्रियों के साथ इस पर चर्चा करूंगा। उदलगुड़ी में बीटीसी चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ने यह बात कही।

शर्मा ने कहा कि वह बुधवार रात रिपोर्ट का एक हिस्सा देख चुके हैं और कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा, रिपोर्ट की सामग्री जल्द ही कानूनी प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 2 नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही मौके से 303 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुई हैं। 24 घंटे के भीतर छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को ये दूसरी बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को गरियाबंद जिले में 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। इस अभियान के दौरान सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई।



### गुलफिशा, खालिद इमाम की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। तीनों पर 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नौ लोगों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध के दौरान भड़के दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।



---

## पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे आंध्र प्रदेश से गए श्रद्धालु

# तोड़फोड़ और लूटपाट की गई, कई पर्यटक घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की। पर्यटक पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे।

हमले में कई पर्यटक घायल भी हुए हैं। सभी पर्यटक आंध्र प्रदेश से थे। नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ चल रहे जेन जी के प्रदर्शन का सामना भारतीय पर्यटकों को भी करना पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने काठमांडू गए थे। श्रद्धालु यूपी नंबर से पंजीकृत बस में सवार थे। बस ड्राइवर राज ने बताया कि जब बस भारत की ओर वापस लौट रही थी तो भीड़ ने हमला कर दिया।



नेपाल में बस पर हमला

### नेपाल सेना ने की मदद, घायलों का इलाज जारी

*बस के एक कर्मचारी ने बताया कि हमलावरों ने पत्थरों से बस के सारे शीशे तोड़ दिए और सामान लूट लिया। बस क्षतिग्रस्त हालत में गुरुवार शाम को यूपी में महाराजगंज के पास सोनौली बॉर्डर पर पहुंची। हमले में सात से आठ यात्री घायल हो गए। नेपाली सेना के जवान मदद के लिए आए। घायल यात्रियों का इलाज कराया जा रहा है।*

### वॉलीबॉल टीम को सुरक्षित निकाला



नेपाल में भड़के हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत की एक वॉलीबॉल टीम को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सुरक्षित निकाल लिया है। दूतावास लगातार टीम से संपर्क में रहा और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। अधिकांश टीम के सदस्य भारत लौट चुके हैं, शेष सदस्यों के वापस आने के लिए व्यवस्था की जा रही है। वॉलीबॉल लीग की होस्ट उपासना गिल ने सोशल मीडिया के जरिये एक आपातकालीन वीडियो बनाया था।

---

## इटली में हुआ तटरक्षक बल का वैश्विक सम्मेलन

# भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का कड़ा मुकाबला करने पर दिया जोर, भूमिका बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षक बल के चौथे दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को रोम (इटली) में समापन हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो तटरक्षक सहयोग के लिए प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में इसकी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। अगले सम्मेलन की दावेदारी जताई आईसीजी के महानिदेशक ने एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया।



इटली की पीएम मेलोनी से हुई मुलाकात

### सामूहिक एजेंडे को आकार दें

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुरक्षित समुद्रों के लिए सामूहिक एजेंडे को आकार देने में आईसीजी प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। सम्मेलन समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में उन्नत तकनीकों, मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

---

## नौसेनाप्रमुख बोले, बल को लॉजिस्टिक सहयोग में और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा

# गुरुग्राम में कमीशन हुआ भारतीय नौसेना का नया बेस 'आईएनएस अरावली'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पड़ने वाले गुरुग्राम में भारतीय नौसेना को उसका नया बेस 'आईएनएस अरावली' मिल गया है। शुक्रवार को नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में इसे बल के बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल (कमीशन) किया गया। नौसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि इस बाबत आयोजित किए गए एक समारोह की शुरुआत नौसेनाप्रमुख को बल के 50 कर्मियों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ आर्नर के साथ हुई। जिसके बाद यूनिट के पहले कमांडिंग अधिकारी (सीओ) कैप्टन सचिन कुमार सिंह ने बेस के कमीशन वारंट का उच्चारण किया।

इस दौरान उन्होंने संस्कृत भाषा का भी प्रयोग किया। बेस के बैज का उद्घाटन नौसेनाप्रमुख की पत्नी श्रीमती शशि त्रिपाठी ने किया। इसके बाद नौसैन्य ध्वज को राष्ट्रीय गान के साथ बेस के ऊपर फहराया गया। समारोह में उप नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन, वाइस एडमिरल तरुण सोबती और बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



### प्रशासनिक, लॉजिस्टिक सहयोग बढ़ेगा

नौसेनाप्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि इस नए बेस की मदद से हमें मिलने वाले प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहयोग में इजाफा होगा। जिससे आवश्यकता पड़ने पर निर्बाध गति से नौसैन्य अभियानों का संचालन किया जा सकेगा। यह नया ठिकाना न केवल तकनीक का हब बनेगा। बल्कि यह हमारे प्लेटफार्म और समूचे महासागरीय क्षेत्र (आईओआर) में तमाम भागीदारों के बीच एक अहम संपर्क सूत्र का भी काम करेगा। आईएनएस अरावली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महासागर विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाता हुआ नजर आता है। जो भारत की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक भरोसेमंद और प्रमुख सुरक्षा प्रदाता की भूमिका को भी और अधिक मजबूती प्रदान करता है। एडमिरल त्रिपाठी ने नए बेस की शुरुआत को लेकर इसके कमांडिंग अधिकारी और चालक दल के अन्य सदस्यों को बधाई दी। साथ ही उनसे नौसेना के ड्यूटी, सम्मान और साहस के मूल सिद्धांतों पर हमेशा खरा उतरने का आह्वान किया।

### अरावली पर्वत श्रृंखला से लिया गया नाम

नौसेना ने कहा कि इस बेस का नाम क्षेत्र में पड़ने वाली अरावली पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। जिसकी मदद से नौसेना को सूचना और संचार केंद्रों को मदद प्रदान करने में आसानी होगी। जो बल के अहम कमांड, कंट्रोल और समुद्री क्षेत्र जागरूकता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बेस का आदर्श वाक्य 'सामुद्रिकसुरक्षायाः सहयोगं' है। जिसे आसान शब्दों में सहयोग से समुद्री सुरक्षा के रूप में समझा जा सकता है।

---

### पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल जेल की सजा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के 5 में से 4 जजों ने उन्हें देश में तख्तापलट की कोशिश का दोषी माना। इसके बाद कोर्ट ने जेयर बोल्सोनारो को जेल की सजा सुनाई। बोल्सोनारो को पांच मामलों में दोषी पाया गया है, जिनमें तख्तापलट की साजिश रचने, लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को हिंसक रूप से खत्म करने का प्रयास, एक सशस्त्र आपराधिक संगठन में भागीदारी, गंभीर क्षति पहुंचाने और सूचीबद्ध विरासत स्थलों की दुर्दशा जैसे आरोप शामिल हैं।



# महिला एशिया कप हॉकी : भारत को उठाना होगा मौकों का फायदा, सुपर-4 में आज जापान से सामना

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पिछले मैच में चीन से हार के कारण आहत भारतीय टीम को अगर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करनी है तो उसे शनिवार को जापान के खिलाफ होने वाले सुपर 4 चरण के महत्वपूर्ण मैच में मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। भारतीय टीम ने पूल चरण में जापान के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला था और उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में भी ड्रॉ की जरुरत होगी। विश्व की चौथे नंबर की टीम चीन पहले ही फाइनल में जगह बना चुका है। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। चीन के खिलाफ हुए सुपर 4 मैच से पहले भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय थी, जिसमें उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत ने कुछ मौके गंवाए, जिनमें तीन पेनल्टी कॉर्नर भी शामिल थे, जिसकी उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी।



### भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का मौका

भारत वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर है और वह चीन के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप खिताब जीतने वाली टीम अगले वर्ष 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर मेजबान चीन टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन अगर भारत के अपने अगले दो मैच में अवसरों का पूरा फायदा उठाता है तो उसके पास भी विश्व कप में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका है।

### शर्मिला देवी और ब्यूटी को करना होगा खेल में सुधार

इसके अलावा रुतुजा दादासो पिसल लालरेमसियामी, उदिता, शर्मिला देवी और ब्यूटी डुंग डुंग को भी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद अपने खेल में सुधार करना होगा। नेहा गोयल और वैष्णवी विट्ठल फाल्के भारत की मध्य पंक्ति की धुरी हैं लेकिन उन्हें अग्रिम पंक्ति के लिए अधिक मौके बनाने होंगे। कप्तान सलीमा टेटे को भी अपने खेल में सुधार करने और टीम को प्रेरित करने की जरूरत है, जिसमें अब तक कमी दिखी है।



### शानदार फॉर्म में मुमताज

भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के लिए चिंता का विषय खराब फिनिशिंग है और वह उम्मीद करेंगे कि उनके स्ट्राइकर मौकों का फायदा उठाएंगे। चीन के खिलाफ स्कोरलाइन इस बात का संकेत नहीं थी कि भारत ने गुरुवार को कैसा प्रदर्शन किया, क्योंकि उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को कड़ी टक्कर दी और मैच के अधिकांश समय तक गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा। मुमताज खान शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कुछ खूबसूरत मैदानी गोल भी किए हैं, लेकिन उन्हें नवनीत कौर जैसी खिलाड़ियों से अधिक सहयोग की उम्मीद होगी।



## खबर संक्षेप



### आईजीपीएल टूर्नामेंट के चैंपियन बने भुल्लर

**चंडीगढ़।** एशियाई टूर पर 11 खिताब के साथ सबसे सफल भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपने अनुभव और कोर्स (गोल्फ मैदान) के कुशल इस्तेमाल से दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट के पहले आयोजन के चैंपियन बने। आईजीपीएल के इस आइकन खिलाड़ी ने 70-71-70 के शानदार दौर के साथ कुल पांच अंडर का कार्ड खेल एम धर्मा को दो शॉट से पछाड़ा। भुल्लर को 1.5 करोड़ रुपए के पुरस्कार पूल से 22.50 लाख रुपए का चेक मिला। दूसरे स्थान पर रहे धर्मा ने 15 लाख रुपए जीते। संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे वीर गणपति, कार्तिक शर्मा और शौर्य बिनू को 8.7 लाख रुपए प्रत्येक मिले। धर्मा ने 70-75-68 का स्कोर किया पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के खिलाड़ी गणपति (72-72-70), कार्तिक शर्म I (73-73-68) बिनू (69-72-73) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

### ओलंपिक में पदक चूकना मेरी हार नहीं: पीटी उषा

**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूकी उड़नपरी पीटी उषा ने कहा कि इसे वह अपनी हार नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिए निर्णायक पल मानती है, जिसने यह साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है। उषा लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गई थी। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने अपने कैरियर को याद करते हुए कहा,' केरल के एक छोटे से गांव पायोली में पली एक ऐसी लड़की थी, जिसे खेलना पसंद था। उस समय कोई स्टेडियम, अच्छे जूते , वैज्ञानिक ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं होता था। मैं खुरदुरे मैदानों पर नंगे पैर भी दौड़ी हूं क्योंकि मुझे इससे खुशी मिलती थी।'



### गेंदबाजों के लिए विकेट होंगे मुश्किल : डोनाल्ड

**बेंगलुरु।** क्रिकेटर एलन डोनाल्ड ने कहा कि एसए20 ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट (सीएसए) में गहराई बढ़ा दी है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि सीएसए का यह टूर्नामेंट अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए कारगर साबित नहीं होगा, जिसमें पिचें बल्लेबाजों के बहुत ज्यादा मुफीद होंगी। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट लीग (एसए20) का चौथा चरण 26 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का टूर्नामेंट संभवतः फरवरी और मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। डोनाल्ड ने कहा, 'बल्लेबाज क्या कर सकते हैं। गेंदबाजों का प्रदर्शन कैसा रहेगा। कुछ गेंदबाजों के आंकड़े चिंताजनक संकेत है क्योंकि गेंदबाज चार ओवर में 73 रन देने लगते हैं।



## हांगकांग ओपन : आरिफ-याप को हराकर आखिरी चार में जगह बनाई

# एक घंटे चले मुकाबले में सात्विक-चिराग ने दिखाया आक्रामक खेल, मलेशिया को हराया

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की टॉप रैंकिंग बैडमिंटन जोड़ी हांगकांग ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को हराकर भारतीय जोड़ी ने आखिरी चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त इस भारतीय जोड़ी ने आरिफ और याप को तीन गेमों तक चले मुकाबले में हराया, जो एक घंटे से थोड़ा ज़्यादा समय तक चला। सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच 21-14, 20-22, 21-16 से अपने नाम कर लिया। मलेशियाई जोड़ी ने अपने दमदार आक्रमण से भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर पाए। सात्विक का खेल काफी बेहतर रहा। चिराग ने कभी-कभी सर्विस में गड़बड़ी की और बैककोर्ट में फ्लाइट का गलत आंकलन भी किया, जिससे मैच के कुछ अहम मौकों पर अंक गंवा दिए।



### दूसरे गेम में चिराग कर बैठे गलती

एक घंटे चार मिनट तक चले इस मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहले और तीसरे गेम में दबदबा बनाया। दूसरे गेम में भी उन्होंने लगभग बढ़त हासिल कर ली थी और लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया था, लेकिन चिराग की एक छोटी सर्विस ने गति बदल दी और मलेशियाई टीम ने पहले ड्यूस के बाद दो अंकों के अंतर से गेम अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल तक का सफर नहीं रहा आसान

सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा। बीते दिन इस जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया था। पिछले 12 महीनों में संघर्ष करने के बाद अब ऐसा नजर आ रहा है कि इस जोड़ी ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। उन्होंने सही समय पर अपना स्तर बढ़ाया और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर टूर्नामेंट में पदक जीता था।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल

# पाटीदार-राठौड़ के शतक से मजबूत स्थिति में सेंट्रल जोन, साउथ जोन पर बनाई बढ़त



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार (101 रन) और यश राठौड़ (नाबाद 137 रन) ने दक्षिण क्षेत्र के स्पिन गेंदबाजी के कम विकल्पों का फायदा उठाकर शतक जड़ते हुए दलीप ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र को पांच विकेट पर 384 रन बनाने में मदद की। दक्षिण क्षेत्र गुरुवार को पहली पारी में 149 रन पर सिमट गया था, जिससे मध्य क्षेत्र की बढ़त 235 रन की हो गई है। पाटीदार (115 गेंद) ने अपना 15वां और राठौड़ (188 गेंद) ने सातवां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा। स्टंप तक संसार जैन 47 रन बनाकर राठौड़ का साथ दे रहे थे। पाटीदार और राठौड़ ने चौथे विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी निभाई, जिससे मैच निश्चित रूप से दक्षिण क्षेत्र के हाथों से निकल गया है।

### सलामी बल्लेबाज मालेवार ने खेली अर्धशतकीय पारी

हालांकि इससे पहले मध्य क्षेत्र ने 93 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, जिससे टीम मुश्किल में दिख रही थी। मध्य क्षेत्र ने सुबह बिना विकेट गंवाए 50 रन से आगे खेलना शुरू किया और पहले सत्र में टीम ने 102 रन जोड़े। लेकिन टीम ने सलामी बल्लेबाज दानिश मालेवार (53), अक्षय वाडकर (22) और शुभम शर्मा (06) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह (74 रन देकर तीन विकेट) उस सत्र के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने बादलों भरे आसमान में गेंद को बार बार उछालकर बल्लेबाजों को परेशान किया। सुबह के सत्र में उन्हें मालेवार और शुभम के विकेट मिले जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने वाडकर को आउट किया।

### राठौड़ ने 132 गेंद में किया शतक पूरा

पाटीदार ने लेग स्पिनर रिकी भुई की गेंद पर बाउंड्री लगाकर मध्य क्षेत्र को दक्षिण क्षेत्र के पहली पारी के स्कोर के पार पहुंचाया। पहली पारी की बढ़त का मुख्य लक्ष्य हासिल होने के बाद पाटीदार और राठौड़ ने लंच के बाद के सत्र में 124 रन जोड़कर अपनी गति बदली। पाटीदार ने 73 गेंद में 50 रन बनाए लेकिन उनका अगला अर्धशतक 39 गेंद में पूरा हुआ। दक्षिण के लिए कामचलाऊ लेग स्पिनर रिकी भुई ने कुछ ओवर डाले।

## फिडे ग्रैंड स्विस

# निहाल ने तोड़ा मघसूदलू की जीत का क्रम, वैशाली ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| समरकंद

भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने शानदार जीत के साथ परम मघसूदलू के अजेय अभियान पर रोक लगा दी और फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। महिला वर्ग में आर. वैशाली ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछली बार की विजेता वैशाली ने चीन की गुओ क्यू को हराया और अब वह रूस की कैटरीना लैगनो से आधा अंक आगे हैं।

हालांकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश का संघर्ष जारी रहा और उन्हें लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। इस बार उन्हें तुर्की के एडिज गुरेल ने हराया। इससे वह लाइव विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर खिसक गए। मघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने से निहाल जर्मनी के ब्लूबाम के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गए। जर्मन खिलाड़ी ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को हराया। ओपन वर्ग में गत चैंपियन विदित गुजराती ने फ्रांसीसी जीएम मार्केड्रिया मौरिज्जी पर जीत के साथ वापसी की, जबकि आर प्रज्ञानंदा ने इजरायल के मैक्सिम रोडश्टाइन को हराया।



# पाक ने ओमान को 93 रन से हराया: हारिस की फिफ्टी, सईम, मुकीम और फहीम को 2-2 विकेट

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान ने ओमान को 93 रन से हराकर एशिया कप 2025 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। शुक्रवार को मौजूदा टूर्नामेंट का चौथा मुकाबला दुबई में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने मोहम्मद हारिस की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में ओमान की टीम 16.4 ओवर में सिर्फ 67 रन बना पाई और मुकाबला हार गई। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की शुरुआत झटके के साथ हुई।

उन्हें पहला झटका कप्तान जतिंदर सिंह के रूप में महज दो रन के स्कोर पर लगा। सईम अयूब ने उन्हें बोल्ड किया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। इसके बाद अयूब ने आमिर कलीम को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हम्माद मिर्जा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए, जबकि आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।



पाकिस्तान के लिए सईम अयूब, सुफियान मुकीम और फहीम अशरफ ने दो-दो विकेट झटके। वहीं, शाहीन शाह अफरीदी, अबरार अहमद और मोहम्मद नवाज को एक-एक सफलता मिली। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सईम अयूब को पहले ओवर की दूसरी गेंद पर शाह फैसल ने एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे नंबर पर आए हारिस ने साहिबजादा फरहान के साथ मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 63 गेंदों में 85 रनों की साझेदारी हुई, जिसे आमिर कलीम ने तोड़ा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज फरहान को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया।



### कुंदन और हुसैन अल्ट्रा रेस में बने विजेता

**लेह।** स्थानीय धावकों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लद्दाख की सड़कों पर हुई रेस में दबदबा बनाया, जिसमें त्सावांग कुंदन सिल्क रुट अल्ट्रा वर्ग में जबकि शब्बीर हुसैन खारदुंगला चैलेंज में विजेता बने।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1
पर्यावास भवन, भोपाल

**निविदा द्वारा चल संपत्ति की ई-नीलामी सूचना**

ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को जैसे है जहाँ है के आधार पर ऑन लाईन ई-नीलामी द्वारा विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित शाखा द्वारा वित्त पोषित वाहन खरीदने हेतु प्रस्ताव के साथ निम्न वर्णित तालिका में वर्णित बयाना जमा राशि, जो कि नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से खाता सं. **209272434** केनरा बैंक, संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो, संलग्न होना चाहिए। बैंक, किसी एक या सभी प्रस्तावों को, बिना कोई कारण बताएं, निरस्त करने का अधिकार रखता हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **29-09-2025** शाम 5.00 बजे तक हैं। विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| ऋणी का नाम | मॉडल/मेक/पंजीयन क्र./ इंजिन नं./चेसिस नं. | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **एम.पी. नगर शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0002073** | | |
| ऋणी- श्रीमती रुचि सिंह पत्नि श्री देवमणि सिंह | TATA MOTORS LTD/TATA SUMO GRANDE LX (BS-III)/2010 TAXI/ ARCTIC WHITE/ DIESEL, MP04 / TA / 1229 22LDICOR07BZYJ02961 MAT465313A9B06316 | ₹ 65000/- ₹ 6500/- ₹ 2000/- |
| **कोलार रोड शाखा : भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0002626** | | |
| ऋणी- श्री भीमराव पुंडगे पुत्र श्री साहेब राव पुंडगे | BAJAJ AUTO LTD/ AUTORIKSHAW RE 2S/ 2013 PASSENGER/ BLACK YELLOW / PETROL, MP04 / RA / 4827 24ZWDL09700 / MD2A23AZDWL10481 | ₹ 25000/- ₹ 2500/- ₹ 2000/- |
| **मण्डीदीप शाखा, मण्डीदीप खाता सं. 209272434, IFSC Code: CNRB0004594** | | |
| ऋणी- श्री अशोक राठौर | TATA MOTORS LTD/INDIGO ECS TDILXBS-III, 01.09.2016 MP 04 / TA / 8545 (PRISTINE WHITE) 475DT14JTYP34705 / MAT607341GPJ34722 | ₹ 70000/- ₹ 7000/- ₹ 2000/- |
| **बैरसिया रोड मुख्य शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0000360** | | |
| ऋणी- श्री राजेश वाल्मिकी पुत्र श्री एन.के. वाल्मिकी | BAJAJ AUTO LTD/RE COMPACT LPG 4S BS4 L5M/2018 / SALOON MP04/RA/9338 / AZYWHH30598 MD2A45AY7HWH47465 | ₹ 35000/- ₹ 3500/- ₹ 2000/- |
| **रायसेन रोड शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0005276** | | |
| ऋणी- श्री नरेन्द्र कुशवाहा | ATUL AUTO RICKSHAW MP04RA9753 / A8D1191806 MCG27P3DKE1810476 | ₹ 25000/- ₹ 2500/- ₹ 2000/- |
| ऋणी- श्री फज़ल | ATUL AUTO RICKSHAW MP04LD2408 / A8E1196849 MCG27CADKE1811167 | ₹ 45000/- ₹ 4500/- ₹ 2000/- |
| **टी.टी. नगर शाखा : भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0005443** | | |
| ऋणी- श्री ओमप्रकाश प्रजापति | TOYOTA INNOVA MP04TA2607 / 2KDU070625 MBJ11JV4007345115 | ₹ 125000/- ₹ 12500/- ₹ 2000/- |

ई-नीलामी दिनांक 30-09-2025 को दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक
ईएमडी एवं केवायसी दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 29-09-2025 शाम 5.00 बजे तक
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-1, वसूली विभाग, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 फोन नं. **8871888343** या केनरा बैंक की वेबसाइट **https://baanknet.com** या सर्विस प्रदाता की वेबसाइट पर संपर्क करें।
दिनांक- 12-09-2025, स्थान-भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# शेखावत का दमदार प्रदर्शन जारी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में

**निंगबो।** भारत के निशानेबाज भावेश शेखावत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के चौथे दिन दमदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन के पहले चरण में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। भावेश ने 97, 99 और 97 की श्रृंखला के साथ 293 का स्कोर बनाया। जर्मनी के इमानुएल म्यूलर 295 के साथ शीर्ष, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागेट 294 के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप सिंह शेखावत 288 (98, 95, 95) के साथ 24वें, जबकि मनदीप सिंह 272 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं।



# अच्छी शुरुआत के बाद मेहुली और मानिनी ने किया निराश



**निंगबो।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैंपियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोजिशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की थी।

## एमपीपीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा-2024 के अंतिम परिणाम किए जारी

# महिलाओं में टॉपर इंदौर की हर्षिता रहीं, देवरी के ऋषभ दूसरे स्थान पर आकर बने डिप्टी कलेक्टर

**इंदौर की हर्षिता साहित्य एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. विकास दवे की बेटी है, उनकी मां प्राइवेट स्कूल में है टीचर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने शुक्रवार शाम को राज्य सेवा परीक्षा-2024 के अंतिम परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षा में महिला कैटेगिरी में इंदौर की हर्षिता दवे आगे रही हैं। मेरिट में 5वें क्रम पर रही हर्षिता दवे साहित्य एकेडमी की डायरेक्टर डॉ. विकास दवे की बेटी है और वह इंदौर की ही हैं। उन्होंने बीए और एमए किया है। मां प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं। यह उनका दूसरा अटेंप्ट था। पहले में 2023 की प्री दी थी। इस बार मेंस और इंटरव्यू दोनों दिए और पांचवे पायदान पर स्थान पाया। उन्होने बताया कि टाइम मैनेजमेंट और परिवार के सहयोग के यह सफलता प्राप्त की है।

### टॉप 13 छात्र

*जारी सूची के अनुसार, देवांशु शिवहरे कुल अंक 953, ऋषव अवस्थी-945.50 अंक, अंकित 942 अंक, शुभम 913 अंक, हर्षिता दवे-893.75 अंक, रुचि जाट-891 अंक, नम्रता जैन- 890 अंक, गिरराज परिहार-859.75 अंक, स्वर्णा दिवान 833.75 अंक, विक्रमदेव सरयम-765.50 अंक, शिवानी सिरमचे-761.50 अंक, जतिन ठाकुर- 759.75 अंक हिमांशु सोनी- 716 अंक शामिल हैं।*

### ऋषभ अवस्थी देवरी सागर के रहने वाले हैं



जारी सूची में दूसरी रैंक पर आए ऋषभ अवस्थी देवरी सागर के रहने वाले हैं। ऋषभ अवस्थी ने बताया कि उन्होंने इंदौर के जीएसीसी से ही बीए और एमए किया है। कोरोना काल के दौरान देवरी से ही पीएससी की तैयारी शुरु की। यह उनकी पहली मेंस और इंटरव्यू था। इसमें वह 945.50 अंक लाकर दूसरे स्थान पर आकर डिप्टी कलेक्टर बने हैं। ऋषभ के पिता रिटायर्ड होमगार्ड प्लाटून कमांडर है और मां गृहिणी है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया है

# यह सामान्य छिपकली से 100 गुना तक ज्यादा वजनी विदेशी प्रजाति की छिपकली इगुआना का वन विहार में पर्यटकों को होने लगा दीदार



- इसके सिर के ऊपर होती है तीसरी आंख
- दो महीने तक क्वारंटाइन रखने के बाद बाड़ों में छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल स्थित राष्ट्रीय नेशनल पार्क वन विहार में विदेशी प्रजाति की छिपकली इगुआना का दीदार शुरू हो गया है। प्रदेश के किसी भी राष्ट्रीय उद्यान में पहली बार इस तरह की छिपकली देखने को मिल रही है। खास बात यह है कि यह सामान्य छिपकली से 100 गुना तक ज्यादा वजनी होती है। इसका सामान्य साइज 1.5 से 3 मीटर तक होता है। जबकि वजन 5 किलो से भी ज्यादा होता है। वहीं इसे तीसरी आंख वाली छिपकली भी कहा जाता है। दरअसल, इसके सिर के ऊपर तीसरी आंख होती है। यह तीसरी आंख हल्के शल्क के जैसी होती है।

### मैक्सिको, अमेरिका और साउथ अफ्रीका की प्रजाति

*अधिकारियों ने बताया कि इगुआना मैक्सिको, अमेरिका और साउथ अफ्रीका के कुछ हिस्सों के अलावा उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है। तस्करों से मुक्त कराने के बाद इगुआना को वन विहार में दो महीने तक क्वारंटाइन रखा गया था। इस दौरान डॉक्टर इनकी निरंतर निगरानी कर रहे थे, लेकिन अब चारों इगुआना वन विहार के अनुकूल हो गए हैं। ऐसे में उन्हें प्रदर्शनी के बाड़ों में छोड़ दिया गया है।*

### खास तरह के प्रदर्शनी वाले बाड़ों में छोड़ा गया

*वन विहार की असिस्टेंड डायरेक्टर डॉ. रुही हक ने बताया कि इंदौर एसटीएफ ने ट्रेन से एक तस्कर को पकड़ा था। जिसके पास से इगुआना और पाइथन जब्त किए गए थे। वन विहार मध्यप्रदेश का रेस्क्यू और डिटेंशन सेंटर है, इसलिए पुलिस ने अवैध तस्करी से जब्त जानवरों को भोपाल भेजा था। डॉ. रुही ने बताया कि इनको दो महीने तक क्वारंटाइन रखने के बाद खास तरह के प्रदर्शनी बाड़ों में छोड़ा गया।*

## एसडीएम ने खाली कराए मकान, बेरिकेडिंग लगाकर पुलिस तैनात

**कोर्ट ने कलेक्टर, एसडीएम को दिया नोटिस**

# लव जिहाद... फरहान, साद और साहिल के घर आज चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



घरों के आसपास इस तरह से बेरिकेडिंग की गई है।

कॉलेज छात्राओं के साथ दुष्कर्म और लव जिहाद के आरोपी फरहान, साद और साहिल के रायसेन रोड स्थित अर्जुन नगर स्थित मकान पर शनिवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है, जिसके तहत तीनों के परिवारों से मकान खाली करा लिए गए हैं। साथ ही बेरिकेडिंग कर कर पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि गोविंदपुरा तहसीलदार न्यायालय द्वारा 19 अगस्त को आदेश दिया गया था कि तीनों आरोपियों के मकान सरकारी जमीन पर बने हैं। जमीन से ये कब्जे हटाए जाएं। इसके लिए तीनों को 4 सितंबर तक का समय दिया गया था। लेकिन आरोपियों के परिजनों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। अब प्रशासन शनिवार को बुलडोजर की मदद से मकान तोड़ेगा। एसडीएम गोविंदपुरा रवीश श्रीवास्तव का कहना है कि पट्टे निरस्त होने पर तीनों आरोपियों के मकान तोड़े जाएंगे।

**तहसील कोर्ट गोविंदपुरा ने दिया था 4 सितंबर तक का समय**

### कोर्ट ने कलेक्टर, एसडीएम से मांगा जवाब

*इस मामले को लेकर फरहान के पिता रिजवान खान ने तृतीय व्यवहार न्यायाधीश हेमलता अहिरवार के यहां वाद दायर किया था, जिसको लेकर कोर्ट ने कलेक्टर और एसडीएम गोविंदपुरा को नोटिस जारी कर इस संबंध में जवाब मांगा है। जिसको लेकर शनिवार को सुबह 11 बजे जिला प्रशासन की तरफ से जवाब पेश किया जा सकता है।*

## केंद्रीय साधिकार समिति से लेना पड़ेगी अनुमति

# पच्चीस पेड़ों से ज्यादा हुए तो अब नहीं कटेंगे, हर पेड़ की होगी जियो टैगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सड़क चौड़ीकरण हो या कोई अन्य विकास परियोजना, अब पेड़ काटना आसान नहीं होगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के बाद सरकार ने नौ सदस्यीय केंद्रीय साधिकार समिति (सीईसी) का गठन किया है। अब किसी भी प्रोजेक्ट में 25 से ज्यादा पेड़ काटने से पहले इस समिति से अनुमति लेना जरूरी होगा। दरअसल, 25 से ज्यादा पेड़ काटने के लिए उच्चस्तरीय समिति से अनुमति जरूरी होगी। इसके बाद तीन सितंबर को मध्य प्रदेश शासन के उप सचिव ने समिति का गठन कर दिया। लिहाजा अब एजेंसियां विकास कार्यों में पेड़ों की अहमियत को नजरअंदाज नहीं कर पाएंगी। सबसे पहले हर पेड़ की जियो टैगिंग होगी और समिति यह देखेगी कि क्या कटाई से बचने का कोई विकल्प मौजूद है। यदि कोई दूसरा रास्ता नहीं है, तभी अनुमति मिलेगी। साथ ही, पेड़ काटने से होने वाली

# एसपीएस से आईपीएस के 5 पदों के लिए डीपीसी आयोजित 15 अफसरों के नाम पर विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की पदोन्नति के लिए शुक्रवार को विभागीय पदोन्नति समिति की बेठक आयोजित की गई थी। इस डीपीसी में 1997-98 बेच के 15 अफसरों के नाम पर विचार किया गया, जिनमें से पांच अधिकारियों के नाम आईपीएस अवार्ड के लिए फाइनल हुए। आईपीएस अवार्ड के लिए राज्य पुलिस सेवा के जिन अफसरों के नामों पर विचार किया गया उनमें विक्रांत मुराब, , सुरेन्द्र कुमार जैन, आशीष खरे, राजेश रघुवंशी ,निमिषा पांडेय, , राजेश कुमार मिश्रा, मलय जैन, अमित सक्सेना, ,मनीष पाठक सोनी , सुमन गुर्जर, संदीप मिश्रा, सब्यसाची सर्राफ और समर वर्मा शामिल है। वरिष्ठता क्रम में राज्य पुलिस सेवा के अफसर सीताराम ससत्या का पहला नाम था लेकिन विभागीय जांच लंबित होने की वजह से उनका प्रमोशन लिफफा बंद हो गया। इसके अलावा अमृत मीणा का फर्जी जाति प्रमाण पत्र का मामला चल रहा है, उनकी छानबीन समिति की रिपोर्ट नहीं आने से उनका मामला अटक गया। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन , संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य सुमन शर्मा, एसीएस शिवशेखर शुक्ला और डीजीपी कैलाश मकवाणा शामिल रहे।

# कोहेफिजा की सड़कों से हटाए सौ से ज्यादा वाहन, 5 भिक्षुकों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस और नगर निगम के अमले ने कोहेफिजा इलाके में सड़कों किनारे खड़े वाहनों को हटवाया। यहां सड़क किनारे ही कई गाड़ियां महीनों से खड़ी थी। इनमें कई कारें और टू व्हीलर्स भी शामिल थे। पुलिस ने पहुंचते ही गाड़ियों को हटाना शुरू किया। इस दौरान 100 से अधिक गाड़ियां हटाई गईं।

इधर लालघाटी चौराहे पर लंबे समय से भिक्षावृत्ति कर रहे पांच भिक्षुओं को टीम ने पकड़ा और उन्हें आश्रय गृह पर भेजा।

इस दौरान अतिक्रमण प्रभारी अधिकारी महेश गोहर, नायब तहसीलदार दिनकर चतुर्वेदी के साथ महिला एवं बाल विकास ब्लॉक अधिकारी अर्चना मिश्रा, नगर निगम के अधिकारी अवध नारायण मकोरिया, अनस आलम फारुकी, असद अली, फरहान अहम, मृदुल सिंह आदि मौजूद थे।

### चार दिन बाद शहर में शुरू होगा स्वच्छता पखवाड़ा

**भोपाल।** शहर में चार दिन बाद दो अक्टूबर तक चलाया जाने वाला स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होगा। इस पखवाड़े की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को महापौर मालती राय ने तैयारियों की समीक्षा की। महापौर ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत की जाने वाली गतिविधियों और साफ-सफाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों सहित अधिक से अधिक संख्या में आम लोगों को स्वच्छता की गतिविधियों से जोड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही आम लोगों को स्वच्छता गतिविधियों में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें।

## गाय की पीएम रिपोर्ट के लिए मांगे थे 9 हजार रुपए

# उज्जैन में रिश्वत लेते पकड़ाया पशु चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

- लोकायुक्त ने किया गिरफ्तार



उज्जैन की बड़नगर तहसील के ग्राम इंगोरिया में तैनात पशु चिकित्सक डॉ. मनमोहन सिंह पवैया को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। डॉक्टर ने एक मृत गाय की पोस्टमार्टम रिपोर्ट देने के लिए किसान से 9 हजार रुपए की मांग की थी। ग्राम दंगवाड़ा निवासी किसान अर्जुन गुर्जर ने लोकायुक्त एसपी आनंद यादव को शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनके भांजे की गाय की मृत्यु हो गई थी। बीमा क्लेम के लिए पोस्टमाट्र्म रिपोर्ट आवश्यक थी। पशु चिकित्सक ने पहले 10 हजार रुपए मांगे और फिर 9 हजार रुपए पर सहमत हुए। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई की। जैसे ही डॉक्टर ने रिश्वत की राशि ली, टीम ने उन्हें पकड़ लिया। डॉक्टर ने टीम को देखते ही पैसे अस्पताल के बरामदे की बेंच पर रख दिए। कार्रवाई में लोकायुक्त डीएसपी दिनेश चंद्र पटेल, टीआई हिना डावर समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# बैंक ऑफ इंडिया कटारा हिल्स के रूप में 92वीं शाखा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैंक ऑफ इंडिया ने अपने 92 वें शाखा का शुभारंभ कटारा हिल्स में किया। यह उद्घाटन बैंक की विस्तार यात्रा और वित्तीय समावेशन की दिशा में एक उपलब्धि है। शाखा का उद्घाटन संजय श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एमपी-सीजी, बिकास रंजन पटनायक, आंचलिक प्रबंधक भोपाल अंचल, भंवरलाल हर्ष, सहायक महाप्रबंधक एवं संगीता गुप्ता, उप आंचलिक प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रवि कुमार, मार्केटिंग हेड आरके रंजन, प्रकाश वर्मा तथा विभिन्न शाखाओं एवं अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया सदैव आधुनिक, पारदर्शी और ग्राहक-हितैषी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं जैसे स्टार होम लोन, स्टार व्हीकल लोन, एमएसएमई लोन, कृषि ऋण, डिजिटल बैंकिंग और बीमा सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।

### शैक्षिक संवाद के तहत आज प्रभावी कक्षा शिक्षण पर शिक्षक करेंगे विमर्श

*भोपाल। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अंतर्गत शिक्षकों को उनके सतत व्यवसायिक उन्नयन के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर शैक्षिक संवाद का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा 1 से 8 के सभी शिक्षकों के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले इन सत्रों में शिक्षक विभिन्न शैक्षिक विषयों पर आपसी विमर्श करते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कक्षा-1 से 5 के शिक्षक अंग्रेजी विषय की शिक्षक संदर्शिका की भूमिका' एवं कक्षा-6 से 8 के शिक्षक 'पूर्व ज्ञान एवं समूह कार्य' विषय पर चर्चा करेंगे।*







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930